राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र


# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 जब अदिति शंकर ने पिता के...



पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को ... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 16 मई 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 12 अंकः 70, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई, त्राल के जंगलों में जैश के 3 आतंकी किए ढेर

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू और कश्मीर के अवंतीपोरा के त्राल इलाके में गुरुवार सुबह पुलिस बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने जैश के तीन आतंकियों को ढेर किया है। कश्मीर पुलिस ने अपने आधिकारिक 'एक्स हैंडल पर एक पोस्ट साझा की और इस घटनाक्रम की जानकारी दी। कश्मीर पुलिस के



'एक्स पोस्ट में लिखा है कि 'अवंतीपोरा के नादेर, त्राल इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई है। पुलिस और सुरक्षा बल काम पर हैं। बता दें कि फिलहाल सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। वहीं, मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के शोपियां में हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े तीन आतंकवादी मारे गए। सूत्रों ने बताया कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े तीन में से दो आतंकवादियों की पहचान की पुष्टि हो गई है। शोपियां जिले के केलर के शुकरू वन क्षेत्र में तीन आतंकवादी मारे गए। सूत्रों के अनुसार, एक आतंकवादी की पहचान शाहिद कुट्टे के रूप में हुई है, जो मोहम्मद यूसुफ कुट्टे का बेटा है और शोपियां के चोटिपोरा हीरपोरा का निवासी है। वह एक श्रेणी ए, लश्कर का ऑपरेटिव था, जो 8 अप्रैल, 2024 को श्रीनगर के डेनिश रिसॉर्ट में गोलीबारी की घटना में शामिल था, जिसमें दो जर्मन पर्यटक और एक ड्राइवर घायल हो गए थे। वह 8 मार्च, 2023 को आतंकी संगठन में शामिल हुआ था।

### मातम में बदलीं खुशियां : शादी से लौट रही कार को ट्रक ने मारी टक्कर, 5 बारातियों की मौके पर मौत

**बलरामपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में शादी से लौट रहे 5 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा बहराइच मार्ग पर चकवा गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने अर्टिगा कार को जोरदार टक्कर मार दी। कार में



कुल 12 लोग सवार थे, जिनमें से बाकी घायल यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह हादसा उस वक्त हुआ जब गोंडा जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के मध्यनगर गांव निवासी राम सेवक के बेटे बब्बीराज की बारात, श्रावस्ती के वीरपुर भुलैया गांव से लौट रही थी। बराती देर रात अर्टिगा कार से गोंडा के लिए निकले थे, लेकिन बलरामपुर के चकवा गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। कार में मौजूद अन्य सात बराती गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें जिला मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की टीम उनकी हालत पर नजर बनाए हुए है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है, जो हादसे के बाद फरार हो गया।

### पाकिस्तान के समर्थन में युवक ने डाली पोस्ट, बरेली पुलिस ने सिखाया देशभक्ति का पाठ

**बरेली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के बरेली में एक युवक को पाकिस्तान के समर्थन में वीडियो पोस्ट करना भारी पड़ गया। बरेली पुलिस ने पाकिस्तान के समर्थन में सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामला बरेली के थाना फरीदपुर क्षेत्र के मेहतरपुर तिजासिंह का है। बताया जा रहा है कि फखरुद्दीन उर्फ डंपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पाकिस्तानी झंडे के साथ पाकिस्तान आर्मी का वीडियो शेयर किया था। इस मामले में उसकी शिकायत की गई और बरेली पुलिस ने फखरुद्दीन को गिरफ्तार करते हुए उसे देशभक्ति का पाठ भी सिखाया। फखरुद्दीन का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें वह 'पाकिस्तान मुदार्बाद और 'भारत माता की जय तथा 'हिंदुस्तान जिंदाबाद बोलता हुआ नजर आ रहा है।

# भारतीय सेना को बड़ी कामयाबी, भारत म्यांमार बॉर्डर पर 10 उग्रवादियों को किया ढ़ेर

**सेना ने कहा, अभियान के दौरान संदिग्ध कैडरों द्वारा सैनिकों पर गोलीबारी की गई, जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। गोलीबारी में 10 उग्रवादी मारे गये। बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया**

**इंफाल (आरएनएस)।** भारत-म्यांमार सीमा के पास मणिपुर के चंदेल जिले में असम राइफल्स के जवानों के साथ मुठभेड़ में दस



उग्रवादी मारे गए। यह जानकारी भारतीय सेना ने कहा कि बुधवार रात दी। भारतीय सेना की पूर्वी कमान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि खेंगजॉय तहसील के अंतर्गत न्यू समतल गांव के पास एक उग्रवादी समूह के सशस्त्र कैडरों की आवाजाही के बारे में विशेष खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए स्पीयर कोर के तहत असम राइफल्स इकाई ने बुधवार को एक अभियान शुरू किया। सेना ने कहा, अभियान के दौरान संदिग्ध कैडरों द्वारा सैनिकों पर गोलीबारी की गई, जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। गोलीबारी में 10 उग्रवादी मारे गये। बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

## लखनऊ में डबल डेकर बस में लगी आग, पांच यात्रियों की मौत, सीएम योगी ने जताया दुःख

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में पांच यात्रियों की बस में जलकर



मौत हो गई। डबल डेकर बस पटना से दिल्ली आ रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख जताते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। मामला मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के किसान पथ का है। बताया जा रहा है कि यात्रियों से भरी डबल डेकर बस पटना से दिल्ली जा रही थी, तभी लखनऊ के किसान पथ पर पहुंचते ही बस में अचानक आग लग गई। बस में कई यात्री सवार थे और धुआं भरने के बाद अफरा-तफरी मच गई।

बताया जा रहा है कि बस में सवार कई यात्री किसी तरह बस से कूद गए, लेकिन इस हादसे में पांच यात्रियों की जलकर मौत हो गई। सभी लोग कामकाज के लिए दिल्ली जा रहे थे।

वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। साथ ही, पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## धूल भरी आंधी के बाद दिल्ली में प्रदूषण चरम पर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता लगातार बिगड़ती जा रही है और हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि एयर क्वालिटी इंडेक्स 500 के पार पहुंच गया है। इसी को लेकर आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी पर जोरदार हमला बोला है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और

**आम आदमी पार्टी ने बीजेपी पर साधा निशाना**

पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने तीखा हमला किया। उन्होंने कहा, बीजेपी की चार इंजन वाली सरकार के चारों इंजन दिल्ली में धुआं छोड़ रहे हैं। यहां एक्यूआई 500 है, मतलब जहर! न धूप दिखती है, न सांस ली जाती है। आंखों में जलन और गले में खराश हो रही है।

सिसोदिया ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि न तो केंद्र सरकार और न ही दिल्ली के उपराज्यपाल के पास कोई योजना है, न जवाबदेही और न ही कोई इमरजेंसी प्लान। उन्होंने कहा, केवल भाषण और जुमले दिए जा रहे हैं, जबकि



दिल्ली वालों को अब भाषण नहीं, सांस चाहिए। जुमले नहीं, जिंदगी चाहिए।

आप की विधायक आतिशी ने भी सोशल मीडिया के जरिए बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, दिल्ली का एक्यूआई मई महीने में पहले कभी इतना नहीं बढ़ा। सीपीसीबी (केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) के आंकड़ों के अनुसार, 2022 से 2024 तक 15 मई को एक्यूआई कभी भी 243 से ऊपर नहीं गया। लेकिन आज एक्यूआई 500 पार है। क्या बीजेपी इस गंभीर स्थिति की जिम्मेदारी लेगी? दिल्ली के पर्यावरण मंत्री कहां हैं?

आम आदमी पार्टी का कहना है कि दिल्ली में प्रदूषण का यह स्तर न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि यह प्रशासनिक विफलता की ओर भी इशारा करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, एक्यूआई 500 का मतलब है कि हवा में प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक है और यह खासतौर पर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी रोगों से पीड़ित लोगों के लिए जानलेवा हो सकता है। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से आपातकालीन योजना लागू की जाए और प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए केंद्र सरकार और उपराज्यपाल कार्यालय ठोस कार्रवाई करें।

## रामगोपाल यादव ने गिना दी विंग कमांडर व्योमिका सिंह की जाति, मचा बवाल

**लखनऊ।** सपा नेता राम गोपाल यादव ने विंग कमांडर व्योमिका सिंह की जाति गिनाते हुए एक ऐसी टिप्पणी की, जिस कारण सियासी बवाल मच गया है। राम गोपाल यादव ने कहा कि उन्हें यह भी नहीं पता था कि व्योमिका सिंह कौन है या उसकी जाति क्या है, न ही उन्हें एयर मार्शल ए.के. भारती के बारे में पता था। नहीं तो वे उन्हें भी गाली देते। मैं आपको बता दूं व्योमिका सिंह हरियाणा की 'जाटव ...' हैं और एयर मार्शल ए.के. भारती पूर्णिया के यादव हैं। तीनों ही पीडीए सेगमेंट से थे। एक को गाली दी गई क्योंकि उन्हें लगा कि वह मुस्लिम है, एक को राजपूत समझकर कुछ नहीं कहा गया और दूसरे के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।



कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर राम गोपाल यादव बोल रहे थे। हालांकि, अब राम गोपाल यादव खुद मुसीबत में पड़ गए हैं। इसको लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पलटवार किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि सेना की वर्दी 'जातिवादी चश्मे' से नहीं देखी जाती है। भारतीय सेना का प्रत्येक सैनिक 'राष्ट्रधर्म' निभाता है, न कि किसी जाति या मजहब का प्रतिनिधि होता है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव द्वारा एक वीरांगना बेटी को जाति की परिधि में बांधना न केवल उनकी पार्टी की संकुचित सोच का प्रदर्शन है, बल्कि सेना के शौर्य और देश की अस्मिता का भी घोर अपमान है।

## वक्फ संशोधन अधिनियम मामले में नहीं होता पालन तो कोर्ट देखेगा, 20 मई को शीर्ष अदालत में अगली सुनवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑग्स्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने गुरुवार को वक्फ संशोधन अधिनियम मामले में सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एसजी तुषार मेहता पहले ही पिछली सुनवाई में आश्वस्त कर चुके हैं कि वक्फ एक्ट के कुछ प्रावधान लागू नहीं होंगे और इस पर अगर पालन नहीं होता तो कोर्ट देखेगा। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में 20 मई को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑग्स्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच के सामने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि हमने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। इस पर कोर्ट ने पूछा कि क्या इस केस में अभी अंतरिम राहत के लिए सुनवाई हो रही है?तुषार मेहता ने कहा कि अगर कोर्ट अंतरिम आदेश पर विचार करे, तो उसमें भी ज्यादा वक्त नहीं



लगेगा। उन्होंने कहा कि याचिकाकताओं की तरह वो भी शॉर्ट नोट्स दाखिल करेंगे। वहीं, याचिकाकताओं की ओर से कपिल सिब्बल ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हमने संक्षिप्त नोट तैयार किया है, जिसे हम एसजी तुषार मेहता से शेयर कर सकते हैं। इस पर एसजी मेहता ने कहा कि इस मामले में बड़ी संख्या में हस्तक्षेप आवेदन फाइल हुए हैं।

## भारत-पाकिस्तान सीमा से 15 किमी दूर मिला ड्रोन, बीएसएफ ने शुरू की जांच

**श्रीगंगानगर (आरएनएस)।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के 12ए-अनूपगढ़ में एक ड्रोन मिला है। यह ड्रोन भारत-पाकिस्तान सीमा से करीब 15 किलोमीटर दूर मिला है। स्थानीय लोगों ने गुरुवार सुबह 12ए-अनूपगढ़ में एक ड्रोन पड़ा देखा। इसके

**एयर मार्शल एके भारती ने बताया था कि भारत का लक्ष्य केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाना था, लेकिन अफसोस की बात है कि पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों का समर्थन करते हुए इसे अपनी लड़ाई बना लिया**

बाद उन्होंने स्थानीय पुलिस और बीएसएफ को सूचना दी। अनूपगढ़ पुलिस और बीएसएफ के जवान मौके पर पहुंच गए हैं और जांच शुरू कर दी है। भारत-पाकिस्तान सीमा से महज 15 किमी दूर इलाके में ड्रोन



ऐसे समय में मिला है, जब दोनों देशों के बीच हाल ही में युद्धविराम की घोषणा की गई थी।

बता दें कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया है। एयर मार्शल एके भारती ने बताया था कि भारत का लक्ष्य केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाना था, लेकिन अफसोस की बात है कि पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों का समर्थन करते हुए इसे अपनी लड़ाई बना लिया। उल्लेखनीय है कि 7 से 9 मई के दौरान पाकिस्तान की ओर से किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों के जवाब में भारत ने लाहौर समेत पाकिस्तान के कई एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर दिया।

साथ ही, भारत ने 9-10 मई की रात पाकिस्तान के 11 एयरफोर्स बेस पर जवाबी कार्रवाई की, जिनमें नूर खान, रफीकी, मुरिदके, सुक्कुर, सियालकोट, पसरूर, चुनीयन, सरगोधा, स्कारु, भोलारी और जैकोबाबाद शामिल हैं। यह पहला मौका था, जब किसी देश ने परमाणु क्षमता से लैस राष्ट्र के एयरफोर्स कैंपों को सफलतापूर्वक नुकसान पहुंचाया।

इन हमलों में पाकिस्तान के एफ-16 और जेएफ-17 लड़ाकू विमानों वाले बेसों को नुकसान पहुंचा, जिससे पाकिस्तानी वायुसेना का 20 प्रतिशत इंफ्रास्ट्रक्चर तबाह हो गया।

वहीं, भोलारी एयरबेस पर हुए हमले में पाकिस्तान के स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ समेत 50 से अधिक सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और कई लड़ाकू विमान नष्ट हो गए।

**फटकार** मंत्री विजय शाह ने एक जनसभा में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर एक विवादित बयान दिया था

## मंत्री होकर कैसी भाषा का इस्तेमाल करते हो, कर्नल सोफिया कुरैशी पर बोलने वाले मंत्री विजय शाह को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह को कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए विवादित बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने न केवल मंत्री विजय शाह की याचिका पर एफआईआर पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, बल्कि उन्हें सार्वजनिक जीवन में संयम बरतने की कड़ी नसीहत भी दी।

मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने स्पष्ट शब्दों में मंत्री विजय शाह को फटकार लगाते हुए कहा, आप मंत्री हैं, संवैधानिक पद पर हैं। क्या यह भाषा आपको शोभा देती है? न्यायालय ने कहा कि जब देश संवेदनशील परिस्थितियों से गुजर रहा हो, ऐसे समय में जिम्मेदारी के पद पर बैठे किसी नेता से इस तरह की बयानबाजी की उम्मीद नहीं की जा सकती। विजय शाह के वकील ने दलील दी कि मीडिया ने



उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया और उनके मुवक्किल ने सार्वजनिक रूप से माफी भी मांग ली है। इस पर कहा कि अगर ऐसा है तो पहले हाईकोर्ट में क्यों नहीं गए? कोर्ट ने कहा कि 24 घंटे में कोई असाधारण नुकसान नहीं होगा और इस मामले पर अगली सुनवाई 16 मई को होगी। तब तक एफआईआर पर कोई रोक नहीं लगाई गई है।

मंत्री विजय शाह ने एक जनसभा में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर एक विवादित बयान दिया था, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। मामला गंभीर होते देख मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। इसके बाद महू तहसील के मानपुर थाने में विजय शाह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 152, 196(1) और 197(1) के तहत एफआईआर दर्ज की गई।

### कर्नल सोफिया पर टिप्पणी मामला : हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे मंत्री विजय शाह, की ये मांग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश सरकार में जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए विवादित बयान को लेकर दर्ज की गई एफआईआर को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। बुधवार देर रात महू के मानपुर थाने में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसके खिलाफ उन्होंने अब शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर इसे रद्द करने की मांग की है। याचिका में विजय शाह ने अपने बयान पर खेद जताते हुए माफी भी मांगी है। यह मामला तब तूल पकड़ा जब कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। इस प्रकरण को लेकर मध्यप्रदेश हाई कोर्ट में भी सुनवाई होनी है। अदालत के समक्ष उस वीडियो लिंक को भी पेश किया जाएगा जिसमें विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ कथित तौर पर विवादित टिप्पणी की थी।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट के गेट पर फूंका भाजपा के मंत्री का पुतला,बर्खास्त करने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** भारतीय नेता की जाबांज कर्नल सोफिया कुरैशी पर अभद्र और अशोभनीय टिप्पणी करने वाले मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह और भाजपा के खिलाफ कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया और विजय का पुतला फूंककर राष्ट्रपति से बर्खास्त करने की मांग की है।



जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर भाजपा और मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और विजय शाह के पुतले में आग लगाई । कांग्रेसियों ने देश, सेना और नारी का अपमान करने वाले भाजपा के मंत्री को भाजपा से निष्काशित करने और मंत्रीपद से बर्खास्त करने की मांग की। कांग्रेस ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर भाजपा के मंत्री के बयान को भाजपा और आरएसएस की सोच बताया है। भाजपा नेतृत्व द्वारा अभी तक मंत्री को निष्कासित न करने पर आक्रोश व्यक्त किया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि पूरा देश भारत की सेना के जज्बे, हौसले और पराक्रम को सलाम कर रहा है और उसकी वीरगाथा गा रहा है लेकिन भाजपा के मंत्री सेना और देश का अपमान कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि भाजपा के मंत्री ने देश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी पर बहुत ही अशोभनीय टिप्पणी की है जो सभ्य समाज और राष्ट्रहित में किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं की जा सकती । उन्होंने कहा कि भाजपा के मंत्री विजय शाह का बयान न सिर्फ देश की बेटियों का अपमान है बल्कि समय में नफरत को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने राष्ट्रपति से मामले का संज्ञान लेकर भाजपा के मंत्री को बर्खास्त करने और जेल भेजने की मांग की है।

शहर अध्यक्ष रवि लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी और नरेंद्र चौधरी ने कहा कि ऐसे मंत्री जो समाज का विभाजन करें और देश की एकता, अखंडता को खंडित करे उसका पद पर बने रहना समाज और देश के लिए घातक है । पूर्व शहर अध्यक्ष डॉ एसडी शर्मा, नाफे अंसारी, मुनीर अकबर और नईम मंसूरी, युवा जिलाध्यक्ष इसराइल गहलोत ने कहा कि भाजपा के मंत्री और नेता लगातार नफरत को बढ़ावा देने वाले घिनौने बयान देते हैं। उन्होंने कहा कि विजय शाह पर देशद्रोह का मुकद्दमा चलना चाहिए।।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान, शहर अध्यक्ष रवि लोधी, नरेंद्र चौधरी, सुभाष गांधी, मुनीर अकबर, युवा जिलाध्यक्ष इसराइल गहलोत, डॉ एसडी शर्मा, नाफे अंसारी, किशन सिंह चौधरी, नईम मंसूरी, आशु कुरैशी, देव शर्मा, आरिफ कुरैशी, कैफी फैसल, धर्मेंद्र महावर, मुन्ना ठाकुर, खुशनसीब चौधरी, राहुल शर्मा, दिलासा अहमद, नरेश शर्मा आदि मौजूद रहे ।

# पहासू में इमामबाड़े की जमीन पर अवैध निर्माण पर मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** पहासू में काफी समय पुराने इमामबाड़े की जमीन पर भू माफियाओं के कब्जे को लेकर नगर पंचायत प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए नगर निवासी हयात खाँ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में कई हिन्दू संगठनों ने अवैध निर्माण को लेकर आवाज उठाई थी। पहासू कस्बे के बीचोबीच पुराने बने जर्जर हो चुके इमामबाडे को ध्वस्त कर कुछ भू माफियाओं ने वहां पर लगभग 9 दुकानों का निर्माण करा लिया है। नगर पंचायत द्वारा भूमि संबंधी अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए 5 मई तक का समय दिया था,लेकिन समय सीमा बीत जाने पर भी कोई अभिलेख नहीं किया और बिना परमिशन के अवैध निर्माण चालू रखा। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी ने पहासू निवासी हयात खां



पुत्र मस्तान खाँ के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बीएनएस की घराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से किये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने ली बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से किये जाने के सम्बन्ध में बैठक आहूत की गयी। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक (नगर), अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बुलन्दशहर इत्यादि उपस्थित रहे। बैठक में शहर के मुख्य मार्ग एवं चौराहों के सम्बन्ध में निम्न प्रकार निर्देशित किया गया। स्याना अड्डा चौराहा स्याना अड्डे चौराहे पर यातायात के समुचित आवागमन हेतु रोटरी के साइज में





अपेक्षित परिवर्तन/सुधार हेतु एवं समीपवर्ती पेट्रोल पम्प पर वाहनों के व्यवस्थित प्रवेश / निकासी हेतु पेट्रोल पम्प स्वामी को उचित निर्देश प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त स्थल पर लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रगतिरत चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य को प्राथमिकता पर तथा यातायात सुरक्षा प्राविधानों को दृष्टिगत रखते हुए कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

डी0ए0वी0 फ्लाईओवर डी0ए0वी0 फ्लाईओवर के प्रारम्भिक भाग पर दुर्घटना बाहुल्य इन्टरसेक्शन प्वाइंट पर लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु विभिन्न प्राविधान किये जा रहे है, जिसमें उक्त स्थल पर मार्ग के 200 मी लम्बाई भाग में चौड़ीकरण, रोटरी निर्माण तथा डिवाइडर को बन्द किये जाने सम्बन्धी इत्यादि कार्य सम्मिलित है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा उक्त कार्य को प्राथमिकता पर शीघ्र पूर्ण जाने हेतु निर्देशित किया गया।

भूड़ चौराहा भूड़ चौराहे से अडौली के मध्य पुराना एन०एच०-91 पर यातायात का निरंतर आवागमन विद्यमान रहता है।

# भीषण गर्मी ने बढ़ाई एसी और कूलरों की डिमांड,पहुंच रहे खरीदार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। दिन में निकल रही धूप में लोगों का पसीना निकल कर रख दिया है हाल यह है की सुबह 10: बजे के बाद धूप में एक पल भी ठहरा नहीं जा रहा है। वही रात को भी तापमान बढा है। बता दें कि नगर मैं भीषण गर्मी से एसी और कूलर पंखों की डिमांड बढी है। कूलर और पंखों की जबरदस्त खरीददारी शुरू हो गई है। गुरुवार को भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहाल कर दिया है इलेक्ट्रिस की दुकानों पर लोगों को कूलरों की खरीदारी करते देखा गया। भीषण गर्मी के चलते ऐसे में लोगों को ठंडक का एहसास करने के लिए बाजार पूरी तरह तैयार है। मैंने फीचर और सुविधाओं से युक्त एयर कंडीशनर एसी और कूलर शोरूम में सज गए हैं। इस बार एक नया एसी लॉन्च हुआ है जो टू इन वन है इसे खिड़की में भी लगाया जा सकता है और दीवार पर भी लटकाया जा सकता है। कंपनियों में ऐसे एयर कंडीशनर तैयार करने की होड़ मची है जो कम से कम बिजली खाए और





अधिक से अधिक कूलिंग करें। इसकी कीमत 27000 रुपए के आसपास है। नगर में कुछ दुकाने ऐसी भी हैं जहां ग्राहकों को किस्तों पर एक कूलर और पंख दिए जा रहे हैं।

**कूलर भी है तैयार**

इस बार बाजार में नए-नए कूलरों की भी बाहर आई हुई है। डेढ़ हजार से लेकर 15000 तक की कीमत में एक से एक बढ़कर आकर्षक कूलर है। नगर के कई शोरूम के संचालक बताते हैं कि इस बार नया आइटम हैडी कॉम पेडस कूलर आया है। जिसकी कॉलिंग तो अच्छी है ही की घास के पेट को 5 साल तक बदलने की जरूरत भी नहीं है। पेड़ में उम्दा क्वालिटी की घास लगाई गई है जो की खारे पानी को भी सहन करने की क्षमता रखती है। इसके अलावा लोहे की एंगल बॉडी लकड़ी की बॉडी प्लास्टिक बॉडी में भी बेहतरीन कूलर उपलब्ध है। वही गर्मी के चलते ठंडी पर पदार्थ की बिक्री में भी इजाफा हुआ है। वही गर्मी का असर बढ़ने के साथ ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। बीमारियों से पीड़ित मरीज सरकारी वे प्राइवेट चिकित्सकों के यहां उपचार के लिए पहुंच रहे हैं।

# बुजुर्ग को बेसहारा गौवंश ने पटका हाथ टूटा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू ।** नगर स्थित सब्जी मंडी जा रहे बुजुर्ग को बेसहारा गोवंश ने अचानक उठाकर पटक दिया। इस हमले से बुजुर्ग का हाथ टूट गया और उनके सिर व पैर में चोटें आई हैं।

पठान टोला निवासी शराफत खां बुधवार को पुलिस चौकी रोड स्थित सब्जी मंडी में सब्जी लेने के लिए जा रहा था। जब वह दुकान के पास पहुंच तो वहां शांत खड़े एक गोवंश ने उसे अचानक उठा कर जमीन पर पटक दिया। जिससे शराफत खां हवा में उछल कर सीधे नीचे गिर गया। इस हमले के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पड़ोस के लोग उन्हें तुरंत पहासू सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र ले कर पहुंचे जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इस हादसे में घायल शराफत खां का एक हाथ टूट गया और शरीर में अन्य जगहों पर भी चोटें आई हैं।अधिशाषी अधिकारी नीतू सिंह ने बताया घटना की जानकारी नहीं है जानकारी करा कर गौशाला में संरक्षित किया जाएगा।

# गेहूं माफियाओं पर प्रशासन ने शिकंजा कसा, एसडीएम की छापेमारी में गोदामो से 12 हजार बोरे गेहूं बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**शिकारपुर।** तहसील क्षेत्र में कालाबाजारी रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा गेहूं माफियाओं पर शिकंजा करते हुए गोदामो से

**शिकारपुर में गेहूं की जमाखोरी का भंडाफोड़**

12 हजार बोरे गेहूं बरामद किया गया है। प्रशासन की कार्रवाई से गेहूं माफिया में हड़कंप मच गया है।

क्षेत्र में गेहूं माफियाओं द्वारा गेहूं की कीमतो कि गत वर्ष हुई बढ़ोतरी को देखते हुए भारी मात्रा में गेहूं का स्टॉक किया गया है। गेम माफियाओं के कारण गेहूं सरकारी क्रिया केदो पर नहीं पहुंच पा रहा। वीरवार को शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव तैय्यबपुर में स्थानीय प्रशासन ने गेहूं की जमाखोरी





पकड़ी है। एसडीएम दीपक कुमार पाल के नेतृत्व में की गई छापेमारी में 12 हजार बोरे गेहूं मिले हैं। गांव तैयापुर में रोहित उर्फ छोटू, जो मुकुट लाल का पुत्र है, मंडी में लाइसेंसधारी बताया जा रहा है। उसने अपने घर के समीप ही गोदाम बनाया हुआ है।इस गोदाम में सात बड़े लंबे कमरे हैं। बनाए गए गोदाम के सभी कमरों में गेहूं बरामद किया। जांच में सामने आया कि स्टॉक लिमिट से ज्यादा गेहूं जमा किया गया था। छापेमारी में एसडीएम दीपक कुमार पाल के साथ तहसीलदार गौरव विश्नोई, नायब तहसीलदार विपिन वर्मा और मंडी संचिव अर्जुन सिंह सिरोही सहित मंडी अधिकारी मौजूद थे। प्रशासनिक टीम एक-एक बोरे को गोदाम से निकालकर गिनती कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक 12 हजार बोरों की गिनती अगले दिन तक पूरी होगी।

# दो पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** वीरवार को उद्योग व्यापार मंडल भारत का एक प्रतिनिधिमंडल शिकारपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चन्दगी राम से मिला । उद्योग व्यापार मंडल भारत के नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गर्ग ने बताया कि पानी की टंकी के पाइप डालने के लिए बाजार में खोदे गए गड्ढों के कारण पूरे दिन का जाम लगा रहता है।

अगर दो पुलिसकर्मियों की ड्यूटी बड़े बाजार में लगा दी जाए। तो जाम की समस्या कम होगी। जिस पर कोतवाली प्रभारी ने आश्वासन दिया कि वह जल्दी दो पुलिस कर्मी की ड्यूटी और भारी वाहन का प्रवेश नगर में रोकेंगे ।इस दौरान उद्योग व्यापार मंडल भारत के विधानसभा अध्यक्ष पुरुषोत्तम वार्ष्णेय,महामंत्री संजीव तोमर ,मोहित शर्मा ,दीपक मित्तल ,लखन गोयल आदि उपस्थित रहे।

# मां भगवती इंटरनेशनल स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का किया उत्सावर्धन, मिठाई खिलाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर के मेरठ-बदायूं हाईवे







स्थित मां भगवती इंटरनेशनल स्कूल में बृहस्पतिवार को छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं तथा बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले टॉपर्स को सम्मानित किया गया है। साथ ही उन्हें मिठाई खिलाते हुए बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ कोषाध्यक्ष पूर्वी सिंघल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक कपिल कुमार सिंगला, प्रधानाचार्य सतीश कुमार शर्मा तथा अभिभावकगण और शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक कपिल कुमार सिंघल ने बताया की सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी हाई स्कूल व इंटरमीडिएट रिजल्ट के परिणाम को देखकर विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर की है तथा हाई स्कूल में प्रथम स्थान पर साक्षी यादव पुत्री सुरेश कुमार ने 97 % द्वितीय स्थान पर रोमी शर्मा पुत्र हरिओम शर्मा 93.1 % व तृतीया स्थान पर अभिषेक मित्तल पुत्र अतुल कुमार मित्तल 90.4% अंक प्राप्त किए एवं इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान पर कुमारी नेहा पुत्री कृष्ण कुमार वरगोती 94 % द्वितीय स्थान पर वासु गर्ग पुत्र अंकुर कुमार गुप्ता 94% व तृतीय स्थान पर गुंजन शर्मा पुत्री विरेन्द्र शर्मा 90.8% अंक प्राप्त किये हैं। इन सभी छात्र-छात्राओं का विद्यालय परिवार ने सम्मान समारोह किया। विद्यालय के प्रबंधक ने मिठाई खिलाते हुए बधाई दी।

# अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान ने नगर की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (अब्दुल सलाम)।** नगर में चले रहे विशेष सफाई अभियान स्वच्छता पखवााडा के आखिरी दिन नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान ने नगर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण में साफ-सफाई मे कमी पर नाराजगी जताते हुए सफाई नायको को फटकार लगाते हुये आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। पालिका की अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान ने नगर की सफाई व्यवस्था पर पैनी नजर बनाई हुई है।

आज उन्होंने सैदपुर रोड, एक मीनार मस्जिद, ताज गार्डन तक मोहल्ले में स्वयं जाकर निरीक्षण किया। इससे पहले भी वह



कई स्थानों पर सफाई कर्मचारियों व आम नागरिकों को भी चेतावनी दे चुकी हैं। उन्होंने घरों में निकलने वाले कूड़े को कूड़ा गाड़ी में सूखा एवं गीला कूड़ा अलग-अलग डस्टबिन में रखने की हिदायत दी। कूड़ा गाड़ी के चालक को प्रत्येक घरों के सामने रुक कर कूड़ा उठाने का निर्देश दिया। ईओ ने कहा कि कूड़ा इधर-उधर न फेंके बल्कि कूड़ा वाहन में ही डालें। सफाई रहेगी तो बीमारी घर में प्रवेश नहीं कर सकेगी। सफाई पर विशेष ध्यान देने और पालीथिन का इस्तेमाल बंद करने को भी कहा। चेतावनी दी गई कि यदि किसी ने गंदगी फैलाने या पॉलीथिन का इस्तेमाल किया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मोके पर पालिका के लेखा लिपिक नरेश यादव, ओमवीर सिंह, आरिफ कुरैशी, सलमान चौधरी आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

**उर्स संपन्न** | **कव्वालों ने सूफियाना कलाम से समाँ बाँधा, कुल शरीफ की रस्म के साथ दो दिवसीय उर्स संपन्न**

# कभी रुलाया कभी मुस्कुरा के छोड़ दिया, निगाहे यार ने पागल बनाके छोड़ दिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** प्रसिद्ध सूफी बुजुर्ग हजरत बाबू जी सैय्यद सुलेमान अजीम शाह रहम तुल्लाह अलैह का 171 वां दो दिवसीय वार्षिक उर्स गुरुवार को कुल शरीफ की रस्म के साथ संपन्न हुआ। उर्स मुबारक के अवसर कव्वालों ने सूफियाना कलाम से समाँ बाँधा। सज्जादानशीन ने देश की एकता अखंडता और शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। उर्स के दूसरे दिन रात्रि 10 बजे से महफिले कव्वाली का भव्य आयोजन दरगाह शरीफ के प्रांगण में निकट शिव चरण स्कूल किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सज्जदानशीन अजीमुद्दीन बेग ने की तथा संचालन डॉ राही निजामी शैदा ने प्रभावपूर्ण शैली में किया। मेहमाने जी





वकार. सूफी मोहम्मद उमर अशरफी, सूफी बँटी, सूफी मुईनुद्दीन बेग. जीशान बेग, अबुजर बेग, निजामुद्दीन बेग नसीर बेग आदि रहे। उर्स के कार्यकर्मों का आयोजन अजीमउद्दीन बेग, मोहम्मद अशरफी. जीशान बेग, अबुजर बेग डॉ निजामी राही, नसीर बेग, अहसान अब्बासी, आदि के द्वारा किया गया, मेरठ से आये मशहूर कव्वाल शाहवेज एंड पार्टी ने यह कव्वाली सुनाकर वाहवाही. लूटी- कभी रुलाके कभी मुस्कुराके छोड़ दिया, निगहे यार ने पागल बनाके छोड़ दिया असोड़ा हापुड़ से पधारे प्रसिद्ध कव्वाल इरफान मकसूद निजामी और उनके साथियों ने खुद को पाया है जमाने से कनारा करके,तुम बदल देते हो किस्मत को इशारा करके शानदार कलाम सुनाकर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के अंत में सज्जदा नशीन जनाब, अजीमुद्दीन बेग ने मुल्क में अमनो अमन व भाईचारे के लिए भी खुसूसी दुआ की। गुरूवार की सुबह, 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक महफिले रंग महफिले कुल शरीफ के बाद उर्स का समापन हुआ।

# जीनियस पब्लिक स्कूल का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू ।** पहासू क्षेत्र स्थित जीनियस पब्लिक स्कूल का रिजल्ट इस वर्ष













भी शत प्रतिशत रहा है। 12वीं में तनिष्का शर्मा ने 95.6 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय टॉप किया है जबकि दसवीं में प्रियांश कुमार ने 92.2 प्रतिशत लाकर कॉलेज टॉप किया। 12वीं में हर्षिका गर्ग 93 प्रतिशत पाकर दूसरे स्थान पर रहीं वहीं,मोना सिंह 92 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहीं।दसवीं में प्रियांश कुमार व यशिका 92.2 पर प्रथम रहे जबकि 91.1 पर नमन शर्मा तथा 91.2 पर प्राची राघव दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।स्कूल प्रबंधन तथा टीचिंग स्टाफ ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# डीजे डेंटल कॉलेज में चैरिटेबल ऑर्थोडॉन्टिक ट्रीटमेंट सेंटर की हुई शुरूआत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** डीजे डेंटल कॉलेज में वर्ल्ड आथोडोन्टिक्स दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि इंडियन आथोडोन्टिक्स सोसाइटी के

### चैरिटेबल ऑर्थोडॉन्टिक ट्रीटमेंट सेंटर पूरे भारत में पहला केंद्र है

सचिव डॉ संजय लाभ द्वारा ऑर्थोडॉन्टिक्स के विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। और मुख्य अतिथि द्वारा कॉलेज में चैरिटेबल ऑथोडोंटिक ट्रीटमेंट सेंटर का शुभारंभ भी किया गया। निवाड़ी रोड़ स्थित डीजे कॉलेज ऑफ डेन्टल साईंस एण्ड रिसर्च में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन आथोडोन्टिक्स सोसाइटी के सचिव डॉ संजय






लाभ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने इस दौरान उपस्थित लोगों को ऑथोडोंटिक्स ट्रीटमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि समय रहते ऑर्थोडॉन्टिक ट्रीटमेंट करा लेना चाहिए। कार्यक्रम को डॉ शिशिर, डॉ मयंक गुप्ता (ईसी मेम्बर) आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा चैरिटेबल ऑथोडोंटिक ट्रीटमेंट सेंटर का शुभारंभ भी किया गया। कॉलेज के आथोडोन्टिक्स विभाग के अध्यक्ष डॉ वैभव मिश्रा ने चैरिटेबल ऑर्थोडॉन्टिक ट्रीटमेंट सेंटर के बारे में बताया कि इस केंद्र में टेढ़े-मेढ़े दांतों को तारों द्वारा सही करने का उपचार बेहद ही रियायती दरों में किया जाएगा। और हमारे यहां शुरू हुआ यह चैरिटेबल सेंटर पूरे भारत में पहला सेंटर है। कॉलेज की सीईओ डॉ स्मृति जस्सर एवं सीओओ रितिक जस्सर ने सभी को शुभकामनाएँ दीं। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मनु ढिल्लन ने भी सभी को संबोधित किया। इस अवसर पर अन्य विभागों के अध्यक्ष डॉ अंकुर मित्तल, डॉ गौरव मल्होत्रा, डॉ संजीत सिंह आदि के अतिरिक्त कॉलेज के अनेक दंत चिकित्सक मौजूद थे।

# बादलपुर गाँव की मेधावी छात्रा अदिति नागर को संकल्प संस्था ने किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** गत दिनों पूर्व जारी हुए सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल परीक्षा परिणाम मे 98.6 प्रतिशत अंक लाने वाली मेधावी छात्रा अदिति नागर पुत्री बॉबी नागर को संकल्प संस्था ने उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक भूपेन्द्र नागर व महासचिव अमित नागर ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर सही दिशा मे मेहनत करने से सफलता अवश्य मिलती है। अदिति सिविल सर्विसेज मे जाना चाहती है। अदिति के चाचा समाजसेवी आलोक नागर ने बताया कि अदिति ने बिना कोई कोचिंग



लिए यह उपलब्धि हासिल की है।

इस अवसर पर संकल्प संस्था के सचिव आदेश नागर, उपाध्यक्ष संदीप भड़ाना, सह-सचिव मनोज नागर, बॉबी नागर, समाजसेवी प्रवीण भारतीय आदि लोगो की उपस्थिति रही।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती हैं नव्या

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** महानगर स्थित डीपीएसजी स्कूल की हाई स्कूल की






टॉप 10 लिस्ट में तीसरे नम्बर पर रहने वाली नव्या गुप्ता सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती हैं।राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी में रहने वाली नव्या के पिता नितिन गुप्ता सर्विसमैन हैं जबकि माता रुचि गुप्ता हाउसवाइफ हैं। नव्या ने हाई स्कूल की परीक्षा में 97.2 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। नव्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और अपने गुरुजनों को दिया है। वहीं नव्या की सफलता पर सोसायटी के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। आरडब्लूए की पूर्व अध्यक्षा रश्मि चौधरी ने भी नव्या को उज्ववल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## महिला पर गोली चलाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर।** थानाक्षेत्र के गांव बसंतपुर सैंथली में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर महिला पर गोली चलाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तर कर लिया है।

पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा भी बरामद किया है। गांव बसंतपुर सैंथली निवासी अमित का पड़ोसी ओमवीर से काफी समय से विवाद चल रहा है।

आरोप है कि मंगलवार दोपहर को ओमवीर ने अपने साथियों के साथ अमित के घर में घुसकर मारपीट की और उनकी मां पर तमंचे से फायरिंग कर दी। किसी तरह वह बाल बाल बच गई। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर गुरुवार सुबह आरोपी ओमवीर निवासी गांव बसंतपुर सैंथली को गिरफ्तार कर तमंचा बरामद कर लिया गया है।

# सीएमओ के आदेश पर क्लीनिक सील, बिना रजिस्ट्रेशन व यूनानी डिग्री पर किया जा रहा था इलाज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** नगर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर क्लीनिक पर की गई छापेमारी के दौरान क्लीनिक सील किया गया । नगर के बैंक ऑफ बड़ौदा के निकट मैक्स फोर्ट हेल्थ सेंटर बिना लाइसेंस ,रजिस्ट्रेशन के चलाया जा रहा था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारपुर प्रभारी शशि शेखर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए क्लीनिक को सील कर दिया। बताते चलें आरिफ खान पुत्र राशिद खा शिकारपुर नगर में बैंक ऑफ बड़ौदा के निकट अपना क्लीनिक मैक्स फोर्ट हेल्थ सेंटर बिना रजिस्ट्रेशन के चला




रहे थे ।मुखबिर की सूचना के आधार पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर शिकारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी उनके क्लीनिक पर पहुंचकर जब उनकी डिग्री व क्लीनिक से संबंधित दस्तावेज मांगे तो वह नहीं दिखा पाए ।जिससे उनके क्लीनिक को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। व उनसे अपने सभी दस्तावेज पूरे कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिखाने के लिए बोला गया। क्लीनिक पर हुई इस छापेमारी से फर्जी क्लिनिक संचालकों में हड़कंप मच गया है।

# कुछ भी पाने को परिश्रम व दृढ़ इच्छा शक्ति जरूरी : शक्ति मोहन अवस्थी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** आईआईपीपीटी कालेज ने शिक्षक सम्मान समारोह मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी आईपीएस ने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति से आप कुछ भी पा सकते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वन्दना के साथ दीप प्रज्वलित करके किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे डीसीपी श्री शक्ति मोहन अवस्थी आईपीएस ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए अपने जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति से आप अपने जीवन में कुछ भी प्राप्त कर सकते हैं। कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। मुख्य अतिथि ने विकसित भारत 2047 की आईडिया मिशन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि कुछ नया करने और कुछ नया सीखने की भावना, इनोवेटिव टास्क, जानने की दृढ़ इच्छा शक्ति ही आपके ज्ञान चक्षुओं को खोलने का काम करती हैं। इस प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को उन्होंने अपने हाथों से प्रशस्ति-पत्र और धनराशि के रूप में पुरस्कार प्रदान किये। जिसमें 11000 रुपये का प्रथम पुरस्कार डायमंड पब्लिक स्कूल की छात्रा कृतिका को, 5100 रुपए का द्वितीय पुरस्कार पं. शालिग राम इंटर कॉलेज के छात्र आशुतोष को और 2100 रुपए का तृतीय पुरस्कार ज्ञानवती पब्लिक स्कूल के छात्र कार्तिक को प्रदान किया गया।




इसके साथ ही यू०पी० बोर्ड के परिणाम परिणामों अनेक स्कूलों के ज़िले में प्रथम स्थान पर आने वाले छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कॉलेज के डायरेक्टर डा० जीतेश खत्री ने अपने अभिभाषण में विद्यार्थियों से कहा कि आपको कुछ अलग से करना है, अच्छा करना है जन कल्याण की भावनाओं को ध्यान में रखकर पूरी दुनिया के हित में करना है। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आये सांइटिस्ट डा० विपिन ने शिक्षकों को सम्मानित किया और अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों से कहा कि ग्रामीण परिवेश से होकर ही निकलता है देश के विकास का रास्ता। अब तक देश की अनेक महान प्रतिभाओं का जन्म ग्रामीण परिवेश में ही हुआ है। आप में से भी अनेक बच्चे ग्रामीण परिवेश से आये होंगे। मैं आपको बताना चाहता हूँ कि कठिन परिश्रम, अनुशासन, दूर दृष्टि और पक्का इरादा रखने वाले विद्यार्थियों को सदैव सफलता प्राप्त होती हैं। साँस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए भारतीय संस्कृति की महान विधाओं के बिखेरे रंग। आई आईपीपीटी कॉलेज के चैयरमैन संजय सूडान, पैट्रोन संदीप सूडान, चैयर पर्सन योगिता सूडान और जी आर डी नौएडा के अध्यक्ष आदित्य घिडियाल ने अपने-अपने वक्तव्यों में देश के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि 21वीं सदी के भारत के उज्वल भविष्य के निर्माण में आपने बहुत ही निर्णायक और महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। उन्होंने ए-आई टूल्स के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज की आधुनिकतम टेक्नोलॉजी की बारिकियों को सीख करके आप सभी विद्यार्थियों को विकसित भारत 2047 के मिशन को पूरा करके दिखाना है। जो हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का सपना है। और आज यहाँ से आपको यही प्रतिज्ञा लेकर जानी है कि भारत को फिर से विश्व गुरू बनाना है। वो सब आपके कठिन परिश्रम और आपकी दूर-दृष्टि से ही होना संभव है। कार्यक्रम के समापन समारोह में कॉलेज के चैयरमैन संजय सूडान ने विद्यार्थियों के चँहुमुखी विकास के लिये एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि हम विद्यार्थियों के लिये इन विभिन्न गतिविधियों के तहत कुछ नया करने जा रहे हैं। जिसमें है भारत के स्टार्टअप और इनोवेशन हब के लिए हवाई यात्रा। 3 दिवसीय मेंटरशिप और इनोवेशन कार्यक्रम का अनुभव। अपने सलाहकारों, उद्यमियों और निवेशकों से मिलने का अवसर। प्रमाणपत्र के साथ नवाचार का अनुभव मिलना।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुलहक)।** तहसील मे गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने मध्य प्रदेश बीजेपी सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह के खिलाफ भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में आक्रोशित विरोध प्रदर्शन किया गया और विजय शाह को मंत्री पद से बर्खास्त करने व उसके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग को लेकर एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला के नेतृत्व मे तहसील परिसर मे पहुंचे। यहां दीपक भाटी चोटीवाला ने आरोप लगाते हुए कहा कि महिला अपमान करने की प्रतियोगिता अक्सर बीजेपी के विजय शाह जैसे नेताओं में रहती है। हमारे देश की बहादुर बेटियों भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने सेना में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने अपना एक



अलग मुकाम हासिल कर देश की महिला शक्ति को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि विजय शाह ने उनके बारे में अभद्र, अमर्यादित व अशोभनीय टिप्पणी कर देश की 75 करोड़ महिलाओं का अपमान किया है। सेना की महिला अधिकारी को केंद्र में रखकर राजनितिक मंच से ओछी टिप्पणी करना अक्षम्य अपराध है और कांग्रेस कार्यकर्त्ता इसका घोर विरोध करते है। कार्यकताओं ने मंत्री विजय को बर्खास्त करने व उसके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी अभय सिंह को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एक ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर मुकेश शर्मा, सूबेदार सतपाल फौजी, धर्म सिंह बाल्मीकि, सतीश शर्मा, तकी मोहम्मद, श्रुति कुमारी, रिजवान चौधरी, महाराज सिंह नागर, देवेश चौधरी, अरविन्द रेक्सवाल, ओमकार राणा, सुबोध भट्ट, नीतीश शर्मा, सुबोध भट्ट, रमेश बघेल, गौरव वशिष्ठ, तनवीर अहमद, अर्जुन, रोहित, आरिफ खान, धीरा सिंह, राजकुमार शर्मा, विनोद कुमार, रमेन्द्र सिंह, अमित कुमार, राजेश स्वामी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सफाई कर्मी के साथ लोगों ने की मारपीट, जाती सूचक शब्दों का किया प्रयोग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर।** गुरुवार की सुबह नगर की राधेश्याम विहार कॉलोनी फेस पांच में सफाई कर्मचारी क साथ लोगों द्वारा मारपीट की गई। मार पीट की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने मुरादनगर थाने पर जमकर प्रदर्शन कर हंगामा किया। नगर की राधेश्याम विहार फेस पांच में नगर

### मारपीट के मामले की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने थाने पर किया प्रदर्शन

पालिका परिषद का सफाई कर्मचारी विक्की गुरुवार सुबह सफाई कर रहा था। अचानक विक्की की तबीयत खराब हो गई। तबीयत खराब होने पर वह एक स्थान पर बैठकर दवाई लेने लगा। आरोप है कि कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति अपने साथियों के साथ आया और सफाई कर्मी विक्की के साथ



मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोप है कि सफाई कर्मचारी की बेरहमी से पिटाई की गई और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। किसी तरह विक्की अपनी जान बचाकर सुपरवाईजर नवीन कुमार के पास पहुंचे और मारपीट की जानकारी दी। इसके बाद सफाई कर्मचारी एकत्र होकर मुरादनगर थाने पहुंचे और तहरीर दी। सफाई कर्मचारियों ने जमकर हंगामा कर प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि यदि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो शहर की सफाई व्यवस्था ठप कर दी जाएगी। पुलिस ने जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वसन दिया है।

**खोला खजाना**

## प्रदेश में मजबूत होगी खाद्य आपूर्ति प्रणाली, गरीबों को समय पर मिलेगा सस्ता राशन

# गरीबों की थाली तक राशन पहुंचाने के लिए योगी सरकार ने खोला खजाना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर जरूरतमंद तक राशन पहुंचाने की व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने पर जोर दे रही है। योगी सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के अंतर्गत उचित दर वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए 179.42 करोड़ रुपये की बड़ी धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि उठाई, धराई और अंतर्राज्यीय संचालन से लेकर उपभोक्ताओं तक राशन सामग्री के सुचारु वितरण के लिए स्वीकृत की गई है, जो खाद्य एवं रसद विभाग की कार्यक्षमता को नई गति देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के गरीबों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के तहत योगी सरकार एक-एक पात्र गरीब को चिन्हित कर राशन कार्ड जारी कर रही है। प्रदेश में अंत्योदय कार्ड लाभार्थियों की

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के गरीबों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।
### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत योगी सरकार एक-एक पात्र गरीब को चिन्हित कर राशन कार्ड जारी कर रही है

संख्या 1.29 करोड़ से अधिक है। अब तक प्रदेश में 3.16 करोड़ से अधिक परिवारों के पात्र गृहस्थी राशन कार्ड और 40.73 लाख से अधिक परिवारों के अंत्योदय राशन कार्ड बनाए जा चुके हैं। सरकार का लक्ष्य हर जरूरतमंद तक राशन पहुंचाना है और इसके लिए अभियान चलाकर पात्रता की पहचान की जा रही है। उपर्युक्त धनराशि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लिया गया है, जिसके अंतर्गत केंद्रांश और राज्यांश का अनुपात 50-50 रखा गया है। इस योजना का उद्देश्य राज्य भर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) को और अधिक पारदर्शी, सक्षम और व्यापक बनाना है, ताकि लाभार्थियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। इसमें अंतर्राज्यीय परिवहन, भंडारण, सामग्री की लदान-उतरान, उचित दर दुकानों तक राशन की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था शामिल है। यह राशि खाद्य भंडारण एवं आपूर्ति श्रृंखला की बुनियादी संरचना को मजबूत करने के लिए खर्च की जाएगी, जिससे किसी भी स्तर पर खाद्यान्न वितरण में बाधा न आए।

इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा की जाएगी, जिन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि योजना पारदर्शी तरीके से लागू हो और इसका लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे। योगी सरकार ने निर्देश दिया है कि पूर्व में दी गई वित्तीय स्वीकृतियों और योजनाओं से कोई दोहराव न हो तथा हर तिमाही में आवश्यकतानुसार बजट का निर्धारण कर खर्च किया जाए। योगी सरकार गरीबों, जरूरतमंदों और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक राशन और पोषण पहुंचाने को लेकर पूरी तरह गंभीर है।

योगी सरकार ने राशन वितरण में किसी भी तरह का घपला नहीं हो इसके लिए ई-केवाईसी और आधार सत्यापन प्रणाली लागू की है। इसके तहत राशन कार्डधारकों को अब देश के किसी भी उचित दर दुकान पर ई-केवाईसी कराने की सुविधा मिल रही है।

राशन वितरण में ई-पॉस मशीनों के उपयोग ने पारदर्शिता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। इन मशीनों के जरिए अन्न का वितरण सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। यह तकनीकी नवाचार न केवल समय पर राशन उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि गरीबों के लिए खाद्य सुरक्षा को भी मजबूत कर रहा है। पात्र कार्डधारकों को प्रति यूनिट 5 किलो गेहूं और चावल दिया जा रहा है। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलो गेहूं और 3 किलो चावल (कुल मिलाकर 5 किलो) का फ्री में दिया जा रहा है। वहीं अंत्योदय कार्ड धारक को एकमुश्त 14 किलो गेहूं और 21 किलो चावल (कुल 35 किलो) दिए जा रहे हैं। बता दें कि योगी सरकार ने खाद्य एवं रसद विभाग के जरिए तकनीकी नवाचारों को अपनाया है।

योगी सरकार की इस पहल से प्रदेश के करीब 15 करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

अंत्योदय कार्ड धारकों की संख्या 1.29 करोड़ से अधिक है, जो सबसे गरीब परिवारों को लक्षित करती है। सरकार का मकसद है कि कोई भी जरूरतमंद भूखा न रहे। इस योजना के तहत ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में राशन वितरण को प्रभावी बनाया गया है। योगी सरकार की यह कोशिश गरीबों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक मिसाल पेश कर रही है

# ब्रहमा देवी अमीचन्द कन्या इंटर कालेज में मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीरपुर (कृष्णा वत्स)** । नगर स्थित ब्रह्मा देवी अमीचंद्र कन्या इण्टर कालिज में दिनाँक 14 मई 2025 दिन बुधवार को कक्षा 6 से 11 वीं तक की मेधावी छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। भारत दूरसंचार विभाग सलाहकार समिति के सदस्य व आई टी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज ने मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया तथा कहा कि छात्राऐं आज शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों से आगे हैं। उन्होंने छात्राओं से बिना किसी राजनीति के लगन से शिक्षा ग्रहण करने की अपील की।

समाज सेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार सुरेश दिमानिया ने छात्राओं से लगन से शिक्षा ग्रहण करने और भविष्य में आगे ऐसे ही निरन्तर बढ़ने का आह्वान किया। नगर के समाज सेवी एवं स्वामी परमानन्द इण्टर कालेज के प्रबन्धक डॉ. दिनेश अग्रवाल ने



कहा कि कुछ बाहरी लोग यहाँ विद्यालय में आकर राजनीति कर रहे है मगर यहां किसी को कामयाब नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमत प्रकाश गौड़ व समस्त अध्यापिकाओं से बेहतर से बेहतर शिक्षा ग्रहण कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय दिनोदिन तरक्की कर रहा है। जिससे कुछ लोग जलकरराजनीति कर रहे है। मगर यहां की जनता उन्हें काममाब नही होने देगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश दिमानिया जी ने की व कार्यक्रम का संचालन बड़े ही सुंदर तरीके से मनोज कुमार सिंह ने कियानगर पंचायत सभासद सोनू गौतम ने भी छत्राओं का होसला बढ़ाया। मेधावी छात्राओं को विकास भारद्धाज ने अपनी तरफ से गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमत प्रकाश गौड, मनोज कुमार सिंह, कमलेश देवी, पूजा देवी, कुमारी निशा, करिश्मा, दीप्ति सिंह, सुधीर छौंकर आदि लोग मौजूद रहे

# नलकूपों व शमशानों के सौंदर्यकरण हेतु प्राधिकरण अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा** । गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण समिति हिमांशु शर्मा व नूर



मोहम्मद आदि कार्यकताओं ने पर्यावरण संरक्षण समिति के अध्यक्ष संजय नवादा के साथ क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं समेत किसानों के नलकूपों व शमशानों की सौंदर्य करण आदि के बारे में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह से मिलकर स्थिति से अवगत कराते हुए मांगों को क्रियान्वित कराने का अनुरोध करते हुए उन्हें ज्ञापन दिया। उपरोक्त समस्याओं के समाधान एवं मांगों को पूरा कराने के संदर्भ में प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने 3 महीने में पूरा कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में गांव को स्मार्ट विलेज बनाने हेतु प्रत्येक गांव की बारात घर या फिर पंचायत घर में ग्रामीण बच्चों के लिए लाइब्रेरी बनवाने श्मशान व कब्रिस्तानों के सौंदर्य करण नलकूपों का निर्माण क्षेत्र के गांव के मुख्य मार्ग बनवाने एवं जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण सुरक्षा हेतु अधिक से अधिक पौधारोपण करना आदि मांग शामिल है।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की जनसुनवाई, शिकायतों का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा जनसुनवाई के दौरान आई शिकायतों एवं आवेदनों का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाता है, जिसके चलते जिलाधिकारी को शिकायतकर्ता अपनी शिकायतों और प्रार्थना पत्रों को प्रेषित करने हेतु भीड़ लगी रहती है। जिलाधिकारी द्वारा उक्त व्यक्तियों के शिकायती पत्रों को बड़ी गम्भीरता से पढ़ा जाता है और उन्हें सुना जाता है। अधिकांश मामलों को जिलाधिकारी द्वारा मौके




पर ही ?पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारित कर दिया जाता है और शेष शिकायतों को वाट्सअप आदि के माध्यम से सम्बंधित अधिकारी को निराकरण के लिए भेज दिया जाता है। शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तराल में निस्तारण के लिए भी निर्देशित कर दिया जाता है। जन सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं एवं प्राथियों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन, घरेलू झगड़ें से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए विवेक मिश्र भी उपस्थिति रहे।

# छज्जे का हिस्सा गिरा, बाल बाल बचे फ्लैट ओनर,जिलाधिकारी कार्यालय में की शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में उस वक्त एक बड़ा हादसा होने से बच गया जब सोसायटी के एसपी-1 टावर के एक जर्जर छज्जे का बड़ा हिस्सा नीचे गिर पड़ा जिससे वहां से गुजर रहे एक फ्लैट ओनर बाल बाल बचे। पीड़ित फ्लैट ओनर ने जिलाधिकारी कार्यालय में लिखित शिकायत करके कार्यवाही की मांग की है।

गुलमोहर निवासी गौरव बंसल गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां उनकी मुलाकात एडीएम लॉ विवेक मिश्रा से हुई। एडीएम प्रशासन को सौंपे शिकायती पत्र में गौरव बंसल ने बताया है कि बीती 7 मई को जब वह सोसायटी में टहल रहे थे कि तभी सोयायटी के एसपी-1 टावर के फ्लैट नम्बर 103 के छज्जे का बड़ा हिस्सा झड़कर उनके ठीक सामने









कार्यालय जिलाधिकारी, गाजियाबाद।
मुलाकाती पर्ची
क्र.सं. 380
मुलाकाती का नाम गौरव बंसल
पता- [illegible]
मोबाईल नं0 9953758315
दिनांक 15/05/2025
जारीकर्ता के हस्ताक्षर

गिरा जिसमें वह बाल बाल बच गए। गौरव ने पत्र में लिखा है कि कुछ दिन पूर्व गाजियाबाद की एक सोसायटी में छज्जा गिरने से मामा-भांजे की मौत हो गई थी जिससे वह काफी घबरा गए हैं। 7 मई को छज्जा गिरने के बावजूद आज तक भी फ्लैट के स्वामी ने छज्जा ठीक नहीं कराया है।

गौरव का आरोप है कि आरडब्लूए में शिकायत के बावजूद फ्लैट के स्वामी के नाम न तो कोई नोटिस निकाला गया है और न ही उससे इस जर्जर छज्जे की मरम्मत करने के लिए कहा गया है। गौरव ने मुख्यमंत्री पोर्टल और पर भी इस मामले की शिकायत कर दोषियों पर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नागरिक सुरक्षा की 08 सेवाओं व 04 आवश्यक सेवाओं के आफिसर्स कमांडिंग के साथ हुई बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** भारत सरकार गृह मंत्रालय, महानिदेशालय अग्निशमन सेवा नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक नई दिल्ली तथा प्रमुख सचिव नागारिक सुरक्षा अनुभाग उ०प्र० शासन लखनऊ द्वारा नागरिक सुरक्षा की 12 सेवाओं को अद्यावधिक किये जाने के निर्देश दिये गये है। वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत आपात स्थिति में आपदा से बचाव करने हेतु आवश्यकता पड़ने पर आपसी साम्जंस्य बनाये रखने हेतु गृह मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शों के क्रम में सैनिक कल्याण बोर्ड से भूतपूर्व सैनिकों को सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों के रूप में नामांकन करने हेतु पत्राचार किया गया। जिससे उनके उत्साह और ऊर्जा का लाभ उठाया जा सकें। इसी क्रम में अन्य सिविल डिफेंस में नामांकन हेतु आग्रह किया गया। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने हेतु तैयार रहने हेतु आग्रह किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी से आपात स्थानों को चिन्हित करते हुए प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु



कहा गया। यह भी निर्देश दिये गये कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यालयों में समिति गठित कर स्थानों को चिन्हित करें। रवीन्द्र प्रताप, उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा की 12 सेवाओं व उनके ऑफिसर्स कमांडिंग तथा उनसे संबंधित कार्यों को विस्तारपूर्वक बताया गया। आपात स्थिति तथा सामान्य स्थिति में नागरिक सुरक्षा के महत्व को बताया गया। सहायक उपनियंत्रक गुलाम नबी द्वारा प्रजेन्टेशन के द्वारा नागरिक सुरक्षा में स्थापना एवं सभी सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी तथा नागरिक सुरक्षा का महत्व व उद्देश्य का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। महानिदेशक नागरिक सुरक्षा नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र 2024 से विमलेश, भण्डार अधीक्षक, हर्ष वर्मा, डिवीजनल वार्डन (आरक्षित) चैतन्य जैन, स्टॉफ आफिसर एवं राजन गुप्ता पोस्ट वार्डन को सम्मानित किया गया। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व , उपजिलाधिकारी, मोदीनगर, जिला कमाण्डेंट होमगार्डस, नगर मजिस्ट्रेट व अन्य विभागों के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग लिया गया। अन्त में चीफ वार्डन, नागरिक सुरक्षा द्वारा स धन्यवाद बैठक का समापन किया।

# निट्रा टेक्निकल कैंपस में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** निट्रा टेक्निकल कैंपस में आज बीटेक ईयर बैच 2021-2025 के विद्यार्थियों के लिए एक भावुक एवं भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संस्थान के डायरेक्टर जनरल डॉ. एम. एस. परमार, डायरेक्टर डॉ बी के शर्मा एवं समस्त फैकल्टी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 2 बजे फुटबॉल ग्राउंड में हुई, जहाँ तीसरे वर्ष के छात्रों द्वारा अपने सीनियर्स के लिए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। स्वागत गीत, नृत्य और मनोरंजक नाटक ने सभी का मन मोह लिया। मंच की सुंदर सजावट और छात्रों का औपचारिक/पारंपरिक परिधान वातावरण को और भी खास बना दिया। मुख्य अतिथि डॉ. एम.एस. परमार ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में



छात्रों को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें पाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, विदाई एक अंत नहीं, बल्कि नई यात्रा की शुरूआत होती है। आप सभी निट्रा टेक्निकल कैंपस के गौरव हैं और हमेशा रहेंगे। डॉ बी के शर्मा ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं शुभकामनाये प्रेषित की साथ ही कहा की अपने निट्रा टेक्निकल कैंपस और गाजियाबाद का नाम रोशन करें । फैकल्टी सदस्यों ने भी विद्यार्थियों के योगदान की सराहना की और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। छात्रों ने कॉलेज में बिताए पलों को साझा करते हुए अपने शिक्षकों और साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एक भावुक क्षण वह था जब सभी को एक स्मृति चिह्न स्वरूप एक विशेष फ्रेम भेंट किया गया, जिसमें कॉलेज की यादगार तस्वीरें और संदेश – "Goodbyes are not forever. They simply mean we'll miss you until we meet again."लिखा गया था।

इस कार्यक्रम में मि. फेयरवेल सार्थक सक्सेना मिस फेयरवेल अनन्या सिंह मि. इवनिंग सचिन पाण्डेय मिस इवनिंग पूजा सिंह मि. हैंड्सम इप्सित मिस ब्यूटीफुल प्रतीक्षा चुने गए और महा निदेशक एवं निदेशक महोदय ने पुरुस्कृत किया । समारोह का समापन सामूहिक फोटो और जलपान के साथ हुआ। यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए बल्कि पूरे संस्थान के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

# इफरा खान ने सीबीएसई बोर्ड 10वीं कक्षा में 96% अंक प्राप्त कर पूरे स्कूल में किया टॉप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** शिक्षा हमारे जीवन के लिए सबसे जरूरी है हमें आगे बढ़ने और कामयाब होने में सिर्फ शिक्षा ही हमारा सहयोग करती है और हमारी सबसे अच्छी दोस्त किताबें हैं शिक्षा के लिए यह जज्बा है इफरा खान



का 2025 सीबीएसई बोर्ड की 10वीं के नतीजों में बेटियों ने इस बार लड़कों से बेहतरीन प्रदर्शन कर-के नारी शक्ति को साबित कर दिया दसवीं बोर्ड के राष्ट्रीय स्तर पर छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 95% और छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.63% रहा और वहीं उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 85.82% रहा और छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 80.10% रहा और इस तरह एक बार फिर लड़कियों ने लड़कों से बेहतरीन प्रदर्शन किया इसी कड़ी में सेंट्रल अकैडमी इंदिरा नगर लखनऊ की छात्रा इफरा खान ने 10वीं में 96% अंक प्राप्त करके अपने स्कूल में टॉप करके अपने माता-पिता का नाम रौशन किया इफरा को स्कूल परिसर में स्कूल द्वारा सम्मानित किया गया इफरा ने बताया कि मैंने पढ़ाई का एक लक्ष्य निर्धारित करके बिना समय पर ध्यान दिए अपने लक्ष्य को पाने के लिए पढ़ना जारी रखा जब तक विषय पूर्ण रूप से याद नहीं हो जाता था तब तक पढ़ती रहती थी अपने लक्ष्य को पाने के लिए रात दिन पढ़ना बहुत जरूरी है मेरी इस कामयाबी में मेरी मां का बहुत बड़ा योगदान है मेरी पढ़ाई में उन्होंने मुझे बहुत समय दिया और मेरा हौसला बढ़ाती रहीं जिस कारण आज मैं सफल हो पाई हूं।

# सदर विधायक व जिलाधिकारी ने किया श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर में चल रहे विकास कार्यों का विधायक सदर संजीव शर्मा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, जीडीए सचिव राजेश सिंह सहित अन्य गणमान्य

**प्रस्तावित समस्त कार्य निर्धारित विशिष्टियों एवं मानकानुसार निर्धारित अवधि में पूर्ण कराये: जिलाधिकारी दीपक मीणा**

अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मल्टीपरपज हॉल की स्लैब की शटरिंग का कार्य व मन्दिर के मुख्य द्वार पर पत्थर की क्लेडिंग का कार्य प्रगति पर पाया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने निर्देश दिये कि मन्दिर





परिसर में प्रस्तावित समस्त कार्य निर्धारित विशिष्टियों एवं मानकानुसार निर्धारित अवधि में पूर्ण कराये जायें। कार्य को तीव्र प्रगति से पूर्ण कराया जाये एवं सम्पादित कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने की उचित व्यवस्था की जाये। इस दौरान वर्तमान एवं आगामी कार्ययोजनाओं के बारे में विधायक सदर संजीव शर्मा, महन्त नारायण गिरि महाराज सहित सभी विभागीय उच्च अधिकारियों के साथ मंदिर प्रांगण में बैठक की गयी।

पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत व कार्यदायी संस्था के अधिशसी अभियन्ता जे.के. शर्मा ने अवगत कराया कि पर्यटन विभाग द्वारा उक्त योजना हेतु रुपए 552.25 लाख स्वीकृत किये गये, जिसके क्रम में कार्यदायी संस्था यू०पी० प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि० द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। उन्होने बताया कि परियोजना की स्वीकृत लागत के सापेक्ष मन्दिर के मुख्य द्वार, मल्टीपरपज हॉल, म्यूरल वर्क एवं श्रद्धालुओं हेतु टॉयलेट ब्लाक, बैठने हेतु बेन्चेस व लाईट की व्यवस्था के कार्य कराये जाने प्रस्तावित हैं।

निरीक्षण व बैठक के दौरान एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, अपर नगर आयुक्त श्री अरूण कुमार, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित जिला प्रशासन, जीडीए, नगर निगम, पर्यटन विभाग, कार्यदायी संस्था के अधिकारी/कर्मचारीगण व मंदिर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**समीक्षा** | ग्रीन म्युनिसिपल बौण्ड तथा वन सिटी वन ऑपरेटर पर नगर आयुक्त ने वी.ए.टेक वाबेग के अधिकारियों से की अहम बैठक, लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

# व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम से जुड़ेंगे वाबेग कंपनी के सभी वाहनः नगर आयुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक द्वारा सीवर का संचालन कर रही वाबेग की टीम वन सिटी वन ऑपरेटर के द्वारा शहर में किया जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई साथ ही रफ्तार को बनाए रखने के निर्देश दिए गए सभी माननीय पार्षदों से संपर्क बनाते हुए सीवर समस्या के समाधान में बेहतर कार्य करने के लिए कहा गया क्रम में इस्तेमाल में आ रहे वाहनों को भी गाजियाबाद नगर निगम के व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम के साथ जोड़ने के निर्देश दिए गए, अधिशासी अभियंता जल कामाख्या प्रसाद आनंद को चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए कहा गया, सुपर सकर में अन्य उपकरण जिनके माध्यम से सीवर समस्या का समाधान कराया जा रहा है उन पर भी नजर बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए, बैठक में वी ए टेक वाबेग कंपनी के सीईओ शैलेश कुमार तथा प्रोजेक्ट मैनेजर अनुज त्रिपाठी भी उपस्थित रहे, नगर आयुक्त द्वारा टीम को सख्त निर्देश देते हुए रोस्टर के क्रम में प्रतिदिन कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया'नगर आयुक्त द्वारा ग्रीन म्युनिसिपल बौण्ड प्रोजेक्ट के अंतिम चरण में चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई, बैठक में हेड एग्जीक्यूशन कैपिटल प्रोजेक्ट वी शंकर गणेश, प्रोजेक्ट मैनेजर अग्नि मोहंती उपस्थित रहे जिनके द्वारा रेस्टोरेशन तथा कंप्लीट हो रहे प्रोजेक्ट के कार्यों की प्रेजेंटेशन दी गई नगर आयुक्त द्वारा निगम अधिकारियों तथा संबंधित टीम से शीघ्र ही ग्रीन म्युनिसिपल बौण्ड संबंधित समस्त कार्यवाही पूर्ण करने तथा उद्घाटन





की तैयारी करने के लिए निर्देशित किया गया, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि ग्रीन म्युनिसिपल बौण्ड का लगभग 99% कार्य पूर्ण हो चुका है साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र को औद्योगिक जल की आपूर्ति भी की जा रही है शीघ्र ही आगामी माह में ग्रीन म्युनिसिपल बौण्ड प्रोजेक्ट का शुभारंभ करने की तैयारी भी निगम करेगा योजना बनाई जा रही हैल वी ऐ टेक वाबेग लिमिटेड कंपनी द्वारा गाजियाबाद नगर निगम के ळळफ्ड प्लांट तथा वन सिटी वन ऑपरेटर के अंतर्गत सीवर समस्याओं के समाधान का कार्य किया जा रहा है, जिसमें कार्य की रफ्तार तथा चल रहे कार्यों में सुधार करने हेतु लगातार नगर आयुक्त के नेतृत्व में कंपनी की उच्च अधिकारियों से लगातार बैठक की जा रही है, शहर हित में बेहतर कार्य हो इसके लिए नगर आयुक्त द्वारा जलकल विभाग टीम को मॉनिटरिंग प्रबल करने के लिए कहा गया है, बैठक मे अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

# चेकिंग में 3 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की 2 बाइक बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़/सिंभावली।** जनपद के थाना सिंभावली पुलिस ने वाहन अभियान में तीन शातिर वाहन चेकिंग अभियान में बड्डा नहर पुल के निकट थाना सिंभावली पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो बाइक भी बरामद की है।



चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस वाहन चोरों के कब्जे से चोरी की दो बाइक बरामद की है।

गढ़मुक्तेश्वर पुलिस क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह के निर्देश पर जनपद में वाहन चोरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार वाहन चोरों के नाम रमनदीप पुत्र स्वर्ण सिंह निवासी रेलवे रोड कस्बा सिंभावली,तनुज सिद्धू पुत्र गुड्डू उर्फ अमित निवासी ग्राम खुडलिया व शिव गोहित पुत्र शेखर मोहित निवासी हरोड़ मोड कस्बा सिंभावली थाना सिंभावली जिला हापुड़ है।

# किसानों के मसीहा बाबा टिकैत की पुण्य तिथि पर रक्तदान व हवन का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर में डेहरा कुटी पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने किसानों के मसीहा स्व.चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की 14 वीं पुण्य तिथि हवन का आयोजन किया। जिसमें उपस्थित भाकियू पदाधिकारियों ने

- कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों को बाबा टिकैत का चित्र भेंटकर सम्मानित किया
- लोगों को वर्ष में एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए:जिते

पूर्ण आहुति दी। साथ ही भाकियू पदाधिकारियों ने रक्तदान व वृक्षारोपण भी किया। गुरुवार को किसानों के मसीहा बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्य अतिथि पर गढ़मुक्तेश्वर डेहरा कुटी पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा हवन का आयोजन किया। जिसमें यूनियन के मंडल अध्यक्ष जिते चौहान व महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष बबली त्यागी वे अन्य ने हवन में पूर्ण आहुति दी देकर बाबा टिकैत को याद किया। साथ ही बाबा टिकैत कर याद में वृक्षारोपण भी किया।





कार्यक्रम में भाकियू द्वारा रक्तदान शिविर भी लगवाया गया। जिसमें भाकियू पदाधिकारियों ने प्रतिभाग कर रक्तदान किया। मंडल अध्यक्ष जिते चौहान ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। रक्तदान करने से लोगों की नया जीवन मिल सकता है। लोगों को वर्ष में एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। कार्यक्रम में भाकियू द्वारा बाबा टिकैत की पुण्य तिथि पर पूर्व मंडल अध्यक्ष जिते चौहान व महिला विंग प्रदेशाध्यक्ष बबली त्यागी ने पूर्व सैनिकों को बाबा टिकैत का चित्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पूर्व वायु सेना अधिकारी मनवीर सिंह, केप्टन राजेश चौधरी, केप्टन गोपीचंद,केप्टन महेश, सूबेदार जगदीश, सूबेदार जगदीश चौहान, सूबेदार समरपाल, हवलदार शाहिद अली, हवलदार अशोक, हवलदार रामपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

# संगठन के प्रति मनोज रुहेला को मेरठ मंडल अध्यक्ष व शिवकुमार को जिला अध्यक्ष हापुड़ नियुक्त किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना।** हापुड़ के थाना धौलाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ककराना मै हुआ सम्मानित समारोह जिसमें पदाधिकारी करण राष्ट्रीय अध्यक्ष लता ठाकुर जी प्रवीण तोमर राष्ट्रीय संगठन मंत्री कुश सिरोही जी, युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रशांत गॉड , वसीम सिद्दीकी राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मवीर सिंह

**भारतीय किसना युवा जागरूक संगठन लता राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के नेतृत्व के उपरान्त किया मनोनीत**

राजपूत प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा शशि यादव प्रदेश सचिव , रियान साबरी प्रदेश प्रवक्ता , जनपद बुलंदशहर के अमरीश भारद्वाज जिला अध्यक्ष, शालिनी शर्मा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, अर्जुन कौशिक व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष , अनुष्का जिला उपाध्यक्ष , उर्मिला सिंह राणा राष्ट्रीय महिला मोर्चा दुष्यंत जिला



उपाध्यक्ष, अनिल कुमार गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष, अनु झा सिकंदराबाद ब्लॉक अध्यक्ष, फिरोज सैफी जिला उपाध्यक्ष, किरन कौर जिला प्रभारी आदि मौजूद रहे इसके अलावा जनपद हापुड़ के जिला अध्यक्ष शिवकुमार मेरठ मंडल मनोज कुमार अध्यक्ष मीडिया प्रभारी चेतन कुमार अंकित कुमार जिला सहारनपुर के जिला अध्यक्ष अन्य लोगों को सम्मानित किया गया सभी किसान यूनियन कताओं ने शपथ ग्रहण करी की हर धर्म जाति के लिए एक समान रखते हुए संगठन को आगे बढ़ाएंगे और मजबूती प्रदान करेंगे किसी व्यक्ति को कोई भी कष्ट प्रेरणा होगी उसके साथ हम लोग खड़े रहेंगे हर संभव संगठन के प्रति योगदान प्राप्त करेंगे आने वाले भविष्य में संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और किसान हित के लिए हो रहे हैं उनके जुल्म के लिए एकजुट होकर उनका सहयोग करेंगे यही संगठन की नीति है हमारा संगठन राजनीति नहीं अ राजनीतिक है अतः आज दिनांक 13 /5 2025 को हमने एक जनपद हापुड़ के थाना धौलाना कस्बा धौलाना ग्राम के ककरानात मैं सम्मान समारोह रखा गया जिसमें गांव के लोग भी सैकड़ो की संख्या में मौजूद रहे।

# बंगौली गांव में बाबा बेदप्रकाश की 24वीं पुण्यतिथि पर तीन दिवसीय मेले का आज होगा शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)** । सिंभावली



क्षेत्र के ग्राम बंगौली में बाबा बेदप्रकाश जी की 24वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय मेले का आज होगा शभारंभ। यह मेला 16, 17 व 18 मई तक आयोजित किया जाएगा।पंडित शैलेश शर्मा ने बताया कि बाबा बेदप्रकाश एक अत्यंत श्रद्धेय व चमत्कारी संत थे। अपने जीवनकाल में उन्होंने अनेक चमत्कार किए, जिससे लोगों की आस्था निरंतर बढ़ती गई। आज भी बाबा के भक्तों की संख्या में दिन-प्रतिदिन वृद्धि हो रही है। मेले में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सांस्कृतिक आयोजन भी किए जाएंगे, जिससे क्षेत्रवासियों में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है।

# एवियन एन्फ्लूजा (बर्ड फ्लू) वायरस की पुष्टि,डीएम ने 5 रैपिड रेस्पांस टीम का किया गठन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के जनपद गोरखपुर के शहीद अशफाक उल्ला खा प्राणी उद्यान में टाइगर में एच-5 एवियन एन्फ्लूजा वायरय के पाजीटीव होने की पुष्टि होने पर जनपद में जिलाधिकारी ने पांच रैपिड रेस्पांस टीम का किया गठन किया है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.ओपी मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में बर्ड फ्लू हेतु गठित टास्क फोर्स की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार अधिकारियों, कर्मचारियों की बर्ड फ्लू के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु जनपद पांच रैपिड रेस्पांस टीम का गठन किया है।

उन्होंने बताया कि टीम में सीवीओ डा.ओमवीर सिंह,डा.विनीत शर्मा,डा.आनंदकुमार गिल,डा.नितिन गौतम व डा.राजपाल के साथ-साथ उप मुख्य चिकित्साधिकारी हापुड़ सदर,पशु चिकित्साधिकारी सपनावत, बहादुरगढ़,सिंभावली व पिलखुवा शामिल रहेंगे।

सीवीओ ने बताया कि बर्ड फ्लू बचाव एवं प्रभारी नियंत्रण व निगरानी हेतु जनपद के नियंत्रण कक्ष की स्थापना राजकीय पशु चिकित्सालय सदर में की गयी है। जिसका संपर्क सूत्र 7417315284 है। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी डा.ओमवीर सिंह व उप मुख्य चिकित्साधिकारी होंगे।

# एनआरसी में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को भर्ती करें: डीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने समस्त चिकित्सा अधीक्षक/प्रभारी को निर्देशित किया,कि सभी अपने हॉस्पिटल में साफ-सफाई गर्मी से बचाव के लिए अलग से वार्ड की ब्यवस्था,लैब की जांच और जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत किसी प्रकार की कोई भी लापरवाही ना बरती जाए और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा



अधीक्षक को एन आर सी में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को भर्ती करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.सुनील त्यागी,जिला प्रशिक्षण अधिकारी,जिला कार्यक्रम प्रबंधक,संबंधित विभागीय अधिकारी सहित यूनिसेफ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# महात्मा टिकैत की पुण्य तिथि व भाकियू अराजनैतिक का स्थापना दिवस मनाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने सिंभावली सोसाइटी में महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत की

**भाकियू ने छबील लगाकर लोगों में मीठा शरबत वितरित किया**

पुण्यतिथि व भाकियू का तृतीय स्थापना दिवस जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में मनाया गया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पवन हूण ने संगठन के द्वारा 3 साल के किसान हित में किये गये कार्यो व संगठन की उपलब्धियां से किसानों को अवगत कराया। साथ सड़क किनारे छबिल लगाकर लोगों को मीठा शरबत वितरण किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन





अराजनैतिक सदैव किसान व मजदूरों के लिए सदैव संघर्ष व आंदोलन करता रहेगा।

इस अवसर युवा जिलाध्यक्ष पिंटू अहलावत, जितेंद्र नागर, दुर्गेश तोमर, राजेन्द्र गुर्जर, कटार सिंह,मोनू त्यागी, रवि भाटी,जोगिंदर मावी, रुपाराम,ओपी भाटी, यशपाल, मनोज, बिजेंद्र,रबजीत सिंह, संजीत, रामकुमार, लीले, अतुल, अरुण, एमडी सरजीत सिंह,सुधाकर,राधेलाल त्यागी, जितेंद्र मावी,धर्मेंद्र त्यागी, विनोद, संजय, बंटी,अनिल, यशवीर, भोपाल, परमाल, हरीश,डा0 जितेंद्र,राजबीर भाटी, सुधीर त्यागी, विक्रम कसाना,अनिल,लाला मावी, लीले प्रधान आदि लोग उपस्थित रहे।

**सम्मान समारोह** जनपद व विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

# सिम्भावली आर.एस.के. इंटर कॉलेज में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान समारोह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिम्भावली आर.एस.के. इंटर कॉलेज में गुरुवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वर्ष 2024 की राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा तथा वर्ष 2025 की माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

वही कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका हिना और शिल्पी ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष संदीप सिंधु और अतिथि के रूप में प्रबंधक चौ. शीशपाल सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में कई प्रधानाचार्य विकास कुमार, अमृत सिंह, श्रीमती शैलजा, श्रीमती तृप्ता पासी, श्रीमती पायल चंद्रा सहित, शिक्षाविद एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।समारोह की शुरूआत माँ





सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके उपरांत विद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। सम्मान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में प्रमुख नाम इस प्रकार रहेः राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में कक्षा 8 की सोनाक्षी व दिव्या सैनी।

हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान पर ऋषभ, द्वितीय चारु, तथा तृतीय इशान्त। इंटरमीडिएट (कृषि वर्ग) प्रथम वर्ष में अंकुर, जैद, हर्ष, द्वितीय वर्ष में मोहम्मद कैफ, नितिन, दक्ष। कला वर्ग में हिमांशी, मो. नदीम, मयंक, तथा विज्ञान वर्ग में असमा, ओम सिंह, अनु। जनपद स्तर पर चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा असमा पुत्री इनाम वैट व नवम-स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा हिमांशी पुत्री आनंद गिरि को 5100 व 1000 की सम्मान राशि, स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रबंधक चौ. शीशपाल सिंह ने छात्र-छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। साथ ही उन्होंने अपेक्षा जताई कि भविष्य में प्रदेश स्तर पर भी विद्यालय के छात्र 'मेरिट लिस्ट' में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

समारोह का समापन प्रधानाचार्य डा. राजीव कुमार गोहित द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों व शिक्षकों के प्रति आभार ज्ञापन के साथ हुआ।

# कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के मंत्री पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग उठाई ,महामहिम राष्ट्रपति के नाम सदर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा हमारे देश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी जी के बारे में अमर्यादित एवं शोभनीय टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को कांग्रेसियों ने नगर पालिका परिषद प्रांगण में धरना दिया,जिसके उपरांत महामहिम राष्ट्रपति के नाम सदर एसडीएम इला श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। महामहिम राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कहा कि हमारे देश के बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी द्वारा भाजपा सरकार के मंत्री द्वारा अमर्यादित और शोभनीय टिप्पणी निंदनीय हैं। इतना ही नहीं बाद में भाजपा मंत्री द्वारा अमर्यादित और शोभनीय टिप्पणी करने पर भी कोई करवाई नहीं हो रही है। जो कि उतर प्रदेश में समाज के लिए बड़ी ही शर्मशार कर देने वाली घटना है। जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा के वह मांग करते है कि उक्त मामले में उच्च स्तरीय जांच कराकर भाजपा




सरकार के मंत्री पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। जिससे समाज में यह संदेश दिया जा सके कि अपराधी किसी भी समाज का हो,या भाजपा सरकार में मंत्री अपराध के लिए कानून सबसे उपर हैं। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष इरफान अहमद कुरैशी ,पूर्व शहर अध्यक्ष अभिषेक गोयल, पूर्व विधायक गजराज सिंह,पीसीसी पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अरविंद शर्मा, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश शर्मा,रामप्रसाद जाटव, कुसुमलता ,नरेश भाटी, रविंदर गुर्जर,विधान सभा अध्यक्ष आकाश त्यागी,भरत लाल शर्मा, अंकुर अग्रवाल,जितेन्द्र अग्रवाल, सचिन कुमार, विकी शर्मा, जस्सा सिंह,सुरेंद्र सिंह, सुशील शास्त्री, सैयद अय्याजुद्दीन, प्रेम कुमार सिंह, रघुवीर सिंह ऐडवोकेट,रघुवर सिंह,डॉ जकारिया मनसबी,मेजर शौकीन चौधरी, अब्दुल कलाम, खुशनुद आदि सभी लोग उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# समझौते का उल्लंघन



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के दरम्यान चार दिनों से चले आ रहे संघर्ष के बाद दोनों देशों में सीजफायर की सहमति बनी। हालांकि पाक की तरफ से समझौते का उल्लंघन भी हुआ, परंतु सेना ने मुस्तैदी से उनके नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया। सेनाधिकारियों के अनुसार, जल, थल व वायु में सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर दोनों देशों के बीच सहमति बन गई है, मगर भारत की संप्रभुता को लेकर सेना सतर्क रहेगी। साथ ही पाक के उस दावे का खंडन भी किया गया, जिसमें भारतीय सेना द्वारा मस्जिदों को निशाना बनाने की बात की गई थी। बताया जा रहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूरङ्ग में पड़ोसी मुल्क के चालीस सैनिकों समेत सौ आतंकी मारे गए, जबकि पांच भारतीय सैनिक शहीद हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाक की हर कार्रवाई पर सख्ती से जवाब देने को कहा, वहीं प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शांतिपूर्ण वार्ता का मार्ग अपनाने की बात कर रहे हैं। भारत के इस कड़े कदम को आतंकवाद पर सीधा प्रहार माना जा रहा है। इससे दुनिया के समक्ष संदेश गया, भारत अब आतंकवाद के खिलाफ भीतर घुसकर कार्रवाई करेगा और देश की सुरक्षा को लेकर कोई समझौता न करने के प्रति दृढ़ है। मोस्ट वांटेड व खूंखार आतंकियों को मार गिराने के पीछे भारत की मंशा स्पष्ट थी। आंतरिक कलह से जूझ रहे पाक के भीतर आतंकवादियों के प्रति नाराजगी रखने वालों का बड़ा हिस्सा इस सफाये से काफी हद तक संतुष्ट भी बताया जा रहा है। मोदी के नेतृत्व में यह संघर्षविराम अपनी शतरे पर संभव हुआ है। इसीलिए कूटनीतिक निर्णय के आधार पर सिंधु जल समझौते का निलंबन बहरहाल जारी रखने का निर्णय लिया गया है। अटारी-बाघा सीमाएं बंद रहेंगी और पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा पर रोक रहेगी।

हालांकि सीमावर्ती इलाकों के वाशिंदे अभी भी हमलों के डर से सुरक्षित स्थानों में शरण लिये हैं। युद्ध समस्या का हल नहीं है। यह हमें रूस-यूक्रेन की तबाही से सबक लेना होगा। बेशक शांतिपूर्ण मार्ग चुनने को विवेकपूर्ण व कूटनीतिक कदम माना जा रहा है। इसलिए सीजफायर का ऐलान होते ही सोमवार की सुबह बाजार खुलते ही शेयरों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। आतंकियों या दहशतगदरे को शरण देने का नतीजा पाक अच्छी तरह भुगत चुका है। उम्मीद की जा सकती है अपनी गलतियों को दोहराने और हेकड़ी दिखाने की बजाए वह समय रहते सबक ले तो यह दोनों देशों के हित में होगा तभी दुनिया में बेहतर संदेश स्थापित हो सकेगा।

## आज का विचार

बिना ज़रूरत बोल पड़ने का पश्चाताप उतना कभी नहीं होता, जितना ज़रूरत होते हुए चुप रह जाने का।

# लावारिस मिलती नवजात बच्चियाँ: झाड़ियों से जीवन तक



डॉ. सत्यवान सौरभ

**हरियाणा के हिसार जिले के अग्रोहा में सतीश डूडी ने एक नवजात बच्ची को गोद लेकर ममता और इंसानियत की मिसाल पेश की। यह बच्ची जन्म के कुछ घंटों बाद झाड़ियों में लावारिस पाई गई थी। सतीश का यह साहसिक कदम समाज के उस निष्ठुर चेहरे को बेनकाब करता है जो बेटियों को बोझ समझता है। यह कहानी बताती है कि ममता का रिश्ता खून से नहीं, अपनाने से होता है। यह कदम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की असली आत्मा को दशार्ता है और समाज को एक नई सोच की प्रेरणा देता है**

हरियाणा के हिसार जिले के अग्रोहा में हाल ही में एक दिल को छू लेने वाली घटना सामने आई है। गांव कुलेरी निवासी सतीश डूडी ने उस नवजात बच्ची को गोद लेकर इंसानियत और ममता की एक अनोखी मिसाल पेश की, जिसे जन्म के कुछ ही घंटों बाद उसके माता-पिता ने झाड़ियों में छोड़ दिया था। यह घटना न केवल एक मासूम जीवन को नया अवसर देने की कहानी है, बल्कि समाज की उस कठोर सच्चाई का भी पदार्फाश करती है, जो आज भी बेटियों को बोझ समझती है।

लावारिस मिलती नवजात बच्चियाँ: एक कठोर सच्चाई जब किसी सड़क किनारे, कूड़े के ढेर में, या किसी अस्पताल के बाहर एक नवजात बच्ची लावारिस पाई जाती है, तो यह महज एक खबर नहीं होती, बल्कि हमारे समाज के उस निष्ठुर चेहरे का आईना होती है, जिसे हम अक्सर अनदेखा करना चाहते हैं। यह केवल एक परित्यक्त जीवन नहीं, बल्कि उस मानसिकता का प्रतीक है, जो एक लड़की के जन्म को अभिशाप समझती है।

इस बच्ची को न जाने किस मजबूरी में त्याग दिया गया होगा, पर यह कहानी एक गहरी सामाजिक समस्या की ओर इशारा करती है। यह बच्ची, जिसे अपने जीवन की पहली सांसों में ही दर्द और बेरुखी मिली, शायद खुद नहीं जानती थी कि उसका जीवन किसी मसीहा की तलाश में था। लेकिन सतीश डूडी ने उसे अपनाकर दिखा दिया कि ममता का रिश्ता खून से नहीं, अपनाने से होता है।

### सतीश डूडी का साहसिक कदम

अग्रोहा की झाड़ियों में मिली इस नन्ही जान के जीवन में सतीश डूडी एक मसीहा बनकर आए। उन्होंने उस बच्ची को अपनाकर यह साबित कर दिया कि इंसानियत केवल खून के रिश्तों तक सीमित नहीं होती। यह एक ऐसा कदम है, जो न केवल उस बच्ची का भविष्य संवारने वाला है, बल्कि समाज को एक नया संदेश भी देता है - कि हर बच्चा महत्वपूर्ण है, हर जीवन मूल्यवान है।

सतीश का यह कदम समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत भी है। जहां एक ओर बच्चियों को लेकर नकारात्मक मानसिकता हावी है, वहीं सतीश का यह कदम समाज को एक नया संदेश देता है - कि हर बच्चा महत्वपूर्ण है, हर जीवन मूल्यवान है। यह कदम बताता है कि ममता और अपनापन किसी खून के रिश्ते का मोहताज नहीं होता।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ: असली अर्थ

सतीश का यह कदम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की वास्तविक आत्मा को दशार्ता है। जब हम बेटी को अपनाने का साहस दिखाते हैं, तब ही हम समाज में वास्तविक बदलाव की नींव रखते हैं। यह घटना हमें बताती है कि सिर्फ नारों से नहीं, बल्कि कर्मों से बदलाव आता है। हमें केवल बेटियों के जन्म का स्वागत नहीं, बल्कि उनके पूरे जीवन का सम्मान करना होगा।

### समाज की चुप्पी पर सवाल

यह घटना हमें समाज की उस चुप्पी पर भी सोचने पर मजबूर करती है, जहां नवजात बच्चियों को आज भी बोझ समझा जाता है। हम अपने बेटों को गर्व से पालते हैं, लेकिन बेटियों को अपनाने से डरते हैं। यह कहानी हमें बताती है कि असली साहस सिर्फ युद्ध में ही नहीं, बल्कि नन्हीं जानों को सहारा देने में भी होता है।

इस बच्ची का लावारिस मिलना समाज की उस गहरी मानसिकता का प्रतीक है, जो आज भी लड़कियों को आर्थिक बोझ, परिवार की प्रतिष्ठा पर खतरा और वंशवृद्धि में बाधा के रूप में देखती है। 'बेटी पराया धन' जैसी कहावतें हमारे सामूहिक अवचेतन में इतनी गहराई तक घुल गई हैं कि उनके प्रभाव से उबर पाना आसान नहीं।

### समाधान की राह

समाज को यह समझना होगा कि बेटियाँ बोझ नहीं, बल्कि शक्ति और संवेदना की प्रतीक हैं। इसके लिए:

सामाजिक जागरूकता: बेटियों को समान अधिकार और सम्मान देने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाने होंगे।

शिक्षा का प्रसार: लड़कियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

आर्थिक स्वतंत्रता: महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए स्वरोजगार, प्रशिक्षण और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना होगा।

कठोर कानून: लिंग भेदभाव और नवजात परित्याग के मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी।



### अंतिम विचार

नवजात बच्चियों का परित्याग केवल एक व्यक्तिगत अपराध नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक विफलता का प्रतीक है। जब तक हम अपनी मानसिकता नहीं बदलेंगे, तब तक न तो कानून सफल होंगे और न ही सरकारी योजनाएँ। हमें यह समझना होगा कि बेटी का जन्म केवल एक जीवन नहीं, बल्कि एक पूरे परिवार, समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। सतीश डूडी की यह कहानी एक प्रेरणा है, एक सबक है, और एक चुनौती भी, कि हम अपने आसपास के अनचाहे जीवन को अपनाकर दुनिया को एक बेहतर जगह बना सकते हैं।

### झाड़ियों से जीवन तक

झाड़ियों में पड़ी, एक नन्ही कली,
आधी सर्द हवाओं में काँपती हुई सी।
उसकी आँखों में सवाल था, बिना जवाब के,
कौन होगा जो उसे अपनी ममता दे?
कूड़े के ढेर में बसी एक कहानी,
बच्ची की सिसकियाँ, ढूँढ रही थीं नई सुबह की झाँकी।
हर एक नन्हे हाथ में, आसमान छूने की चाह,
सिर्फ सर्द हवा ने उसे दिया था साथ।
लेकिन फिर एक दिल ने उसे देखा,
एक अनजान हाथ ने उसे अपनी गोदी में लिया।
ममता की राह में बसी एक आशा,
जहाँ हर दर्द को आशीर्वाद बना दिया।
नवजीवन को एक आश्रय मिला,
किसी ने उसे जीवन की राह दिखलायी।
झाड़ियों से निकली वह नन्ही कली,
अब नई पहचान, एक उम्मीद की शख्सियत बनायी।
यह सिर्फ एक कहानी नहीं है,
यह हमारे समाज का चेहरा है, जो अक्सर झूठा साबित होता है।
हर लावारिस बच्ची का हक है एक जीवन,
यह हमारी जिम्मेदारी है, सबको दें इसका सम्मान।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**


## वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**


# फास्ट फूड संस्कृति-स्वाद के पीछे सेहत की बलि, स्वाद के पीछे भागती दुनिया



प्रो. आरके जैन अरिजीत,

बाजार की चमक-दमक और स्वाद की चटपटी लहर ने आज के इंसान को इस कदर जकड़ लिया है कि वह न सिर्फ इसके मायाजाल में फँसा है, बल्कि उसे अपनी कैद का अहसास तक भूल चुका है। फास्ट फूड, जो कभी ऐशो-आराम का प्रतीक था, अब रोजमर्रा की जिंदगी का दिल और दिमाग बन गया है। चटकीले मसालों की महक, रंग-बिरंगे व्यंजनों की सजावट, पलक झपकते तैयार होने वाली थालियाँ और चमचमाती पैकेजिंग ने नई पीढ़ी को इस कदर सम्मोहित किया है कि घर का सादा, पौष्टिक खाना अब उन्हें फीका और बेमजा लगने लगा है। यह सिर्फ स्वाद की सनक नहीं, बल्कि एक ऐसा सामाजिक भंवर है, जो हमारी सेहत, संस्कृति और संवेदनाओं को लील रहा है।

पिज्जा, बर्गर, फ्रेंच फ्राइज, मोमोज और नूडल्स जैसे व्यंजन आज केवल भोजन नहीं, बल्कि एक फैशन, एक स्टेटस और एक लत बन चुके हैं। स्कूलों के बाहर खड़े ठेले, मॉल में सजे-धजे आउटलेट्स और गली-गली में उभरते फास्ट फूड स्टॉल इस बात की ताकीद करते हैं कि हमारी प्राथमिकताएँ अब पेट की भूख से ज्यादा जीभ के स्वाद को तवज्जो देती हैं। यह लहर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर उम्र को अपने रंग में रंग चुकी है। लेकिन इस रंग की चमक इतनी तेज है कि इसके पीछे छिपा सेहत का अंधेरा हमें दिखाई ही नहीं देता। फास्ट फूड की चमक-दमक बाहर से जितनी लुभावनी है, भीतर से उतनी ही खतरनाक और विनाशकारी। इसमें इस्तेमाल होने वाला तेल, मैदा, कृत्रिम फ्लेवर, संरक्षक और रासायनिक रंग केवल स्वाद को बढ़ाते हैं, शरीर को नहीं। नियमित सेवन से मोटापा, हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, पाचन संबंधी समस्याएँ और यहाँ तक कि कैंसर जैसी घातक बीमारियाँ पनप रही हैं। यह आधुनिक जहर चुपके-चुपके हमारे शरीर को खोखला कर रहा है, हमारी ऊर्जा को चूस रहा है और जीवन की गुणवत्ता को नष्ट कर रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, अस्वास्थ्यकर आहार वैश्विक स्तर पर मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। फिर भी, हम इस स्वाद के जाल में फँसकर अपनी सेहत का सौदा कर रहे हैं। इस तेज रफ्तार संस्कृति का जहर सिर्फ हमारे शारीरिक स्वास्थ्य तक नहीं रुका; इसने हमारी सामाजिक नींव, पारिवारिक रिश्तों और सांस्कृतिक धरोहर को भी बुरी तरह छलनी कर दिया है। कभी परिवार एक साथ मेज पर बैठकर, गर्मागर्म घर के खाने की खुशबू और हँसी-मजाक के बीच अपनापन बाँटते थे। आज वही लोग मोबाइल स्क्रीन में गुम, प्लास्टिक के डिब्बों में बंद फास्ट फूड के साथ अकेलेपन में डूबे नजर आते हैं। इसने न सिर्फ आपसी संवाद को निगल लिया, बल्कि रिश्तों की गर्माहट और आत्मीयता को भी ठंडा कर दिया। भोजन, जो कभी प्रेम, संस्कृति और एकजुटता का जीवंत प्रतीक था, अब महज एक खानापूर्ति बनकर रह गया है। इस ललचाती संस्कृति को हवा देने में विज्ञापनों का जाल बेहद खतरनाक साबित हुआ है। चमचमाते होर्डिंग्स, सेलिब्रिटीज की चमकती मुस्कान, ह्लखाओ, जियो, मजे लोह्व जैसे दिलकश नारे और ह्लएक खरीदें, एक मुफ्त पाएँह्व जैसे लुभावने ऑफर हमारी सोच को इस कदर बहकाते हैं कि हम भूल जाते हैं—इस तात्कालिक स्वाद की कीमत हम अपनी सेहत, समय और जेब से चुका रहे हैं। बच्चे तो अब फास्ट फूड ब्रांड्स को देवता सा मानने लगे हैं। एक अध्ययन खुलासा करता है कि फास्ट फूड कंपनियाँ जानबूझकर बच्चों को अपने चटकीले विज्ञापनों का निशाना बनाती हैं, जिससे उनकी खानपान की आदतें बचपन से ही बिगड़ रही हैं, और भविष्य पर खतरे के बादल मँडराने लगे हैं। आज की हांफती-भागती जिंदगी में फास्ट फूड समय की बचत का लुभावना शॉर्टकट दिखता है। मगर इस सुविधा की असल कीमत तब सामने आती है, जब हम अस्पतालों की अंतहीन कतारों में खड़े, अपनी बारी का इंतजार करते हैं। जो भोजन हमें चंद मिनटों की राहत देता है, वही भविष्य में डॉक्टरों की चौखट पर घंटों और मोटे मेडिकल बिलों के बोझ तले हमारा समय व जेब दोनों चट कर जाता है।

# काबिलियत और अंक दोनों में फर्क समझें, अंक नहीं, असल काबिलियत की पहचान

बच्चों की शिक्षा का विषय हमेशा से ही समाज का एक महत्वपूर्ण पहलू रहा है। माता-पिता और शिक्षक, दोनों ही बच्चों की सफलता के लिए चिंतित रहते हैं, लेकिन कई बार यह चिंता एक दबाव का रूप ले लेती है। विशेष रूप से अंक या ग्रेड के मामले में, यह दबाव बच्चों की मानसिक सेहत पर गहरा असर डाल सकता है। इस लेख में हम इस मुद्दे की जड़ तक जाने की कोशिश करेंगे कि कैसे अंक और काबिलियत की वास्तविक परिभाषा के बीच के अंतर को समझना और स्वीकारना आवश्यक है।

अंक बनाम काबिलियत: एक बुनियादी भेद अक्सर माता-पिता अपने बच्चों से अपेक्षा करते हैं कि वे हर विषय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करें। वे यह मानते हैं कि अच्छे अंक अच्छे भविष्य की गारंटी हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि अंक केवल एक व्यक्ति की किताबी जानकारी का प्रमाण होते हैं, न कि उसकी असल क्षमता का। उदाहरण के लिए, एक बच्चा जिसे कला, संगीत, खेल या तकनीकी कौशल में रुचि है, वह संभवतः गणित या विज्ञान में उतने अच्छे अंक न ला पाए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह कम लायक है। काबिलियत का अर्थ केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन में समस्याओं को हल करने की क्षमता, नई चीजें सीखने का जज्बा और परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने की क्षमता है। अंक प्रणाली का वास्तविक प्रभाव हमारे शिक्षा प्रणाली का ढांचा अभी भी पारंपरिक मानदंडों पर आधारित है, जहां अंकों को सफलता का एकमात्र पैमाना माना जाता है। इससे बच्चों में असुरक्षा और आत्म-संकोच की भावना विकसित होती है। कई बच्चे अपने माता-पिता की उम्मीदों पर खरे न उतर पाने के डर से मानसिक तनाव का सामना करते हैं। यह मानसिक दबाव उनकी आत्म-छवि और आत्मविश्वास को नुकसान पहुंचा सकता है। साथ ही, यह न केवल बच्चों की पढ़ाई पर बल्कि उनके सामाजिक संबंधों और मानसिक सेहत पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। बच्चों में आत्मनिर्भरता और आत्म-विश्वास की भावना तभी विकसित होती है जब उन्हें बिना भय और दबाव के सीखने का अवसर मिले। कैसे अंक प्रणाली बच्चों की रचनात्मकता को दबाती है अंक प्रणाली न केवल मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि बच्चों की रचनात्मकता और खोज की क्षमता को भी सीमित करती है। वे अपनी मौलिक सोच और रचनात्मकता को छोड़कर केवल अंकों की दौड़ में शामिल हो जाते हैं। यह समस्या केवल भारत



प्रियंका सौरभ

में ही नहीं, बल्कि विश्वभर में देखी जा रही है, जहां छात्रों को एक निर्धारित पाठ्यक्रम में ढालने का प्रयास किया जाता है, बिना उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को पहचानने की कोशिश किए। इसके परिणामस्वरूप, कई बच्चे अपनी वास्तविक क्षमता और रुचियों को पहचानने में विफल रहते हैं, जो कि उनके जीवन में दीर्घकालिक असंतोष का कारण बन सकता है। समाज का नजरिया और दबाव समाज का नजरिया भी इस समस्या का एक बड़ा कारण है। अक्सर माता-पिता अपने बच्चों की तुलना अन्य बच्चों से करने लगते हैं। यह तुलना बच्चों में हीन भावना और जलन पैदा कर सकती है। साथ ही, यह उनके आत्मविश्वास को कमजोर कर देती है। बच्चों को यह महसूस होने लगता है कि उनकी पहचान केवल उनके अंकों से ही मापी जाती है, न कि उनके चरित्र, कौशल और मानवीय मूल्यों से। बच्चों का मानसिक विकास तभी संभव है जब उन्हें बिना किसी भय और दबाव के सीखने का अवसर मिले। परिवर्तन की आवश्यकता हमें शिक्षा के प्रति अपने दृष्टिकोण को बदलने की आवश्यकता है। शिक्षा का मुख्य उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि एक समझदार, सशक्त और नैतिक नागरिक का निर्माण करना होना चाहिए। इसके लिए हमें अंकों से परे जाकर बच्चों की असल काबिलियत को पहचानने और उसे प्रोत्साहित करने की दिशा में कदम बढ़ाने होंगे। हमें यह समझना होगा कि हर बच्चा अद्वितीय है और उसकी रुचियां, क्षमताएं और सपने भी अलग हैं। बच्चों को समर्थन दें, दबाव नहीं माता-पिता का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को प्रेरित करें, न कि उन पर अनावश्यक दबाव डालें। हर बच्चा अनोखा होता है, उसकी सोच, रुचि और क्षमता भी अलग होती है। हमें चाहिए कि हम उन्हें अपने सपनों को पूरा करने की आजादी दें, न कि केवल समाज के तय किए गए मापदंडों पर खरा उतरने का बोझ डालें। बच्चों के साथ संवाद करें, उनकी समस्याओं को समझें और उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मौका दें। केवल अच्छे अंक लाने पर ही नहीं, बल्कि एक अच्छे इंसान बनने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्हें जीवन के हर पहलू में सफलता पाने का आत्मविश्वास दें।

अंक जीवन का एक छोटा हिस्सा हैं, लेकिन असल काबिलियत और नैतिकता जीवन का असली मूल्य है। इसलिए हमें चाहिए कि हम बच्चों को केवल अच्छे अंक लाने के लिए नहीं, बल्कि एक अच्छे इंसान बनने के लिए प्रेरित करें। बच्चों की पहचान उनके अंकों से नहीं, बल्कि उनके विचारों, कर्मों और चरित्र से होनी चाहिए। बच्चों की असली पहचान उनके भीतर छुपी क्षमताओं, रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता में होती है। यही वास्तविक शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए। जीवन केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि एक व्यापक दृष्टिकोण और सकारात्मक सोच से भरा हुआ होना चाहिए।

## शुक्रवार का राशिफल

**मेष:** अगर व्यापार में कोई विवाद था तो आसानी से हल हो जाएगा, मैन्युफैक्चरिंग, मार्केटिंग के क्षेत्र में प्रगति करेंगे, कुछ मीठा खाना खाएंगे। भाग्य प्रतिशत-72

**वृषभ:** पत्नि दूर है तो याद सता सकती है, विदेश जाने की अटकलें दूर होगी, पेट्रोलियम, राज्य सरकार, अकाउंट में कोई जॉब है तो प्रगति होगी।
भाग्य प्रतिशत-74

**मिथुन:** विदेश यात्रा में किसी से निकटता हो सकती है, संतान के लिए खर्चा बढ़ेगा, फाइनेंस के विद्यार्थी है तो शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए।
भाग्य प्रतिशत-67

**कर्क:** परिवार में बड़ों से विचार टकरा सकते है, कोई रिश्ता है तो हा कहने में समय लेंगे, शिक्षा पर ध्यान दे तैयारी अधूरी रह सकती है।
भाग्य प्रतिशत-56

**सिंह:** बड़ा उद्योग लगाने का विचार बनेगा,सरकार की परमीशन लेने में परेशानी होगी, मन्दिर में दान कर सकते है, कोचिंग इंस्टीट्यूट से लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-62

**कन्या:** धन जोड़ने में परेशानी अनुभव होगी, किसी से विवाद करने से बचें, वाणी कठोर सम्भव है,माता के लिए कुछ कर पाएंगे। भाग्य प्रतिशत-52

**तुला:** वैवाहिक संबंधों में डोमिनेट करने से परेशानी हो सकती है,इधर उधर से कोई काम बनेगा पैसा मिल सकता है,थोड़ा जिम्मेदारी बढ़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-56

**वृश्चिक:** प्रेक्टिकल रवैय्या रखेंगे, फिजूल के लोगों से दूरी बनाएंगे, रिस्क कार्य से धन कमाने की इच्छा होगी, गैर जाति में प्रेम प्रसंग शुरू हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-57

**धनु:** माता का स्वास्थ्य परेशान कर सकता है, घर में नकारात्मक प्रभाव रहेगा, इच्छा पूरी होने में मुश्किल होगी, संतान सुख मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-50

**मकर:** लोगों से बातचीत होगी मगर फायदा होने में समय लगेगा, एचआर की जॉब बदल सकते है, नई मित्रता पर जल्दी भरोसा ना करें। भाग्य प्रतिशत-52

**कुंभ:** धन बढ़ना शुरू होगा, किसी का काम करवाने से मिल सकता है, शिक्षा में सफलता भी दिखती है, व्यवसाय में सहयोग की कमी खलेगी।
भाग्य प्रतिशत-58

**मीन:** सेहत को लेकर सचेत रहना होगा, सड़क पर सावधानी से निकले, पशु से भय रहेगा, दूसरी जगह नौकरी के लिए प्रयास तेज करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-51



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# पुलिस ने तीन शातिर अभियुक्त किए गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**अलीगढ़।** जनपद में चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम व तलाश वांछित अपराधियों के विरूध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना गभाना पुलिस द्वारा अभियुक्त करन उर्फ कुन्नू पुत्र दानवीर निवासी मोरहना गभाना जिला अलीगढख अंकित कुमार पुत्र ओमवीर निवासी ग्राम सोमना थाना गभाना जिला अलीगढ व रोहित पुत्र रणवीर सिंह निवासी ग्राम मौरहना थाना गभाना जनपद अलीगढ़ को असलाह व लुटे हुए 24,500 रुपयों के साथ गिरफ्तार किया।



# ऑपरेशन जागृति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गुरूवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद व परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। ऑपरेशन जागृति-4 के 06 मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना, किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन, साइबर हिंसा व सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों से बचाव व पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा शामिल है।



प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी व बीट इंचार्ज द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। ऑपरेशन जागृति अभियान की सहायता से महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोर्टिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी। इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श counselling@support की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बालिकायें इस प्रकार के षडयंत्रों का शिकार न बने, भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्वाद न करें और उन्हें मोहरा न बनाया जाए, यदि वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाये और विधिक कार्यवाही के साथ-साथ उनको counselling@support मिल सके।

# पुराने माल मुकदमाती में दाखिल 44 वाहनों की हुई नीलामी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा थाना मालखानों में रखे वर्षों पुराने मालों का निस्तारण कराये जाने के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन के तहत थाना बन्नादेवी में दाखिल कई वर्षों के माल मुकदमाती में दाखिल वाहनों की गुरूवार को नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न कराई गयी।




थाना बन्नादेवी में वाहनों की नीलामी प्रक्रिया हेतु गठित कमेटी द्वारा थाना बन्नादेवी में माल मुकदमाती में दाखिल 44 वाहनों को नीलाम कराया गया। नीलामी प्रक्रिया में थाना बन्नादेवी पर दाखिल वाहनों को खरीदने हेतु 55 लोगों ने प्रतिभाग किया, जिसमें मौहम्मद शकील पुत्र हाजी मौहम्मद फारूख निवासी कैलाश गली थाना देहलीगेट द्वारा सर्वाधिक बोली पॉच लाख रुपए की लगायी गई।

# अभद्र भाषा देश की पूरी गौरवशाली सेना का अपमान है : विवेक बंसल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के जनजातीय कल्याण मंत्री विजय शाह द्वारा देश की जांबाज महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के प्रति जिस अभद्र एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया, उसकी कठोर निंदा करते हुए पूर्व विधायक विवेक बंसल ने कहा है कि भाजपा के राष्ट्रवाद का यह सबसे ताजा चेहरा है क्योंकि अभी हाल ही में आतंकवादियों के खिलाफ हुए ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय जांबाज सेवा की बहादुर महिला सैन्य अधिकारी सोफिया कुरैशी के प्रति इस प्रकार की बयानबाजी करके भाजपा अपने राष्ट्रवाद का सच्चा चेहरा दिख रही है। यह भाजपा की शैली है कि उच्च नेतृत्व कुछ नहीं कहता है लेकिन उसके छोटे नेतागण उसकी सांप्रदायिक भावनाओं को उजागर करते रहते हैं। यह देश के लिए काफी घातक नीति है क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर को पूरे देश की जनता ने एक स्वर में अपना समर्थन व सहयोग दिया था उसमें कोई एक वर्ग या धर्म नहीं था सभी वर्ग सभी धर्म सभी राजनीतिक दल एक साथ सरकार के साथ खड़े थे उस स्थिति में सांप्रदायिक आधार पर वर्गीकरण करके उनकी सांप्रदायिक मनोदशा को दशार्ता है। भारतीय समाज में इस प्रकार के बयान वह अभद्र भाषा सर्वथा अस्वीकार है। मैं प्रधानमंत्री मोदी से मॉग करता हूॅ के मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह को तत्काल उनके पद से बर्खास्त कर-के उनके विरुद्ध देशद्रोह की धाराओं में कानूनी कार्रवाई की जाए क्योंकि यह अभद्र भाषा महिला अधिकारी का ही अपमान नहीं है अपितु देश की पूरी गौरवशाली सेना का अपमान है। एक तरफ तो हम देश की सेना के ऊपर गर्व करते हैं दूसरी ओर धार्मिक आधार पर किसी वर्ग विशेष के अधिकारी के प्रति इस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग करके देश के सैन्यबल को अपमानित करने का कार्य किया है। इसके साथ-साथ महिला सम्मान की बात करने वाली भाजपा की मोदी सरकार के शासन में एक जांबाज महिला अधिकारी के प्रति इस प्रकार का व्यवहार अक्षम्य है।



# बीएसए व खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने की दी कड़ी हिदायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शौचालय, पेयजल, विद्युतीकरण एवं फर्नीचर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समग्र शिक्षा अभियान के तहत निमार्णाधीन भवनों, स्मार्ट क्लास, वर्चुअल लैब एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को प्रदत्त की जाने वाली सुविधाओं में विलंब पाए जाने पर संबंधित का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने शासकीय विद्यालयों में नामांकन की समीक्षा में पाया कि अब तक 190580 नामांकन हुए हैं, जबकि 2024-25 में 219847 बच्चों के नामांकन हुए थे। उन्होंने नामांकन की संख्या घटने पर नाराजगी जताते हुए निर्देशित किया कि किसी भी दशा में ड्रॉपआउट दर शून्य के करीब लाई जाए। ईंट-भट्टों पर कार्य करने वाले श्रमिक परिवारों के बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन करते हुए समुदाय एवं अभिभावकों को अधिकाधिक जागरूक किया जाए। विद्यालयों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से विद्यालय प्रबंध समिति की बैठकें करने एवं अभिलेखों को अद्यतन रखने के भी निर्देश दिए गए।



विभागीय प्रगति से असंतुष्ट नजर आए जिलाधिकारी ने बीएसए एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने की कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि दिए गए निदेर्शों का अनुपालन कराया जाए। निर्माण कार्यों के लिए टेण्डर प्रक्रिया समय से पूर्ण करते हुए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल विकसित किया जाए। डीएम ने नगर पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत आवस्थापना संबंधी गैप को जल्द से जल्द समाप्त करने के निर्देश देते हुए सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को हिदायत दी कि कायाकल्प के तहत विकास कार्यों को तत्काल पूर्ण कराया जाए। मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था से अनुबंध न होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए एक सप्ताह में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय 100 के सापेक्ष टप्पल में 80, इगलास में 81, नगर निगम में 90, चण्डौस में 96, अकराबाद में 97 वहीं कक्षा 09 में 40 के सापेक्ष टप्पल में 22, इगलास में शून्य, खैर में 17, लोधा में 24 बालिकाओं का ही प्रवेश होने पर जिस पर उन्होंने संबंधित एबीएसए का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिले में आरटीई पोर्टल पर 1253 विद्यालय चिन्हित हैं, जिनमें 16000 बच्चों को प्रवेश दिया जा सकता था, परन्तु खण्ड शिक्षा अधिकारियों की अकर्मण्यता के चलते 8990 आवेदन प्राप्त हुए और मात्र 1722 बच्चों का प्रवेश हो सका। जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# अन्तर्जनपदीय साइबर ठगों का पुलिस ने किया पर्दाफाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक अपराध के निकट पर्वेक्षण में साइबर सेल पुलिस टीम के द्वारा आये दिन आम जनता के मोबाइल चोरी होकर उसमें यूपीआई के माध्यम से धनराशि की निकासी करने वाले साइबर अपराध की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए बढ़ती हुई साइबर अपराध की घटनाओं के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रोरावर पर पंजीकृत आईटी एक्ट के वाछित अभियुक्त के गिरफ्तारी हेतु थाना रोरावर पुलिस व जनपदीय साइबर सेल टीम की संयुक्त टीम द्वारा चार अभियुक्त 28 वर्षीय रिजवान पुत्र सलीम निवासी चांदतारा बान्नी गली, ऊपर कोट, थाना कोतवाली नगर अलीगढ़, 23 वर्षीय इमरान पुत्र नवाब निवासी शाहपुर कुतुब, स्टेडियम के पीछे, थाना रोरावर अलीगढ़, 22 वर्षीय फैसल पुत्र अकरम निवासी शबा मार्केट, बिजली घर, थाना रोरावर अलीगढ़ व 22 वर्षीय समीर पुत्र दिलशाद निवासी एडीए कालौनी, असद स्कूल के पास, थाना देहलीगेट अलीगढ़ को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार मोबाइल की बरामदगी की गयी।



पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्तों ने मुकदमा वादी की दुकान से मोबाइल चोरी करके उसकी यूपीआई के माध्यम से 17,000 रुपए की निकासी करके घटना कारित की गयी रिजवान उपरोक्त से पूछताछ की गयी तो बताया कि मैं और मेरे साथी मोबाइल चोरी करके उसमें यूपीआई बैंक करके उसमें से रुपए निकाल लेते थे और रुपए निकालने के बाद मोबाइल को दूसरे जनपद में बेच देते थे। रिजवान उपरोक्त ने बताया कि वह पूर्व में कई बार जेल जा चुका हूं अव में नोयडा में रहकर काम कर रहा हूं वही मैने कुछ लडकों से मोबाइल चोरी करके यूपीआई के माध्यम से रुपए निकालना सिखा था।

# सड़क नाला निर्माण कार्य का नगर आयुक्त ने लिया जायजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मुख्यमंत्री-ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम योजनान्तर्गत नगर निगम द्वारा पैकेज 2 अंतर्गत लगभग 29 करोड़ 58 लाख की लागत से वार्ड 11, 15 व 34 में खैर रोड स्थित हीरा लाल की पुलिया से नादा पुल चौराहा तक 2.56 मीटर लंबी सड़क एवं लगभग 1424.77 लाख की लागत से वार्ड सं 08, 15, 26, 69 गूलर रोड पर जी०टी० रोड स्थित शहंशाह होटल की पुलिया से देहलीगेट चौराहे तक 2.08 मीटर लंबी सड़क निर्माण का नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने मुख्य अभियंता के साथ निरीक्षण किया।



निरीक्षण के समय दोनों सड़को के निर्माण कार्य में कम लेबर देख कर नगर आयुक्त ने कार्यदाही फर्म पी0पी0एस0 के प्रोजेक्ट मैनेजर मो0 इमरान से कम लेबर की वजह पूछी। नगर आयुक्त ने कहा अगले शुक्रवार दोबारा निरीक्षण करूँगा निर्माण स्थल पर दोनों साइड 50 लेबर प्रतिदिन लगाकर तेजी से कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजर से कहा आने वाले मानसून को देखते हुए तेजी से निर्माण कार्य कराए जाने की जरूरत है क्योंकि बारिश के महीनों में निर्माण कार्य की गति धीमी हो जाती है। मौके पर नगर आयुक्त ने कार्यदाही एजेंसी के साथ साथ संबंधित अवर अभियंता संजय कुमार सहायक अभियंता राजवीर सिंह को निर्माण कार्यों में मानक, गुरवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए निर्धारित अवधि में निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कहा निर्माण कार्यो मानक व गुरवत्ता में लापरवाही के सीधे अवर अभियंता, सहायक अभियंता की जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी लेबर पर्याप्त मात्रा में न पाए जाने पर संबंधित एजेंसी को नोटिस व जुमार्ना भी लगाया जाएगा। निरीक्षण में नगर आयुक्त के साथ मुख्य अभियंता सुरेश चंद को बिजली विभाग से समन्वय कर सड़को से ट्रांसफार्मर व पोल शिफ्टिंग कराये जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में नगर आयुक्त के साथ मुख्य अभियंता सुरेश चंद, अधिशासी अभियंता बिजेन्द्र पाल, एई राजवीर सिंह, संजय कुमार, अहसान रब आदि साथ थे।

## संक्षिप्त समाचार

### एसएसपी द्वारा की गई जनसुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा पुलिस कार्यालय पर



प्रतिदिन की भाँति जनसुनवाई की गई एवं आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध त्वरित निस्तारण हेतु अधीनस्थों को दिशा-निर्देश दिये गये।

### डेंगू को हराने के उपाय करें, थीम पर आज आयोजित होगा कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 16 मई को जिले में दसवें राष्ट्रीय डेंगू दिवस को देखें, साफ करें, ढ़कें डेंगू को हराने के उपाय करें थीम पर आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नीरज त्यागी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन 16 मई को दोपहर 12 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा।

### जल निकासी की नगर आयुक्त ने की समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जून में मानसून के आने की सभांवना को देखते हुए नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने जलकल विभाग के सहायक अभियंता अवर अभियंता के साथ जलभराव वाले क्षेत्र में नगर निगम द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओ की समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त ने सहायक अभियंता पुष्पेंद्र सिंह और अवर अभियंता नरेंद्र सिंह को 5 जून तक सभी पंपिंग



स्टेशनों का भौतिक सत्यापन करते हुए पंपिंग स्टेशन की क्षमता पंप सेटों की मरम्मत, मोटर पंप की मरम्मत और मोबाइल पंप सेट की मरम्मत के साथ-साथ अतिरिक्त पंप सेट क्रय करने के निर्देश दिए है। पिछले साल जलभराव वाले क्षेत्र शाह जमाल सुदामापुरी स्टेशन गूलर रोड आदि क्षेत्र में जल भराव की समस्या की समीक्षा करते हुए इन क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर जल निकासी के संसाधनों को बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जलकल विभाग को जल भराव के हॉट स्पॉट की सूची तैयार कर अभी से ही संसाधन जैसे मोबाइल पम्पिंग यूनिट, सीवर पम्पिंग स्टेशन पर मोटर्स की संख्या, पुरानी मोटर मरम्मत, रिजर्व में पंप सेट व मोटर्स की बढ़ोतरी करने के लिए कहा, समीक्षा बैठक के अंत में नगर निगम कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष रॉबिन केला और पूर्व महामंत्री विजय गुप्ता के साथ कमर्चारियों ने नगर आयुक्त का स्वागत किया।

संवाद | मेधावी छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# जिलाधिकारी ने मेधावी छात्राओं से किया संवाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह द्वारा कलैक्ट्रेट सभागार में यू0पी0 बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवाद कार्यक्रम में जिले की विभिन्न विद्यालयों की टॉपर्स छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान जिलाधिकारी व सीडीओ ने छात्राओं के साथ खुलकर संवाद किया, उनके अनुभवों, लक्ष्य एवं भविष्य की योजनाओं को जाना। छात्राओं ने भी प्रशासनिक अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे, जिनका उत्तर अधिकारियों ने सरल एवं प्रेरणादायी ढंग से दिया। छात्राओं ने सिविल सेवा, रिसर्च, भविष्य में स्ट्रीम एवं विषयों का चयन, परीक्षा के दौरान तनाव को कम करने, कोचिंग का महत्व, सोशल एवं कम्युनिकेशन स्किल को बेहतर करने सबंधी जिज्ञासाओं को दूर किया।

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों की यह सफलता समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने छात्राओं को निरंतर मेहनत करते रहने की प्रेरणा दी और आश्वस्त किया कि प्रशासन स्तर पर उन्हें हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। डीएम ने विद्यार्थियों को अपनी क्षमता को पहचान कर आगे बढ़ने और कैरियर के साथ-साथ स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने सबंधी टिप्स भी सुझाए। उन्होंने यह भी कहा कि कैरियर के फेर में बचपन को हाथ से न जाने दें, ये दिन वापस नहीं आएंगे। हर विषय का अपना महत्व होता है। धारणाओं एवं भ्रांतियों पर ध्यान न देते हुए अपनी रुचि के अनुसार विषयों का चयन कर अध्ययन करें। मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने छात्राओं से संवाद करते हुए शिक्षा में निरंतर गुणवत्ता और नवाचार को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग में आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण और कड़ी मेहनत से ही सफलता संभव है। उन्होंने समय प्रबंधन विशेष ध्यान देने की नसीहत देते हुए कहा कि इसका फायदा आपको जीवन भर मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी गईं। इस दौरान डीआईओएस सर्वदानन्द, एडीआईओएस मनोरमा ठाकुर, डीपीओ अजित कुमार, विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं छात्राओं के माता-पिता भी उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम का संचालन नीतू सारस्वत द्वारा किया गया।



# सेल्समैन की हत्या के मामले में मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं ।** कुंवरगांव क्षेत्र में शराब की दुकान के सेल्समैन की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक बृहस्पतिवार तड़के हुई मुठभेड़ में तीनों बदमाशों को पकड़ा है। तीनों को पैरों में गोली लगी है। एक सिपाही भी घायल हुआ है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव दिगुरैया में देसी शराब की दुकान के सेल्समैन मुकेश यादव की मंगलवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने घटना का खुलासा करने के लिए चार टीमों को लगाया था। मामले में पंकज खुराना समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। बुधवार को डीआईजी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और घटना के खुलासे के निर्देश दिए।

**मुखबिर की सूचना पर की घेराबंदी**

सीओ सिटी रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि पुलिस टीम अपने अपने स्तर से क्षेत्र में सक्रिय थीं। बृहस्पतिवार तड़के मुखबिर ने सूचना दी कि सेल्समैन मुकेश की हत्या करने वाले बदमाश बाइक से चकोलर गांव की तरफ से कुंवरगांव आ रहे हैं। इस सूचना के बाद कुंवरगांव थाने की टीम गंगा एक्सप्रेस-वे सर्विस रोड के किनारे लग गई। चकोलर मोड़ की तरफ से बाइक आई तो उसे रोकने का प्रयास किया। जिसपर बाइक सवार बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग करते हुए बदमाशों को घेर लिया। फायरिंग में तीनों बदमाश व सिपाही अनुज कुमार गोली लगने से घायल हो गए। बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया।



ये बदमाश हुए गिरफ्तार

1. मोहित पुत्र राजकुमार निवासी कस्बा व थाना कादरचौक।
2. श्याम सिंह पुत्र कुंवरसैन निवासी ग्राम रामताल थाना सिकंदरपुर वैश्य जनपद कासगंज हाल निवासी कृष्णा कॉलोनी उझानी।
3. इरफान पुत्र इस्तकार निवासी कस्बा व थाना कादरचौक को गिरफ्तार किया है।

सीओ सिटी ने बताया कि बदमाशों से तीन तमंचे व कारतूस बरामद हुए हैं। घटना से संबंधित कुछ धनराशि भी बदमाशों के पास मिली है। घायल बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूछताछ के बाद घटना का खुलासा एसएसपी डॉ ब्रजेश कुमार सिंह पुलिस लाइन सभागार में करेंगे।

# दहेज उत्पीड़न के मामले में महिला ने कराई सुसराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** नगर के एक मौहल्ले की निवासी महिला ने पति सहित ससुराल वालों पर उत्पीड़न एवं प्रताड़ित करने मारपीट करने गाली गलौज करने जान से मारने की धमकी देने दहेज की मांग करने का आरोप लगाकर प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर के मौहल्ला कायस्तान पूर्वी लाइनपार निवासी विवाहित महिला आमिर जहां का कहना है कि उसकी शादी एक वर्ष पूर्व क्षेत्र के ग्राम छिरावली निवासी नौशे के पुत्र फरीन उर्फ फईम के साथ हुई। महिला का आरोप है कि उसका पति शादी के बाद से ही उसके साथ गाली-गलौज करता है मारपीट करता है दहेज के लिए उत्पीड़न व प्रताड़ित करता है आग लगाकर जान से मारने की भी धमकी देता है दहेज के रूप में एक बुलेट मोटरसाइकिल और पांच लाख की

**महिला ने सुसराल वालों पर लगाया दो लाख नकदी मांगने और मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप**

नगदी की मांग करता है। ससुराल में उसे अन्य लोग भी परेशान करते हैं मारपीट करते हैं जान से मारने की धमकी देते हैं दहेज की मांग करते हैं महिला का आरोप है कि मंगलवार की समय करीब रात नो बजे उसके पति और ससुराल वालों ने गाली गलौज करते हुए लात घुसों से उसे मारा पीटा जान से मारने की धमकी दी । तब उसने अपने मायके को फोन कर दिया उसका भाई महबूब आ गया ससुराल वालों ने उसे भी लात घुसो से मारा पीटा जान से मारने की धमकी दी और महिला का आरोप है कि उसके भाई महबूब की उंगली उसके पति ने अपने मुंह से चबा ली । मारपीट के कारण महिला एवं उसके भाई के चोटे आई है । महिला के प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने महीला के पति फरीन उर्फ फईम, अमीर अहमद,रईस अहमद ,शाहजहां, नौशे, जहीर, मुस्तफा और शमा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# महापुरुष स्मारक समिति ने मनाई शहीदों की जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के छोटे लाल कॉलोनी स्थित शिव शांति आदर्श जूनियर हाईस्कूल में महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद सुखदेव,शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।अध्यक्षता ममता मौर्य ने की। संचालन अलका सक्सैना ने किया । विशिष्ट अतिथि राजेश विपाशा दीप, भूमिका वार्ष्णेय, यशोदा भारद्वाज, आरती श्री वास्तव, डिंपल, वंदना, कोमल वार्ष्णेय, कशिश, सपना रानी, भावना, प्रियंका, हर्ष रस्तोगी, काव्या, रेनू कुमारी, करिश्मा, वंशिका रहीं।व्यवस्थापक वानी वार्ष्णेय रही। कार्यक्रम संयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा रहे।



# भाकिमो द्वारा शहरी विद्युतीकरण से जोड़ने के लिए नायब तहसीलदार को सौंपा मॉग पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** भाजपा किसान मोर्चा के कद्दावर नेता पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में धनीपुर की शहरी विद्युतीकरण करने के लिए जोरदार प्रदर्शन किया सैकड़ो की तादात में धनीपुर के आसपास के किसान उपस्थित रहे।

भाजपा किसान मोर्चा के कद्दावर नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व मे नायब तहसीलदार धनीपुर व जिलाधिकारी के नाम एक मॉग पत्र दिया। मांग पत्र में धनीपुर को शहरी विद्युतीकरण से जोड़ने की मॉग की गई जिससे जनता को शहरी लाइट का पूरा फायदा मिल सके धनीपुर नगर निगम की सीमा में शामिल है व पार्षद का चुनाव हुआ है सारी सुविधाएं नगर निगम से मिलनी चाहिए और शहर की बिजली भी नगर निगम की सीमा की मिलनी चाहिए। इस संबंध में नायब तहसीलदार वीरेंद्र कुमार को अति शीघ्र कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी के नाम एक मांग पत्र दिया। इस दौरान रमन सिंह जादौन, ठाकुर ओम प्रकाश सिंह जादौन, संतोष कुमार कश्यप, दिनेश कुमार कश्यप, डालचंद बघेल, सुमित कुमार सिंह, डॉक्टर शिवनंदन सिंह, डॉक्टर पिंटू सिंह, मोनू कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।



# बरवाला शहर में जींद रोड पर तीन एकड़ में बनाई जा रही अवैध कॉलोनी में चला पीला पंजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हिसार ।** जिला नगर योजनाकार ने बरवाला शहर में जींद रोड पर इंडियन पेट्रोल पंप के सामने काटी जा रही अवैध कॉलोनी में बन रही कच्ची सड़कों पर पीला पंजा चला कर कच्ची सड़कों को तहस नहस कर दिया गया है` इस दौरान किसी भी कॉलोनाइजर ने मौके पर आने की जहमत तक नहीं उठाई और ना ही किसी ने इस बारे कोई एतराज वगैरह जताया` मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई थी` यह कार्रवाई जिला नगर योजनाकार दिनेश सिंह के नेतृत्व में की गई और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में पीडब्ल्यूडी (बी&आर) एसडीई रण सिंह मौजूद रहे` जिला नगर योजनाकार द्वारा यह पीला पंजा तीन एकड़ में बनाई जा रही अवैध कॉलोनी में चलाया गया`अवैध कॉलोनी में पीला पंजा चलने की खबर जैसे ही कॉलोनाइजरों को पता चली तो कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया और वो दूर खड़े होकर एक दूसरे से इस अवैध कॉलोनी में चल रहे पीले पंजे के बारे में जानकारी लेते देते नजर आए` जिला नगर योजनाकार द्वारा अवैध कॉलोनी में पीला पंजा चलवाने से प्रॉपर्टी के दामों में एकदम गिरावट आ जाती है और कोई भी अवैध कॉलोनी में प्लाट खरीदने से कतराता है ।

प्रॉपर्टी डीलरों के लिए अवैध कॉलोनी में कम दामों में भी प्लांट बेचना टेढ़ी खीर बन जाता है जींद रोड पर बनाई जा रही इस अवैध कॉलोनी में पीला पंजा 3 घंटे प्रातः साढ़े 11 बजे से दोपहर अढ़ाई बजे तक चला` क्या कहते हैं जिला नगर योजनाकार : जब इस बारे जिला नगर योजनाकार दिनेश सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कालोनाइजरो को इस बारे में नोटिस दिए गए थे परंतु ये कॉलोनाइजर अपनी हरकतों से बाज नहीं आए ।

# भाभी ने की दो ननद और सास के साथ मारपीट रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में आपसी विवाद को लेकर भाभी ने अपनी दो ननद और सास के साथ मारपीट की महिला ने अपने पुत्र एवं पुत्रवधू के खिलाफ शिकायती प्रार्थना पत्र स्थानीय पुलिस को दिया। पुलिस ने महिला के पुत्र एवं पुत्रवधू के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। जानकारी के अनुसार कुंदरकी थाना क्षेत्र के ग्राम डोमघर निवासी महिला भूरी ने पुलिस में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उसका पोता उबेद रजा स्कूल को नहीं जा रहा था। उसकी मां स्कूल भेज रही थी। इस बात पर मेरी पुत्री जास्मीन ने अपनी भाभी से कहा कि एक थप्पड़ मार दो तो स्कूल चला जाएगा। इसी बात पर मेरी दूसरी पुत्रवधू आसिया पत्नी इस्तेखार ने इसी को लेकर मेरी पुत्री जासमीन व आसमीन वह मुझे गाली गलौज करने लगे। गाली देने को मना किया तो उसकी पुत्रवधू आशिया तथा उसके पुत्र इस्तेखार ने गाली गलौज करते हुए हम तीनों को मारा पीटा है। जिससे हम लोगों के जगह-जगह चोटे आई हैं जैसे तैसे जान बचाकर मैं अपनी पुत्रीयों के साथ बाहर भागी इतने पर भी आशिया और इसके पति ने यह धमकी दी कि अब तो बच गए अगली बार जान से मार देंगे । पुलिस ने महिला के प्रार्थना पत्र के आधार पर उसकी पुत्रवधू एवं पुत्र के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है।

# कुलपति प्रो. ए.के. तनेजा ने किया पुरुष छात्रावास का औचक निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर अजय कुमार तनेजा ने आज विश्वविद्यालय के पुरुष छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास परिसर की साफ-सफाई, समग्र व्यवस्थाओं एवं भोजन की गुणवत्ता का गहनता से जायजा लिया। इस दौरान कुलपति महोदय ने छात्रों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनके साथ भोजन ग्रहण कर खाने की गुणवत्ता की स्वंय जांच की। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता को लेकर मेस इंचार्ज को आवश्यक हिदायतें दीं और निर्देश दिया कि भोजन ताजगी, पौष्टिकता और स्वाद में किसी भी प्रकार की कमी न हो। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि मेस की रसोई में साफ-सफाई और स्वच्छता के उच्चतम मानकों का पालन किया जाए। कुलपति महोदय की सादगी, संवेदनशीलता और छात्र हितों के प्रति प्रतिबद्धता ने छात्रों और कर्मचारियों के बीच गहरी छाप छोड़ी। उनके इस व्यवहार की छात्रों ने विशेष रूप से प्रशंसा की और इसे एक प्रेरणादायक उदाहरण बताया। कुलगुरु प्रो. तनेजा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रशासन पारदर्शिता, अनुशासन और छात्र कल्याण की दिशा में लगातार सक्रिय है।



# अक्सा परवीन कुरैशी ने12वीं कक्षा में 96% अंक पाकर किया विद्यालय टॉप

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**लावड़।** शांतिनिकेतन विद्यापीठ की छात्रा अक्सा परवीन कुरैशी, पुत्री हाजी फिरोज कुरेशी निवासी कस्बा लावड़ ने हाल ही में घोषित हुए 12वीं कक्षा के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अक्सा ने 96% अंक हासिल कर न केवल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, बल्कि विद्यालय का भी नाम रोशन किया है। अक्सा की इस शानदार सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने खुशी व्यक्त की है। उन्होंने अक्सा की कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अक्सा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपनी नियमित पढ़ाई को दिया है।इस उपलब्धि से शांतिनिकेतन विद्यापीठ में खुशी का माहौल है और अन्य छात्र-छात्राएं भी अक्सा से प्रेरणा ले रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने अक्सा को उनकी इस असाधारण उपलब्धि पर बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।




# बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष ने भाजपा से कहा अलविदा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट रोशनी खान ने भाजपा सरकार पर गम्भीर आरोप लगाते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष परवेज मियां को भेजा अपना इस्तीफा एडवोकेट रोशनी खान ने इस्तीफे पत्र में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार द्वारा पूरे पाँच साल के कार्यकाल के दौरान अल्पसंख्यकों, दलितों, पिछड़े समुदाय के नेताओं व जनप्रतिनिधियों को कोई तबज्जो नहीं दी गयी और न ही उन्हे उचित सम्मान दिया गया।



इसके अलावा प्रदेश सरकार द्वारा दलितों, पिछड़े किसानों व बेरोजगार अल्पसंख्यकों, नौजवानों, छोटे लघु एवं मध्य श्रेणी के व्यापारियों की घोर उपेक्षा की गयी है। प्रदेश सरकार के कूट नीति रवैये के कारण मै भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा बरेली के जिला उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देती हूँ।

# अंडरग्राऊंड केवल खराब होने विद्युत आपूर्ति रुकी, शिवपुरम के निवासी परेशान


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं।** मोहल्ला शिवपुरम गली नंबर एक में अंडरग्राउंड केवल से विद्युत की सप्लाई चल रही है, जो कि आए दिन खराब होती रहती है, दो दिन पहले एक फेस बंद हुआ उस के बाद दूसरा फेस भी बंद हो गया कल दोपहर 1:00 बजे से पूरी तरह से केवल खराब हो गई है पूरे मोहल्ले में 13 तारीख 1:00 बजे से सप्लाई बाधित है गर्मी का आलम यह है कि बिना पंखे के घरों में रुका नहीं जा रहा है 24 घंटे से ज्यादा हो गए अभी तक सप्लाई ही नहीं मिल पाई है, मुहल्ले के लोगों ने बताया कि ऐसी भीषण गरमी में हम घर छोड़कर कहां जाएं बिजली न आने से इन्वर्टर बैट्री भी डाउन हो गई है घरों में अंधेरा है विद्युत विभाग की इस लापरवाही से स्थानीय निवासियों में काफी आक्रोश देखा गया, यही पर एक टॉवर भी लगा हुआ है जिस पर एयरटेल, जियो का नेटवर्क चल रहा है सप्लाई न आने से नेटवर्क में भी दिक्कत आ रही है । स्थानीय निवासियों ने बुलंद संदेश के माध्यम से प्रार्थना की है कि एसडीओ, जे ई हमारी समस्या का समाधान करें।

# अलग-अलग थाना क्षेत्र से सात अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित व वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना इगलास पुलिस द्वारा अभियुक्त प्रवीन उर्फ नहने पुत्र चित्रम सिंह निवासी साथनी जनपद अलीगढ़ को मय 199 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा के साथ इगलास रोड़ से मान बम्बा से गिरफ्तार किया गया।



तो वहीं थाना अकराबाद पुलिस द्वारा अभियुक्त अरुण कुमार पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम पनैठी थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़ को एक देशी तमंचा 315 बोर के साथ देशी शराब ठेका पनैठी कासगंज रोड से गिरफ्तार किया। तो वहीं थाना गांधीपार्क पुलिस द्वारा अभियुक्त संजीव शर्मा पुत्र गुरुदत्त शर्मा निवासी राम बिहार पला रोड थाना सासनीगेट जनपद अलीगढ़ को एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ शिशियापाडा स्कूल वाली गली हल्का चौकी क्षेत्र गांधीपार्क से गिरफ्तार किया। तो वहीं थाना खैर पुलिस द्वारा अभियुक्त अंकित पुत्र दिनेश निवासी कमालपुर थाना टप्पल जनपद अलीगढ को 45 पैक ट्रैटा पैक के साथ मण्डी गेट के पास होटल के सामने कस्बा खैर के पास से गिरफ्तार किया व अभियुक्त जयराम सिंह पुत्र शरमन सिंह निवासी हजियापुर थाना टप्पल जनपद अलीगढ को 45 पैक ट्रैटा पैक के साथ मण्डी गेट के पास होटल के सामने कस्बा खैर के पास से गिरफ्तार किया। तो वहीं थाना खैर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त विशाल पुत्र स्व0 चम्पालाल निवासी महताब नगला थाना देहलीगेट जनपद अलीगढ को भानेरा मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया। तो वहीं थाना क्वार्सी पुलिस द्वारा अभियुक्त बाबर पुत्र जाहिद निवासी जमालपुर थाना सिविल लाइन अलीगढ को एक देशी तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ इमरजेन्सी बिल्डिंग के पास पं0 दीनदयाल संयुक्त हास्पीटल रामघाट रोड थाना क्वार्सी अलीगढ से गिरफ्तार किया।

# आईटीआई चलो अभियान 12 मई से प्रारंभ, 6 जून तक चलेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं।** आईटीआई चलो अभियान 12 मई से शुरू हो गया है। यह अभियान पांच जून तक चलेगा। बुधवार को डीएम अवनीश राय ने अभियान की समीक्षा की। कहा कि इस दौरान अधिक से अधिक युवाओं को आईटीआई के विभिन्न ट्रेड्स की जानकारी देकर ऑनलाइन आवेदन कराया जाएगा। साथ ही अप्रेंटिसशिप योजना व पीएम इंटर्नशिप कार्यक्रम की भी समीक्षा की।

डीएम ने कहा कि राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) के अंतर्गत अप्रेंटिसशिप कराने व पीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए 32 युवाओं का लक्ष्य आया था। इसमें 84 ऑनलाइन आवेदन आ चुके हैं। इन आवेदनों का फॉलोअप लेने के लिए भी कहा। सीडीओ केशव कुमार ने बताया कि रोजगार संगम पोर्टल पर विभिन्न कंपनियां पंजीकरण कराकर आईटीआई के युवाओं को रोजगार दे रही हैं। सेवा मित्र पोर्टल पर आईटीआई अभ्यर्थी अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इस पोर्टल के माध्यम से उन्हें रोजगार मिलेगा।

श्रद्धांजलि

**सभी की विचारधारा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की विचारधारा है**

# भाकियू किसान सभा कार्यकर्ताओं ने पुण्यतिथि पर बाबा टिकैत को दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** भारतीय किसान यूनियन किसान सभा ने बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 14वी पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी निखिल राव ने की।

जिलाध्यक्ष चौधरी निखिल राव ने कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत एक महान व्यक्ति थे उन्होंने तमाम उम्र किसान और मजदूरों की लड़ाई लड़नें में बीता दी वो सदा किसानो और मजदूरों के सम्मान के लिए लड़ते रहे आज किसान संगठन काफी है लेकिन सभी की विचारधारा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की विचारधारा है।

भारतीय किसान यूनियन किसान सभा सदा उनकी आभारी रहेगी जिन्होंने किसान और मजदूरों को अपने हक के लिए लड़ना सिखाया बाबा महेंद्र सिंह टिकैत जैसा युगपुरुष अब कभी नहीं मिलेगा सारी किसान और मजदूर कोम सदा उनकी आभारी रहेगी और सदा उनको याद करती रहेगी।इस दौरान मनोज पाल, सहदेव पाल, अकरम कुरैशी, शहरोज मलिक, कैफ, अहसान मेम्बर, खलील, सरफराज, मनीष पाल, सोनी खान, मुन्फीद, नजाकत खान,आदि मौजूद रहें।



# मैथ्स ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा छात्रों को प्रमाण पत्र देकर किया पुरस्कृत !

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित एस.एम. इंटर कॉलेज के प्रांगण में मैथ्स ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल मैथ्स ओलिंपियाड IMO 2024 की एक लिखित परीक्षा का आयोजन पूर्व में किया गया था क जिसमें पूर्व में पंजीकृत विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाक इसी क्रम में कॉलेज के 50 विद्यार्थियों द्वारा IMO2024 में पंजीकरण कराया गया जिसमें 49 विद्यार्थियों परीक्षा में सम्मिलित हुएक एक छात्र अनुपस्थित रहाक मैथ्स ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा समस्त 49 छात्रों को मैथ्स ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा प्राप्त प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया' विद्यालय के एक छात्र को गोल्ड मेडल तथा दो छात्रों को सिल्वर मेडल एवं तीन छात्रों को कांस्य मेडल प्राप्त हुए' मैथ्स ओलिंपियाड परीक्षा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा उपलब्ध कराए गए पाठ्यक्रम पर आधारित थी। क्टड2024 परीक्षा करने का उद्देश्य छात्रों में गणितीय अवधारणाओं को समझने के साथ ही भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना होता है तथा अपने कौशल को विश्लेषणात्मक और तार्किक रूप से रखने का मौका मिलता है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को मैथ्स ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा प्रमाण पत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया'। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता, , मैथ्स ओलिंपियाड कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार, योगेश बाबू,नेमचंद, गणेश सिंह, विपिन कुमार खम्मन सिंह, चंद्रवीर सिंह, सत्यपाल, डॉ विनीता रानी ममता शर्मा,अनूप सिंह, आशकरमन सिंह संजीव कुमार, सुंदर पाल सिंह, सुनील कुमार, मोहम्मद इमरान अभिषेक त्यागी जयप्रकाश, कृष्ण अवतार आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा ।



# नवागत अधिशासी अधिकारी ने संभाला नगर पालिका का कार्यभार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** तत्कालीन अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव के तबादले के बाद बुधवार को नवागत ईओ दीपिका शुक्ला ने नगर पालिका का चार्ज संभाल लिया। इस अवसर पर ईओ का पालिका अध्यक्षा सबीला अंसारी तथा के सभासदों ने बुके देकर जोरदार स्वागत किया।



बता दें, कि सरधना नगर पालिका की ईओ मोनिका उमराव का तबादला हो गया। उन्हें उखंबा भेज दिया गया है जबकि सरधना की नई ईओ का कार्यभार दीपिका शुक्ला को सौंपा है। दीपिका शुक्ला ने नगर पालिका परिषद डिबाई जनपद बुलंदशहर में मात्र चार्ज ही लिया था। 09 मई को शासन ने डिबाई से दीपिका शुक्ला का जनहित में तात्कालिक प्रभाव से स्थानान्तरित नगर पालिका परिषद सरधना जनपद मेरठ में किया। दीपिका शुक्ला ने आज नगर पालिका पहुंचकर अपना चार्ज संभाल लिया। ईओ दीपिका शुक्ला ने कहा कि नगर क्षेत्र का विकास प्राथमिकता होगी। इस मौके पर सभासद शानू जैन, ऋषभ जैन,शाहवेज अंसारी, पंकज टाली, राहुल पाल,विपिन कुमार, मनोज कुमार नसीर अहमद आदि मौजूद रहें।

# सुभारती अस्पताल में गामा कैमरा मरीजों के लिए बना वरदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** गामा कैमरा सटीक निदान और बेहतर इलाज में मददगार। कैमरे की मदद से बीमारी की स्थिति को समझने के साथ रोग का प्रारंभिक व स्पष्ट निदान मिलता है। गामा कैमरा से कैंसर, थायराइड, हृदय रोग, किडनी फंक्शन, हड्डी की समस्याओं आदि का प्रारंभिक और स्पष्ट निदान मिलता है। इसके माध्यम से रोग शुरू होने से पहले ही पता चल जाता है, कि शरीर का कौन सा अंग कितना खराब है और कैसे काम कर रहा है। अगर किसी रोगी की किडनी खराब हो जाए, तो उसकी बेहतर स्थिति पता करने में गामा कैमरा सबसे मददगार है। इससे यह पता लगाया जा सकता है, कि किडनी कितनी खराब है और इसको निकाला जा सकता है या फिर उपचार के माध्यम से ही ठीक हो सकती है। इसलिए गामा कैमरा रोगियों के लिए वरदान साबित हो रहा है। गामा कैमरा की सुविधा मेरठ सहित आस पास के क्षेत्र में सुभारती अस्पताल में उपलब्ध है।स्वास्थ्य का सही मूल्य वही जानता है, जिसने किसी बीमारी से लड़ाई लड़ी हो। मेरठ और आसपास के क्षेत्रवासियों के लिए खुशखबरी है। अब छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल में अत्याधुनिक गामा कैमरा की सुविधा उपलब्ध है, जो आपको समय पर और सटीक डायग्नोसिस दिलाने में मदद करेगी। सुभारती अस्पताल के उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ.कृष्णा मूर्ति ने बताया कि गामा कैमरा एक उन्नत मेडिकल इमेजिंग डिवाइस है, जो न्यूक्लियर मेडिसिन तकनीक का उपयोग करके शरीर के आंतरिक अंगों की गतिविधियों को दिखाता है। यह डिवाइस शरीर में इंजेक्ट की गई रेडियोधर्मी दवा से निकलने वाली गामा किरणों को पकड़ कर इमेज बनाता है। इससे डायग्नोसिस इमेज के माध्यम से डॉक्टर बीमारी की स्थिति को समझ कर बेहतर इलाज कर सकते हैं।



डॉ.कृष्णा मूर्ति ने विशेष बताया कि सुभारती अस्पताल उत्तर प्रदेश सहित दिल्ली एनसीआर का विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अग्रणी अस्पताल है। जिसमें अनुभवी डॉक्टर और टेक्निकल स्टाफ 24 घण्टे प्रतिबद्धता से चिकित्सीय सेवाएं प्रदान कर रहे है।

# क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया रोजगार मेला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** सहायक निदेशक क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मेरठ के प्रांगण में आज रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले

**06 कम्पनी द्वारा 204 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार कर कुल 147 अभ्यर्थियों को किया गया चयनित**

में 06 कम्पनी द्वारा प्रतिभाग किया गया (05 कम्पनी ऑफलाइन तथा 01 कम्पनी ऑनलाइन) जिनके द्वारा फिल्ड आफिसर, ट्रेनी, मशीन आपरेटर, एम0आर0 गग्जी0, हैल्पर, अप्रेन्टिस, सेल्स एग्जी0, ऑपरेटर, ब्राच डवलपमेंट आदि पदो हेतु साक्षात्कार लिया गया।रोजगार मेले में उपस्थित अभ्यर्थियों का शशिभूषण उपाध्याय, सहायक निदेशक तथा जय भगवान क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ द्वारा कैरियर मार्गदर्शन दिया गया। युवाओं को प्रेरित करते हुए बताया गया कि वह रोजगार संगम पोर्टल व सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से दी जाने वाली सभी सेवाओं का लाभ उठायें। साथ ही साथ कम्पनी के एच0आर ने अपनी कम्पनी की रिक्तियों एवं कार्यां से सम्बन्धित विस्तार से जानकारी दी। उद्घाटन के उपरान्त 06 कम्पनी द्वारा 204 अभ्यर्थियो के साक्षात्कार कर कुल 147 अभ्यर्थियो को चयनित किया गया। रोजगार मेले को सफल बनाने के लिए क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के समस्त कर्मचारियो द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।



# इंटर में 92 प्रतिशत अंक पाकर बुशरा अब्बासी ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी )।** कहते हैं की कड़ी मेहनत और परीक्षण करने से सफलता के द्वारा तक पहुंचने में देर नहीं लगती इसी कड़ी मेहनत और लगन के साथ पढ़ने वाली कस्बा लावड़ के एबीसी कोचिंग के संचालक मास्टर आशू अब्बासी की होनहार बेटी बुशरा अब्बासी ने सीबीएसई के 12वीं कक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने एमएसबी इंटरनेशनल कॉलेज मेरठ का और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बुशरा अब्बासी ने बताया कि उसका सपना डाक्टर बनकर लोगो की सेवा करना है, अभी वह आकाश इंस्टिट्यूट से नीट के एग्जाम की तैयारी कर रही है।मुस्लिम लड़कियो के लिए यह एक मिसाल है बुशरा अब्बासी के पिता स्वयं केमिस्ट्री के एक बहुत काबिल टीचर है ओर दादा नगर पंचायत लावड़ में बाबू के पद पर कार्यरत है।बुशरा अब्बासी के पिता आशू अब्बासी ने अपने विचार रखते हुए बताया कि हम सभी को शिक्षा के महत्व को समझना होगा और अपने बच्चो को पढ़ाई के प्रति जागरूक करना होगा जिससे हमारे बच्चे आगे चलकर कलाम साहब और सोफिया कुरैशी जैसे बने और देश की सेवा कर सके।



उन्होंने कहा कि उनकी बेटी बुशरा हमेशा से ही हर कक्षा में अच्छे अंक लाई है। 12वीं की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक लाने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है।क्षेत्रीय लोग व रिश्तेदार उन्हें बधाई दे रहे हैं। वह बुशरा को आगे पढ़ाना चाहते हैं।बुशरा अब्बासी ने बताया कि वह जीवन में आगे बढ़कर देश की सेवा करना चाहिती है। इसी लिए उनकी डाक्टर बनने में रूचि है।इस दौरान विधायक अतुल प्रधान,विनित भराला, असपा नेता राय बहादुर,सुहीब रजा,अब्दुल समद पूर्व चैयरमेन फलावदा आदि लोगों ने बुशरा अब्बासी की सफलता पर बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# नाहल झाल में डूबे किशोर का शव धौलाना क्षेत्र में मिला, धौलाना यूपीएसआईडीसी चौकी प्रभारी की सार्थक पहल, तत्काल शव को नहर से निकलवाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** धौलाना थानेदार देवेन्द्र सिंह बिष्ट ने हुए बताया कि रविवार को

**रविवार को नाहल झाल पर डूबा था किशोर । उपरी गंग नहर में तैरता हुआ मिला शव**

नाहल झाल पर दोस्तो के साथ नहाने आए युवक जुनैद (15) पुत्र मोहम्मद अहमद, निवासी मयूर बिहार डासना देहात थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद का शव रावली गंग नहर पुल के पास पीछे से बहता हुआ आया । जिसकी सूचना यूपीएसआईडीसी चौकी पर दी गई । जिस पर यूपीएसआईडीसी चौकी प्रभारी रणवीर सिंह ने तत्काल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच, शव को बाहर निकलवाया । पुलिस ने शव मिलने की जानकारी मृतक के परिजनों को दी । मृतक के परिजनों ने मौके पर आकर उसकी पहचान की । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया । पुलिस के मुताबिक मामला हत्या या आत्महत्या का है ये तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा । मृतक 10 वी क्लास का छात्र था । जिसकी तलाश के लिए गोताखोर की टीम की मदद ली गई थी ।



मृतक जुनैद का फाइल फोटो

परन्तु जब कोई सफलता नहीं मिली थी, मौके पर नहा रहे युवाओं के मुताबिक रील बनाने के चक्कर में जुनैद का पेर स्लिप हो गया और वह नहर में गिर गया था। जिस कारण डूबने से उसकी मौत हो गई थी । वही परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है ।

# डीएम ने स्कूलो में समर कैम्प आयोजित कराये जाने हेतु प्रधानाचार्यों के साथ की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** विकास भवन सभागार में डीएम डा0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में स्कूलो में समर कैम्प आयोजित कराये जाने हेतु प्रधानाचार्यों के साथ बैठक

**विद्यालयो में नई खोज, खेल-खेल में सीखने हेतु किया जा रहा समर कैम्प का आयोजन: डीएम**


आयोजित की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि 21 मई से 10 जून 2025 तक विद्यालयो में नई खोज, खेल-खेल में सीखने हेतु समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।जिससे विद्यार्थी नियमित पढाई से भिन्न रोचक गतिविधियो का आनन्द ले सके। उन्होने बताया कि समर कैम्प के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियो में रचनात्मक सोच विकसित करना, विद्यार्थियो में टीम वर्क, आत्मविश्वास एवं जीवन कौशल का विकास करना, विद्यार्थियो में सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यो की समझ विकसित करना, ग्रीष्मावकाश में खेलकूद, कला, विज्ञान और सांस्कृतिक गतिविधियो के माध्यम से विद्यार्थियो का समग्र विकास करना है। डीएम ने बताया कि विद्यालय की अनुमोदित कार्य योजना के अनुसार विद्यालयो में समर कैम्प की गतिविधियो के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से कराई जायेगी। विद्यालयो में समर कैम्प की गतिविधियो के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय समिति के माध्यम से सीएसआर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। समर कैम्प में आ रही समस्याओ का निराकरण जनपदीय समिति द्वारा किया जायेगा। उन्होने बताया कि समिति द्वारा समर कैम्प के गतिविधियो की प्रगति की समीक्षा की जायेगी। डीएम ने कहा कि समर कैम्प में विद्यार्थियो की अधिकाधिक संख्या में प्रतिभागिता सुनिश्चित किये जाने हेतु विद्यालय स्तर पर प्रार्थना स्थल, एसएमडीसी,/पीटीए एवं अन्य गतिविधियो के माध्यम से वातावरण का सृजन किया जाये। समर कैम्प में समस्त माध्यमिक विद्यालयो के प्रधानाचार्यो की उपस्थिति अनिवार्य होगी।प्रधानाचार्य द्वारा कार्य योजना तथा छात्र संख्या के अनुसार विद्यालय के ग्रीष्मावकाश के समय रोके जाने वाले शिक्षको का नाम अवधारित करते हुये जिला विद्यालय निरीक्षक से अनुमोदित करा लिये जाये। समर कैम्प में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियो के अभिभावको से लिखित सहमति प्राप्त कर ली जाये। समर कैम्प के अंतर्गत आयोजित होने वाली गतिविधियो का अभिलेखीकरण कराते हुये सूचना एवं जिओ टैग के साथ फोटो व वीडियो जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को प्रतिदिन उपलब्ध कराते हुये संरक्षित रखे जाये।इस अवसर पर सीएमओ डा0 अशोक कटारिया, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार, एडीआईओएस कृष्ण कुमार, एडीआईओएस डा0 पारूल वर्मा, बीएसए आशा चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व विद्यालयो के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।



# ट्रैफिक पुलिस की छवि को धूमिल करने वाला फर्जी ट्रैफिक पुलिस कर्मी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** एक तो दिल्ली ट्रैफिक पुलिस रिश्वतखोरी के नाम पर बदनाम ऊपर से फर्जी पुलिसकर्मी भी कर रहे थे अवैध उगाई। जिसकी वजह से हो रही थी ट्रैफिक पुलिस की छवि धूमिल।राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में फर्जी अधिकारियों व पुलिस कर्मियों की लहर रुकने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन अखबारों एवं सोशल मीडिया की सुर्खियों में फर्जी अधिकारी व पुलिस कर्मियों की धड़ पकड़ की खबरें मिलती रहती हैं। उत्तर पूर्व दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ड्रेस में एक फर्जी ट्रैफिक पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया है। सूत्रों का कहना है कि गिरफ्तार किए गए आरोपित पुलिसकर्मी फोन पर चालान भेजने की धमकी देकर भोले भाले लोगों से अवैध उगाई किया करता था। क्षेत्रीय पुलिस को इसकी सूचना जैसे ही मिली वैसे ही पुलिस ने तत्काल अन्न फानन में फर्जी पुलिस ट्रैफिक कर्मी को उत्तर पूर्व दिल्ली के दयालपुर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया ट्रैफिक पुलिस की वर्दी में मोबाइल फोन से लोगों को चालान का भय दिखाकर कर रहा था उगाही। इससे पहले भी दिल्ली में कई फर्जी अधिकारी व पुलिसकर्मी गिरफ्तार किया जा चुके हैं जिसकी वजह से दिल्ली के ईमानदार पुलिस कर्मियों की छवि धूमिल हो रही थी।



# मौत को गले लगाने में आगे कानपुर के युवा, छात्र की सूचना मिलते ही छात्रा भी झूली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** प्रेम प्रसंग समेत और भी कई कारणों से मौत को गले लगाने के मामले में कानपुर के युवा आगे चल रहे हैं। इस कथन की पुष्टि की एक छात्र और एक छात्रा ने। दोनों ने ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । पहले छात्र ने फांसी लगाई और जब उसकी सूचना पड़ोस में रहने वाली छात्रा को मिली तो उसने भी यही किया। पुलिस सूत्र घटना की वजह प्रेम प्रसंग से जुड़ी बता रहे हैं। वहीं पुलिस ने दोनों के परिवारों में कोहराम के बीच जांच की बात करते हुए दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए हैं। आत्महत्या की इन दोनों घटनाओं का संबंध नरवल थाना क्षेत्र के दीपापुर गांव से है। जहां पड़ोस में रहने वाले छात्र और छात्रा ने आत्महत्या कर ली।

मिली जानकारी के मुताबिक रात को बीए प्रथम वर्ष का छात्र विपिन (20) ने फांसी लगा ली तो आज वीरवार सुबह इंटर की छात्रा रिया उर्फ पूर्णिमा (18) ने भी यही किया। उसने भी फंदा लगाकर जान दे दी। फिलहाल दोनों के फांसी लगाने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार अमर सिंह का बेटा विपिन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहा था। वही विपिन के पड़ोस में रहने वाली रिया विनय यादव की बेटी थी। यह जब रिया को पता चली तो उसने भी अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। जिससे दोनों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। इनमें से विपिन के चचेरे भाई वीरू यादव ने भी बीते 2 दिसंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

पुलिस ने बताया कि आत्महत्या किए जाने का कारण अभी पूर्ण रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया है। दोनों की लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही घटना की वजह जानने के लिए मामले की जांच की जा रही है।

# किसानों ने भूनी टोल प्लाजा पर मनाई बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** भारतीय किसान यूनियन ने मेरठ- करनाल स्थित भूनी टोल प्लाजा पर मनाई बाबा महेंद्र सिंह टिकैत जी की पुण्यतिथि। निर्णय लिया इस दौरान भूनी टोल प्लाजा किसानों ने फ्री कर दिया और इस कारण हाइवे पर जाम लग गया।

जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया कि आज हम सब किसान संकल्प दिवस के रूप में मनाया हे और आज




जिसमे जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व मे सैकड़ो किसान किसान भूनी टोल पर प्लाजा पर एकत्र होकर किसान सिसोली के लिए रवाना हुए।वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय पर यूनियन के संगठन मंत्री राजकुमार करनावल के नेतृत्व में तमाम वरिष्ठ किसानों ने बाबा टिकैत की पुण्यतिथि पर हवन आयोजित किया।भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों किसान भूनी टोल प्लाजा पर एकत्रित हुए टोल प्लाजा पर नारेबाजी करते हुए सभी किसानों ने चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की मूर्ति पर पुष्पांजलि करते हुए नारेबाजी करते हुए सभी ने आज संकल्प दिवस के रूप में आज का दिन मनाते हुए टिकैत साहब की नीतियों पर चलने और बढ़ाने का हमने सैकड़ों की संख्या में भूनी टोल पर एकत्रित होकर टिकैत साहब की मूर्ति पर पुष्पांजलि कर उनकी जन्मभूमि कर्मभूमि किसान राजधानी स्थित समाधिस्थल सिसोली रवाना हुए जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया कि टिकैत साहब ने किसानों को एक अलग पहचान दी और आज भी किसान आंदोलन करने की शक्ति उन्हीं की दो ताकतों द्वारा करते हे हम आगे उनकी नीतियों को बढ़ाने का कार्य कर रहे आने वाले समय में आंदोलन में और तेजी लाई जाएगी। इस दौरान मेजर चिंदौड़ी, भोपाल, सुनील, मोनू, हर्ष, सनी, अंकित, सत्येंद्र, बबलू, मनोज, सत्ते, सुखपाल, विनोद,वीरेंद्र, कृष्णपाल, परविंदर,नवीन, हरेंद्र गुर्जर,प्रशांत त्यागी,शेखर आदि मौजूद रहे।

**जांच शिविर** — गरीब जनता को वितरित किये गये नि:शुल्क चश्मे व दवाईयाँ

# किसानों के मसीहा बाबा टिकैत की14वीं पुण्य तिथि पर भारतीय किसान यूनियन इंडिया ने लगाया गया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया द्वारा एकता पार्क, आवास विकास कालोनी, माधवपुरम, मेरठ में जनता के हितार्थ एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैंकड़ों लोगों अपने नेत्रों की जांच कराई। जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 राजकपूर श्रीवास्तव द्वारा शिविर में आये लोगों की नेत्र की जांच की व भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया द्वारा जरुरत अनुसार निःशुल्क चश्में व दवाईयों का वितरण किया गया। इस मौके पर श्री तितौरिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत द्वारा हमेशा किसानों व गरीब मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया, उनके नेतृत्व में किसान आंदोलनों बड़ी ही मजबूती से चलते है। केन्द्र व प्रदेश की सरकारें बाबा टिकैत से थर-थर कांपती थी। लेकिन आज के दौर में बहुत से यूनियन बन गई है जिनका गरीब, किसान मजदूरों से कोई नाता नहीं है, ऐसी यूनियन सिर्फ अपने निजी स्वार्थ व फायदे के लिए बनायी जा रही है। आज सैंकड़ों किसान यूनियन होने के बावजूद भी सरकार तक किसानों की




आवाज नहीं पहुंच रही है। किसानों को आज अपनी बात कहने के लिए दिल्ली जाने से रोक दिया जाता था, जबकि बाबा टिकैत को रोकने की हिम्मत किसी भी सरकार में नही थी। यही कारण है कि आज किसान यूनियन कमजोर हो रही है, क्योंकि किसान अलग अलग धड़ों में बंट गये है। ऐसे फर्जी संगठनों पर रोक लगने के साथ ही उन्होंने किसान मजदूरों से ऐसी यूनियनों से सतर्क व सावधान रहने का आहवान किया। शिविर को सफल बनाने वालों में सुशील, दीपांशु हर्ष तितौरिया, राकेश प्रजापति, सरदार अमनदीप सिंह, आरती सुषमा, परविन्द्र सिंह, विपुल, ओमकार यादव, विनोद गुर्जर सुमित आदि मुख्य रुप से शामिल रहे।

# संपत्ति विवाद के चलते बुजुर्ग ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** संपत्ति विवाद के चलते ब्रज बृद्ध ने गुरुवार को ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने मृतक के भतीजो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है' थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी यामीन और यासीन के बीच करीब 25 साल पहले बंटवारा हुआ था जिसमें यामीन के हिस्से में घर के बाहर बनी दुकाने आई थी बताया गया कि पिछले साल यामीन के भतीजे फुरकान नाजिम और कामिल ने उक्त दुकानों को किराए पर लिया लेकिन अब खाली करने से इनकार कर दिया। तहसील में शिकायत करने के बाद इस मामले में फैसला हो गया और दुकान खाली करने पर सहमति बन गई लेकिन फुरकान नाजिम और कामिल ने इस मामले को कोर्ट में ले जाकर उलझा दिया जिसके बाद यामीन तनाव में रहने लगे आज सुबह वह घर से नमाज के लिए निकले और वापस नहीं लौटे 8:00 बजे के करीब उन्हें किसी व्यक्ति के रेलवे लाइन पर कटे होने की सूचना मिली तो परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे और उनकी पहचान की, यामीन के पुत्र आमिर की तहरीर पर पुलिस ने फुरकान नाजिम और कामिल के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया है और शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवाया है।

## अब कांग्रेसी अदालत में जिला कार्यालय की लड़ाई लड़ेंगे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कांग्रेस कार्यालय को जर्जर घोषित किए जाने का मामला अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है। कांग्रेसियों ने कार्यालय को बचाने के लिए कोर्ट तक जाने की तैयारी शुरू कर दी है। जिलाध्यक्ष का दावा है कि उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व महासचिव अविनाश पांडेय को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दे दी है।अब कांग्रेस की संपत्ति विभाग की टीम भी सक्रिय होगी। कांग्रेस के लखनऊ स्थित कार्यालय में संपत्ति को लेकर दस्तावेजों को जुटाने का काम भी शुरू हो गया है।जिलाध्यक्ष ने बताया कि कांग्रेस का जिला कार्यालय 70 वर्ष से अधिक समय से सक्रिय है। इस भवन पर अवैध रूप से कब्जा लेने के लिए साजिश रची जा रही है। कार्यालय के नीचे चार दुकानें मौजूद हैं। एक दुकानदार ने पूरे भवन पर अपना दावा कर दिया है।जिलाध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने भवन पर नोटिस चस्पा होने के बाद महापौर से वार्ता की थी। महापौर ने नोटिस हटाने के आदेश उनके सामने ही निगम के अधिकारियों को दिया था। इसके बाद किसी ने नोटिस को हटा दिया तो कांग्रेसियों पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया। केस दर्ज होने के प्रकरण में भी वह पुलिस कप्तान से मुलाकात कर विरोध दर्ज कराएंगे।जिलाध्यक्ष का कहना है कि जल्द ही केंद्रीय समिति की टीम और कांग्रेस की संपत्ति विभाग की टीम शहर आएगी। कार्यालय का भवन कांग्रेस का था और रहेगा। इसके लिए हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी जाएगी।

# कर्मचारियों की संबद्धता खत्म होने से विभागों में खलबली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कर्मचारियों की संबद्धता खत्म होने से सरकारी विभागों में खलबली मची हुई है। डीएम के आदेश के

**जिलाधिकारी के आदेशों को "अनेक विभागों ने हवा में उड़ाया " 60 में से मात्र 15 विभागों ने ही भेजी संबद्धता समाप्ति की रिपोर्ट, अटैक कर्मचारियों के वेतन रोकने के लिए डीएम ने मुख्य कोषाधिकारी को लिखा पत्र**

बाद सिर्फ 15 विभागों ने ही संबद्धता समाप्ति की रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी है। जबकि जिले में साठ से अधिक विभाग हैं।जिले के विभिन्न विभागों में ऐसे कर्मचारी हैं, जिनकी मूल तैनाती कहीं और है। लेकिन किसी कारणवश उन्हें दूसरे विभागों में संबद्ध किया गया है। कोई पांच साल से तो कोई दस साल से संबद्ध पर अपनी सेवाएं दे रहा है। जिले में



तृतीय श्रेणी के ऐसे कर्मचारियों की संख्या 500 से अधिक है। इसमें लिपिक, आशुलिपिक और शिक्षक शामिल हैं। इन कर्मचारियों को संबद्धीकरण विभाग से प्राप्त उपस्थिति सत्यापन आख्या के आधार पर मूल विभाग से उनका वेतन जारी हो रहा है। इसे अनुचित ठहराते हुए पांच मई को डीएम ने कर्मचारियों की संबद्धता के संबंध में पूर्व में विभिन्न स्तरों से निर्गत सभी आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया था। साथ ही अधिकारियों से तीन दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी थी। लेकिन अभी तक करीब 15 विभागों की ओर से रिपोर्ट भेजी गई है। डीएम अनुज सिंह ने बताया कि कर्मचारियों को अपने मूल तैनाती विभाग में जाना होगा। अटैच कर्मचारियों के वेतन रोकने के लिए भी मुख्य कोषाधिकारी को पत्र लिखा गया है।

# पोल्ट्री फार्म में एक सप्ताह में होगा सेनिटाइजेशन: बर्ड फ्लू को देखते हुए शासन ने दिए निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश में एच5 एवियन एन्फ्लूएंजा वायरस (बर्ड फ्लू) को लेकर पशुधन विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। पोल्ट्री, पोल्ट्री फार्मों व कुक्कुट की निगरानी बढ़ा दी गई है। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि एक सप्ताह में सभी पोल्ट्री फार्मों का निरीक्षण कर सेनिटाइजेशन कराएं।उन्होंने निर्देश दिया कि अधिकारी कुक्कुट पालकों से लगातार संपर्क कर रोग से बचाव व रोकथाम के लिए जागरूक करें। पशु-पक्षियों में असामायिक बीमारी व मौत की सूचना तत्काल मुख्यालय को दें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी इन इकाइयों का भ्रमण करें। जिन जिलों में अधिक कुक्कुट इकाइयां हैं, वहां पर विशेष सतर्कता बरतें। नजर रखें कि बर्ड फ्लू के संबंध में कोई अफवाह न फैले। सरकार से जारी गाइडलाइन का पालन कराएं। गोआश्रय स्थलों पर भी स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। बारिश से पहले संक्रामक रोगों से बचाव के लिए पशुओं का टीकाकरण कराएं। भूसा संग्रह में देरी पर पशुचिकित्सा अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब : मंत्री ने भूसा संग्रह में अपेक्षित सुधार न होने पर बरेली, मुरादाबाद, आजमगढ़ तथा झांसी के पशुचिकित्सा अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। जिन जिलों ने भूसा संग्रह में संतोषजनक लक्ष्य हासिल नहीं किया है, उन्हें 20 मई तक लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

## कृत्रिम अंग वितरण के चिह्नांकन के लिए ब्लॉकवार लगेगा 2 दिवसीय शिविर, 29 व 30 मई को छजलैट में लगेगा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण के लिए जिले के सभी ब्लॉकों में दो दिवसीय शिविर लगेंगे। इसमें दिव्यांगों को आवश्यकतानुसार कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण मिलेंगे। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि 15 व 16 मई को विकास खण्ड डिलारी में, 17 व 19 मई को विकास खण्ड ठाकुरद्वारा में शिविर लगेगा। 20 व 21 मई को विकास खण्ड कुन्दरकी, 22 व 23 मई को विकास खण्ड सभागार बिलारी, 24 व 26 मई को विकास खण्ड सभागार मूंढापाण्डे, 27 व 28 मई को विकास खण्ड सभागार भगतपुर टांडा, 29 व 30 मई को विकास खण्ड सभागार छजलैट और 31 मई और 2 जून को विकास खण्ड सभागार मुरादाबाद सदर में चिह्नांकन शिविर लगेगा। जो दिव्यांगजन शिविर से वंचित रह जाएंगे, वह बेवसाइट diyangjanup. upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक में "वेतन अब ऋण वसूली पर निर्भर"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के कर्मचारियों के वेतन को अब ऋण वसूली के आधार से जोड़े जाने के निर्णय पर विवाद गहरा गया है। बैंक की प्रबंध समिति की 13 मई 2025 को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कर्मचारियों को न्यूनतम 50 प्रतिशत वेतन दिया जाएगा और बाकी वेतन उनके ऋण वसूली लक्ष्य की प्राप्ति पर निर्भर करेगा। इस व्यवस्था के अनुसार यदि कोई कर्मचारी वसूली लक्ष्य का 50 प्रतिशत हासिल करता है तो उसे 60 प्रतिशत वेतन, 60 प्रतिशत पर 70 प्रतिशत वेतन और इसी अनुपात में वेतन दिया जाएगा। 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाले कर्मचारी को वेतन के साथ 10 प्रतिशत बोनस भी दिया जाएगा। बैंक के कर्मचारियों ने इस निर्णय को कर्मचारी हितों के विरुद्ध बताते हुए तीव्र विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था कर्मचारियों को विवश करेगी कि वे वेतन पाने के लिए किसानों के विरुद्ध उत्पीड़न की कार्रवाई की जाए।

# एप्पल लैब टीएमयू स्टुडेंट्स के लिए साबित हुई वरदान, फिर से एमओयू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दुनिया के नामचीन ब्रांड एप्पल की ओर से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग साइंसेज एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी- सीसीएसआईटी में स्थापित ऑथराइज्ड ट्रेनिंग सेंटर रिसर्च और ऐप डवलपमेंट के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में अपने तरह का एक अद्वितीय प्रशिक्षण केंद्र है। एप्पल ने टीएमयू पर एक बार फिर से भरोसा जताया है। एप्पल ने आईओएस डवलपमेंट लैब का अनुबंध और तीन साल के लिए बढ़ा दिया है, क्योंकि टीएमयू एप्पल के तय सभी मानकों पर फिर से खरा उतरा है। सीसीएसआईटी ने स्विफ्ट लैंग्वेज, आईओएस एप्लिकेशन डवलपमेंट को पाठ्यक्रम का हिस्सा भी बना दिया है। इस ऑथराइज्ड सेंटर में टीएमयू के स्टुडेंट्स अब एप्पल फोन पर चलने वाले नए-नए ऐप्स बनाने की तकनीक सीख रहे हैं। एप्पल के संग एमओयू विस्तार पर टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन उम्मीद जताते हैं, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के स्टुडेंट्स रिसर्च में वैश्विक पहचान बनाने में कामयाब होंगे।

यह उपलब्धि यूनिवर्सिटी के स्टुडेंट्स और फैकल्टी मेम्बर्स की ओर से एप्पल ऑथराइज्ड ट्रेनिंग सेंटर की बेस्ट प्रैक्टिसेज के चलते हासिल हुई है। एप्पल ऑथराइज्ड ट्रेनिंग सेंटर के इस लैब में अच्छे कॉन्फिगरेशन के एप्पल कंप्यूटर के साथ हाई स्पीड जीपीयू भी मौजूद हैं, जिससे शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं इमेज प्रोसेसिंग, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग और इंटरनेट आफ थिंग्स-आईओटी जैसी लेटेस्ट टेक्नोलॉजी में शोध कर रहे हैं। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी बताते हैं, हमारे स्टुडेंट्स स्विफ्ट, एक्सकोड और एप्पल के डवलपर टूल के साथ ऐप डवलपमेंट में अपना करियर बना सकते हैं। भविष्य में टीएमयू में एप्पल, आईमैक एंड आईओटी के क्षेत्र में स्टुडेंट्स और फैकल्टी मेम्बर्स के लिए बहुत सारे विकल्प मौजूद होंगे। उल्लेखनीय है, एप्पल की अत्याधुनिक आईओएस डवलपमेंट लैब एमओयू के तहत सीसीएसआईटी में वर्ष 2022 से स्थापित है।

Accredited with NAAC A Grade
12-B Status from UGC

# कॉरपोरेट ऑफिस का रूप लेंगे रजिस्ट्री दफ्तर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश को सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले शीर्ष तीन विभागों में से एक स्टांप एवं रजिस्ट्री विभाग अपने बदहाल

**रजिस्ट्री करने वालों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं, पहले चरण में 100 ऑफिस का होगा आधुनिकरण**

कार्यालयों का कायाकल्प करेगा। इन कार्यालयों को कॉरपोरेट ऑफिस की तरह विकसित किया जाएगा। दफ्तरों में लोगों को शानदार सुविधाएं भी मिलेंगी।

रजिस्ट्री के लिए आने वाले लोगों को भटकना न पड़े, इसके लिए हेल्पडेस्क और वेटिंग लाउंज भी बनेगा। पहले चरण में 100 कार्यालयों में फ्रंट ऑफिस की शुरूआत की जाएगी।रजिस्ट्री कार्यालयों की वर्तमान स्थिति दयनीय है। सरकार को स्टांप शुल्क के रूप में 40 हजार करोड़ सालाना राजस्व देने वाले इस विभाग के दफ्तरों में लोगों के लिए पेयजल, बैठने और शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था तक नहीं है। इसे देखते हुए विभाग ने फ्रंट ऑफिस की योजना




बनाई है। स्टांप एवं पंजीयन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल के मुताबिक लोग जब रजिस्ट्री ऑफिस आएं तो खुद को सम्मानित महसूस कर सकें, इसलिए 380 सब रजिस्ट्रार ऑफिस का ब्योरा तैयार किया गया है। इसके तहत रजिस्ट्री कार्यालयों को पूरी तरह नया लुक दिया जाएगा। प्रत्येक कार्यालय में व्हील चेयर, फ्रंट डेस्क, हेल्प डेस्क, एसी वेटिंग रूम, ठंडा पानी, मां-बच्चे के लिए फीडिंग रूम होगा। पूरे परिसर में कैमरे लगाए जाएंगे। भविष्य में पासपोर्ट ऑफिस की तर्ज पर ऑनलाइन स्लॉट आवंटन का भी प्रस्ताव है ताकि पहले से समय लेकर रजिस्ट्री कराने लोग आएं और उन्हें अनावश्यक इंतजार न करना पड़े।

## प्लाट पर कब्जे का विरोध पर की मारपीट, एक घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** सोनकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में प्लाट पर कब्जे करने का विरोध करने पर ग्रामीण को मारपीट कर घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीण ने घटना के संबंध में स्थानीय पुलिस को अवगत कराया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार सोनकपुर थाना क्षेत्र के गांव नगला गुजर निवासी ग्रामीण विक्रम सिंह ने बताया कि उसके एक प्लाट पर गांव के इकबाल सिंह पुत्र स्वराज सिंह, रवि कुमार पुत्र इकबाल सिंह, और राजेश पुत्र इकबाल सिंह उसके प्लाट पर जबरन कब्जा कर रहे हैं।

ग्रामीण का आरोप है कि प्लाट पर कब्जा करने को मना करने पर उसे 24 अप्रैल की शाम को लाठी डंडे से मारा पीटा जिससे उसके कान में परेशानी हो गई है और वह घायल भी हो गया है। ग्रामीण का आरोप है कि उपरोक्त पिता पुत्रों ने उसे जान से मारने की भी धमकी दी है सोनकपुर पुलिस ने ग्रामीण की तहरीर के आधार पर पिता पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# मौनी शिव मंदिर मंदिर पर सुंदरकांड का हुआ भव्य आयोजन :भक्ति संगीत में भाव विभोर हुए श्रोता, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर में हजारों लोगों की असीम आस्था और श्रद्धा का केंद्र श्री मोनी शिव मंदिर पर गुरुवार को सुंदरकांड का भव्य आयोजन किया गया ' पंडित वीरेंद्र शर्मा ने सुंदरकांड का पाठ किया भजन कीर्तन से मंदिर प्रांगण गुज गया । इस अवसर पर पंडित वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि हनुमान जी का पूजन करने से मनुष्य भवसागर से पार उतर जाता है मानव के कल्याण हेतु हनुमान जी की पूजा जरूरी है' आरती के बाद प्रसाद का वितरण हुआ'इस अवसर हरीश चंद्र अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी,वैश्य सभा के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी, सौरभ अग्रवाल , शालिनी अग्रवाल , मनीषा माहेश्वरी, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता, प्रमोद बिश्नोई, अमित बंसल, सत्येंद्र सैनी, अनिका अग्रवाल, राखी अग्रवाल, रक्षित बिश्नोई, आदि भक्तों ने पारायण में भाग लिया आगंतुकों का आभार शोभित अग्रवाल ने ने किया।





## "भव्य तिरंगा यात्रा" भारतीय सेना के जवानों के सम्मान में लगाए नारे

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता: कांठ में भाजपा ने निकाली "भव्य तिरंगा यात्रा"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भाजपा ने आज हाई कमान के निर्देश पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूर्व भाजपा विधायक राजेश कुमार सिंह चुन्नू एवं मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान के नेतृत्व नगर में गुरुवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली ' तिरंगा यात्रा का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी के प्रतिष्ठान से किया गया। वहां से तिरंगा यात्रा गांधी आश्रम एवं मेंन बाजार होती हुई निर्धारित मार्गो से अपने गंतव्य पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों के साथ भारतीय सेना के जवानों के सम्मान में भी नारे लगाए और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। तिरंगा यात्रा में भाजपा जिला महामंत्री राजन बिश्नोई,मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता,सत्यवान सिंह राजपूत, मधु चौहान,हुकम सिंह,जीतू वर्मा मोनू बिश्नोई आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।





## फंदे पर लटक कर कांठ तहसील निवासी संदीप की पत्नी सरिता देवी ने "फंदे पर लटक कर की आत्महत्या "

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सिविल लाइंस के मोरा मुस्तकम में कांठ तहसील के रहने वाले एक युवक की पत्नी ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। महिला के बच्चे स्कूल से लौटे तो उन्होंने फंदे पर शव लटका देखा। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। अब तक आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

जानकारी के अनुसार कांठ तहसील के ब्लॉक छजलैट के भीकनपुर निवासी संदीप ने 2008 में उत्तराखंड के टिहरी निवासी सरिता देवी से शादी की थी। दंपती के दो बेटे और एक बेटी है। संदीप ने सिविल लाइंस के मोरा सुस्तकम में अपना मकान बनवाया है। वह दिल्ली रोड स्थित फैक्टरी में नौकरी करते हैं। पुलिस के मुताबिक संदीप के फैक्टरी जाने के बाद उनके बेटे और बेटी स्कूल चले गए थे।बच्चे घर आए तो उन्होंने देखा कि दुपट्टे के सहारे सरिता का शव पंखे से लटका था। सूचना पर संदीप भी घर आ गए।इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम बुला ली। टीम ने जांच पड़ताल की। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने किसी भी विवाद से इन्कार किया है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# जब अदिति शंकर ने पिता के लिए कहा,वह मेरी फिल्म नहीं देखेंगे तो मैं उनसे लड़ूंगी

मशहूर निर्देशक एस. शंकर की बेटी और अभिनेत्री अदिति शंकर ने मजाकिया अंदाज में कहा है कि उनके पिता के पास उनकी फिल्में देखने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। यदि वह उनकी फिल्में नहीं देखेंगे, तो वह उनसे लड़ेंगी और नाराज हो जाएंगी। तमिल सिनेमा में अपनी पहचान बनाने के बाद खूबसूरत अभिनेत्री अब निर्देशक विजय कनकमेडाला की अपकमिंग एक्शन फिल्म भैरवम के साथ तेलुगू में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं।

फिल्म भैरवम की यूनिट ने प्रमोशन के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें अभिनेत्री से पूछा गया कि क्या उनके पिता उनकी फिल्में देखते हैं? अभिनेत्री ने हंसते हुए कहा, उनके पास कोई और ऑप्शन नहीं है। अगर वह मेरी फिल्में नहीं देखेंगे तो मैं उनसे लड़ूंगी।

भैरवम में अदिति शंकर, आनंदी और दिव्या पिल्लई के साथ बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास, मनोज मांचू और नारा रोहित मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म में अदिति शंकर एक ऐसा किरदार निभाएंगी जो बोल्ड और ईमानदार होने के साथ-साथ चुलबुली भी है।

अदिति कहती हैं, इस फिल्म में मेरा किरदार मुझसे काफी मिलता है। निर्देशक विजय ने तमिल में मेरी पहली फिल्म देखी और उन्हें लगा कि मैं भैरवम के किरदार के लिए परफेक्ट रहूंगी। उन्होंने मुझे फोन किया और इस प्रोजेक्ट के बारे में बताया और इस तरह मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनी। अदिति ने कहा, मैं पिता के साथ शूटिंग के लिए रामोजी फिल्म सिटी और तेलुगू राज्यों में जाती थी। अब वहां अपनी खुद की फिल्म की शूटिंग करना एक सपने के सच होने जैसा है। मैं हमेशा से तेलुगू में काम करना चाहती थी। तेलुगू दर्शकों के लिए इतनी अच्छी फिल्म लेकर आने से मुझे बहुत खुशी हुई। जब उनसे पूछा गया कि इस फिल्म को करते समय उन्हें किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा, तो अदिति ने कहा कि उन्हें शुरू में लगा था कि भाषा बाधा बनेगी। लेकिन निर्देशक और लेखक सत्या ने मेरी बहुत मदद की। उनकी मदद से मेरा सफर आसान बन गया। श्री सत्य साईं आर्ट्स के बैनर तले के.के. राधामोहन ने फिल्म का निर्माण किया है। फिल्म इस साल 30 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# बॉक्स ऑफिस पर रेड 2 का धमाल जारी, 12वें दिन खाते में आए इतने करोड़ रुपये

अजय देवगन, वाणी कपूर और रितेश देशमुख जैसे सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म रेड 2 को सिनेमाघरों में रिलीज का दूसरा सप्ताह चल रहा है और यह दर्शकों के बीच पकड़ मजबूत बनाए हुए है।

1 मई को रिलीज हुई यह फिल्म इस साल की सुपरहिट फिल्मों की सूची में अपना नाम दर्ज करवा चुकी है। फिल्म का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है।

आइए जानें रेड 2 ने 12वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, रेड 2 ने अपनी रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 5 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 125.75 करोड़ रुपये हो गया है।



देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में भी रेड 2 का खूब डंका बज रहा है। इस फिल्म ने दुनियाभर में 140 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है।

बता दें कि फिल्म का बजट 48 करोड़ रुपये है।

रेड 2 के निर्देशन की कमान राज कुमार गुप्ता ने संभाली है, भूषण कुमार इसके निमार्ता हैं।

इस फिल्म में रजत कपूर, सौरभ शुक्ला, सुप्रिया पाठक और अमित सियाल जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं।

रेड 2 साल 2018 में आई रेड का सीक्वल है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिनेमाघरों के बाद यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# मोनालिसा ने शेयर की बोल्ड तस्वीरें,फैंस ने लुटाया प्यार

भोजपुरी सिनेमा की हॉट और ग्लैमरस एक्ट्रेस मोनालिसा एक बार फिर अपने लुक को लेकर चर्चा में आ गई हैं। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ स्टनिंग फोटोज शेयर कीं, जिसने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया. ब्लैक आउटफिट में मोनालिसा का यह दिलकश अंदाज फैन्स को खूब पसंद आ रहा है. इस फोटोशूट में वो काउंटर टेबल के पास पोज देती दिख रही हैं और उनका कॉन्फिडेंस और एक्सप्रेशन दोनों ही लाजवाब लग रहे हैं. कैप्शन में उन्होंने लिखा मूड कैसा हो और साथ में एक क्यूट सा इमोजी भी जोड़ा। तस्वीरों पर कुछ ही घंटों में हजारों लाइक्स





और कमेंट्स की बौछार हो गई. फैन्स ने उन्हें गॉर्जियस, हॉटनेस ओवरलोड और फायर क्वीन जैसे टैग दिए. किसी ने रेड हार्ट इमोजी से भर दिया तो किसी ने फायर और हॉट फेस इमोजी के साथ अपनी दीवानगी जताई. बता दें, मोनालिसा ना सिर्फ भोजपुरी फिल्मों में बल्कि टीवी इंडस्ट्री में भी अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज करा चुकी हैं. वे नजर, नमक इश्क का और बिग बॉस 10 जैसे पॉपुलर शोज में नजर आ चुकी हैं. उनकी बोल्डनेस और फैशन सेंस अक्सर सुर्खियों में रहता है.

मोनालिसा की ये लेटेस्ट तस्वीरें एक बार फिर यह साबित करती हैं कि वह सोशल मीडिया की क्वीन्स में से एक हैं और अपने अंदाज से हर बार दिल जीतना बखूबी जानती हैं।

# भूषण कूमार ने मिलाया पुष्पा के मेकर्स से हाथ, अब ऋषभ शेट्टी की जय हनुमान नॉर्थ इंडिया में भी छाएगी

कांतारा फेम स्टार ऋषभ शेट्टी अपनी फिल्म कांतारा के प्रीक्वल की तैयारियों में जुटे हुए हैं. फिल्म मौजूदा साल के दशहरा के मौके पर रिलीज होने वाली है. इसी के साथ ऋषभ ऐतिहासिक और पौराणिक फिल्म जय हनुमान को लेकर भी चर्चा में हैं. इस फिल्म का डायरेक्शन हनुमैन के डायरेक्टर प्रशांत वर्मा कर रहे हैं और पुष्पा के मेकर्स मूवी मैत्री मेकर्स इसका निर्माण कर रहे हैं। अब फिल्म से टी-सीरीज के मालिक भूषण कुमार भी जुड़ गए हैं. टी-सीरीज ने सोशल मीडिया पर आकर इस बात की जानकारी दी है. अब कहना गलत नहीं होगा कि जय हनुमान पैन-इंडिया में अपनी जलवा दिखाने वाली है। भूषण कुमार ने मूवी मैत्री मेकर्स से सहयोग पर कहा है, जय हनुमान एक शानदार कहानी है और भारत की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी इस कहानी को हम आगे बढ़ाने का कम कर रहे हैं, यह फिल्म भारतीय सिनेमा और भक्ति का त्योहार है, जिससे जुड़कर हम उत्साहित हैं, फिल्म में ऋषभ शेट्टी का होना





इसके खान बनाता है। वहीं, मूवी मैत्री मेकर्स का इस कोलैब्रेशन पर कहना है, भारत के कोने-कोने में बसे दर्शकों के लिए फिल्म जय हनुमान लाना हमारे लिए जरूरी है और हमें इस पर गर्व भी है, यह फिल्म हमारे दिल के सबसे करीब है, टी-सीरीज जैसी दिग्गज कंपनी के साथ जुड़ना हमारे लिए सम्मान की बात है, हम उत्साहित हैं, और इस फिल्म को बड़े पैमाने पर रिलीज करने के लिए तैयार हैं. अब फिल्म उत्तर भारत में भी अपना जलवा दिखाती नजर आएगी।

बता दें, प्रशांत वर्मा जय हनुमान बना रहे हैं और यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है. इस पर प्रशांत वर्मा का कहना है, यह फिल्म ना सिर्फ बजरंगबली की भक्ति और साहस के बारे में है, बल्कि यह बताती है कि विश्वास की शक्ति पहाड़ को भी उखाड़ सकती है।

# गर्मी में कपड़ों से आने वाली पसीने की दुर्गंध को दूर करने के 5 कारगर नुस्खे

गर्मी का मौसम अपने साथ चिपचिपाहट और पसीना लेकर आता है। यह पसीना शरीर और कपड़ों पर टिक जाता है, जिस कारण कपड़ों से बेहद गंदी बदबू आने लगती है। खास तौर से अंडर आर्म्स से सबसे ज्यादा पसीना निकलता है, जिसकी दुर्गंध कभी-कभी धुलने के बाद तक रह जाती है। अगर आप भी अपने कपड़ों से पसीने की बदबू को दूर करना चाहते हैं तो ये 5 घरेलू नुस्खे आजमाकर देखें।



इनके जरिए कपड़े नए जैसे महक उठेंगे।

**धुलने से पहले कपड़ों को भिगोएं**

ज्यादातर लोग अपने कपड़ों को भिगोए बिना ही धो देते हैं, जिस कारण वे सही तरह साफ नहीं हो पाते और दुर्गंध बनी रहती है।

जब भी आप पसीने से भरे कपड़ों को धोने वाले हों, उससे करीब आधे घंटे पहले उन्हें गर्म पानी में भिगो लें। पानी में चुटकीभर बेकिंग सोडा या सिरका डालें और अपने कपड़ों को उसमें भीगने दें।

इससे दुर्गंध पहले ही मिटनी शुरू हो जाएगी और धोने के बाद कपड़े महकने लगेंगे।

**बेकिंग सोडे का इस्तेमाल करें**

कपड़ों से पसीने की दुर्गंध मिटाने का सबसे अच्छा घरेलू नुस्खा है बेकिंग सोडा का उपयोग करना। इस खाद्य पदार्थ में ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो किसी भी प्रकार की बदबू को सोख लेते हैं।

इसका कारण यह है कि यह पानी को सोखने वाला एक प्राकृतिक एजेंट होता है। एक कटोरी में पानी और बेकिंग सोडा का घोल बनाएं और कपड़ों पर लगाकर 30 मिनट के लिए छोड़ दें।

इसके बाद उन्हें पानी की मदद से साफ करें।

**अंडर आर्म्स वाले हिस्सों पर नींबू का रस लगाएं**

चाहे आपने किसी भी फैब्रिक से बने कपड़े क्यों न पहने हों, गर्मी के दिनों में अंडर आर्म्स से पसीने की दुर्गंध आना लाजमी होता है।

इसे दूर करने का सबसे अच्छा और आसान तरीका है अंडर आर्म्स वाले हिस्से पर नींबू रगड़ना। नींबू का रस खुशबु बढ़ाने वाला एक प्राकर्तिक पदार्थ होता है, जिसे रगड़ने से पसीने के दाग भी साफ हो जाते हैं।

इसे अंडर आर्म्स वाले हिस्से पर रगड़ें और कुछ देर बाद पानी से धो लें।

**सफेद सिरके से कपड़ों को धोएं**

सफेद सिरका केवल खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाता, बल्कि कपड़ों से आने वाली पसीने की बदबू को भी दूर करता है।

यह खुशबु बढ़ाने वाला प्राकृतिक तत्व होता है, जो कपड़ों में ताजगी लाता है और उन्हें मनमोहक सुगंध प्रदान करता है।

सफेद सिरके में एसिटिक एसिड होता है, जो गंध पैदा करने वाले तेलों और बैक्टीरिया को मिटाने में मदद करता है। इसे डिटर्जेंट के साथ ही वाशिंग मशीन में डालें और कपड़ों को धुल जाने दें।

**तेज धूप में कपड़ों को सुखाएं**

गर्मी में धूप तेज होती है, जिसका फायदा उठाकर आप कपड़ों को नए जैसा बना सकते हैं। कपड़ों को सीधे तेज धूप में सुखाने से बैक्टीरिया को मारने और दुर्गंध को दूर करने में मदद मिल सकती है।

सूरज की किरणें कीटाणुनाशक की तरह काम करती हैं, बैक्टीरिया का सफाया करती हैं और साथ ही साथ कपड़ों को तारों-ताजा भी कर देती हैं।अगर धोने के बाद कपड़े पूरी तरह सूखे नहीं होंगे तो भी उनसे बदबू आ सकती है।

# स्क्रीन की थकान को कम करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, आंखों को मिलेगा आराम

आजकल स्क्रीन का उपयोग बढ़ गया है, चाहे वह कंप्यूटर हो, लैपटॉप हो या मोबाइल फोन। लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठने से आंखों पर बहुत असर पड़ता है, जिसे स्क्रीन थकान कहा जाता है। यह स्थिति आंखों में जलन, सिरदर्द और दृष्टि धुंधला होने जैसी समस्याओं का कारण बन सकती है।

आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप स्क्रीन की थकान से बच सकते हैं और आंखों को आराम दे सकते हैं।



**20-20 नियम अपनाएं**

20-20 नियम एक सरल और प्रभावी तरीका है, जिससे आप स्क्रीन थकान से बच सकते हैं।

इसके तहत हर 20 मिनट बाद, आप जिस भी स्क्रीन पर काम कर रहे हों, 20 फीट दूर किसी चीज को 20 सेकंड तक देखें। इससे आपकी आंखों की मांसपेशियों को आराम मिलता है और उनकी थकान कम होती है। यह नियम विशेष रूप से कंप्यूटर या लैपटॉप पर काम करने वालों के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है।

**ब्रेक लें और आंखें मूंदें**

लंबे समय तक लगातार स्क्रीन पर देखने से आंखें थक जाती हैं। इसलिए हर घंटे में कम से कम 5-10 मिनट का ब्रेक जरूर लें।

इस दौरान अपनी आंखों को बंद करके आराम दें या फिर हल्की स्ट्रेचिंग कर सकते हैं। इससे आपकी आंखों की थकान कम होगी और आप अधिक ताजगी महसूस करेंगे।

इसके अलावा आप अपनी आंखों को ठंडे पानी से धो भी सकते हैं या फिर ठंडी तौलिया से ढक सकते हैं।

**सही रोशनी का करें चयन**

स्क्रीन के सामने बैठते समय सही रोशनी का होना बहुत जरूरी है।

बहुत ज्यादा तेज रोशनी या बहुत कम रोशनी दोनों ही आंखों के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। इसलिए ऐसी जगह पर बैठें जहां न तो ज्यादा रोशनी हो और न ही अंधेरा हो।

इसके साथ ही स्क्रीन की चमक को भी संतुलित रखें ताकि आपकी आंखें आराम महसूस करें। इससे आपकी आंखों की थकान कम होगी और आप बेहतर महसूस करेंगे।

**आई ड्रॉप्स का करें इस्तेमाल**

अगर आपकी आंखें सूखी या जलती हुई महसूस होती हैं तो आई ड्रॉप्स का उपयोग करें। यह आपकी आंखों को नमी प्रदान करता है और जलन कम करता है।

आई ड्रॉप्स का नियमित उपयोग करके आप अपनी आंखों को स्वस्थ रख सकते हैं और स्क्रीन थकान से बच सकते हैं। इसके अलावा इनका सही उपयोग आपकी आंखों को ताजगी और आराम भी प्रदान करता है, जिससे आपकी नजर भी बेहतर बनी रहती है।

**सही स्क्रीन सेटिंग्स अपनाएं**

अपनी स्क्रीन सेटिंग्स को सही ढंग से सेट करना भी बहुत जरूरी है। अक्षरों का आकार ऐसा रखें जिसे पढ़ने में कोई दिक्कत न हो और कंट्रास्ट ऐसा रखें जिससे टेक्स्ट साफ दिखे।

इसके अलावा नीली रोशनी फिल्टर का उपयोग करें, जो आपकी स्क्रीन से निकलने वाली हानिकारक नीली रोशनी को कम करता है।

इन तरीकों को अपनाकर आप स्क्रीन थकान से बच सकते हैं और अपनी आंखों को स्वस्थ रख सकते हैं।

# सात साल बाद खुला 326 बीघा जमीन घोटाला, चकबंदी विभाग के चार कर्मचारी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** 2018 में दर्ज हुआ था मुकदमा, कोर्ट के निर्देश पर गुन्नौर पुलिस ने की कार्रवाई, फर्जी लाभार्थियों के नाम दर्ज कर भूमि हड़पी गई थी। गुन्नौर तहसील क्षेत्र के दिल्लीपुर सुखैला गांव में सात साल पुराना भूमि घोटाला उजागर हुआ है। चकबंदी विभाग के कुछ कर्मचारियों ने मिलकर 326 बीघा गैरआबाद भूमि को फर्जी तरीके से खुर्द-बुर्द कर 55 बाहरी लोगों के नाम दर्ज कर दी थी। उच्च न्यायालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चकबंदी विभाग के चार कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक सहायक चकबंदी अधिकारी फरार है।

**2018 में दर्ज हुआ था मुकदमा, लखनऊ स्थानांतरित होने के बाद फाइल हो गई थी गायब**

चकबंदी लेखपाल कुलदीप सिंह ने 2 अगस्त 2018 को कोतवाली गुन्नौर में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले की विवेचना अपराध अनुसंधान केंद्र लखनऊ को भेजी गई, लेकिन किन्हीं कारणों से जांच आगे नहीं बढ़ पाई और विवेचना से संबंधित फाइल ही गुम हो गई। पुराने मामलों की समीक्षा में जब यह मामला दोबारा सामने आया तो यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि न सिर्फ भूमि आवंटन के दस्तावेज गायब हैं, बल्कि जांच रिपोर्ट भी लापता है।

फाइल गायब करने में संलिप्त पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गुन्नौर पुलिस को मामले की पुनः जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने खुद जांच की निगरानी की।

जांच में सामने आया कि चकबंदी प्रक्रिया के दौरान 326 बीघा भूमि 55 ऐसे लोगों के नाम दर्ज की गई थी, जिनमें से कोई भी दिल्लीपुर सुखैला गांव का निवासी नहीं था। न ही उनके पते सत्यापित हो पाए। दस्तावेजों की फर्जी प्रविष्टि के बाद जमीन पर अवैध कब्जे का रास्ता साफ किया गया था।

**67 लोगों के खिलाफ केस, 9 चकबंदी कर्मचारी संलिप्त, चार की हो चुकी है मौत**

पुलिस की जांच में सामने आया कि कुल 67 लोगों ने मिलकर इस बड़े घोटाले को अंजाम दिया। इसमें 58 लाभार्थी और 9 चकबंदी विभाग के कर्मचारी शामिल थे। इनमें से चार कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है। शेष पांच में से चार को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक अभी फरार है।

**गिरफ्तार आरोपितों में लेखपाल, लिपिक और चपरासी शामिल**

गिरफ्तार आरोपियों में तत्कालीन चकबंदी लेखपाल मोरध्वज सिंह (निवासी मई, हरदुआगंज, अलीगढ़), कालीचरण (निवासी आवास विकास कॉलोनी, कासगंज), लिपिक रामौतार (निवासी सतपुरी, नई नरौरा, बुलंदशहर) और चपरासी रामनिवास शामिल हैं।

फरार आरोपी सहायक चकबंदी अधिकारी सुरेंद्र सिंह यादव (निवासी पूराडाल, कूटन, जौनपुर) की तलाश जारी है।

**एसपी बोले**

खुद देखा मामला, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि भूमि घोटाले की जांच उन्होंने खुद देखी है और अब तक चार गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन को हड़पने की कोशिश की गई थी, जिसे अब बेनकाब कर दिया गया है। फरार आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

अब तक नहीं मिला अभिलेखों का बस्ता

गांव के अभिलेखों का बस्ता आज तक बरामद नहीं हो पाया है, जिससे यह स्पष्ट है कि पूरे मामले को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया था। पुलिस अब दस्तावेजों की भी तलाश कर रही है ताकि पूरे नेटवर्क को उजागर किया जा सके।

# गैंगस्टर पुष्पेंद्र पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, तिरानवे लाख रुपये की संपत्ति की कुर्क

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**खानपुर (आरिफ अंसारी)।** जिलाधिकारी के आदेश पर खानपुर पुलिस ने गैंगस्टर पुष्पेन्द्र द्वारा अपराध कारित करके सृजित सम्पत्ति करीब 93,23,076 कुर्क की गयी। जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में बृहस्पतिवार को थाना खानपुर पुलिस द्वारा गैंगस्टर पुष्पेन्द्र पुत्र दीनदयाल निवासी ग्राम ढकरौली द्वारा जुआ/सट्टे जैसे अपराध करके आर्थिक एवं भौतिक लाभ अर्जित कर 93,23,076 रुपये को गैंगस्टर अधिनियम की धारा-14(1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुये जब्त किया गया है। अपराधी पुष्पेन्द्र की जब्त की गयी सम्पत्ति का विवरण 65,69,299 (विभिन्न बैंक खातो में जमा) 0.24775 हैक्टेयर कृषि भूमि (कीमत-27,53,777/- रुपये) कुल सम्पत्ति-93,23,076 रुपये है।

# मेदांता अस्पताल ने लॉन्च किया मुँह के कैंसर से सुरक्षा के लिए दो मिनट की कारवाई अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** ओरल कैंसर के बढते मामलों को देखते हुए मेदांता अस्पताल ने मर्क स्पेशियलिटीज प्रा. लिमिटेड के सहयोग से ह्यओरल कैंसर सुरक्षा के लिए दो मिनट की पहल एक अभियान शुरू किया हैं। इस राष्ट्रव्यापी प्रयास का उद्देश्य मुंह के कैंसर के बढ़ते मामलों पर रोक लगाना है। औ? लोगों कों स्व-परीक्षण के बारे में जागरूक करना हैं।

यह राष्ट्रीय स्तर का प्रयास मुँह के कैंसर के बढ़ते मामलों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है, जिसमें आम लोगों को शीशे की मदद से दो मिनट में एक त्वरित सेल्फ-चेक करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विशेषज्ञ लोगों को मुँह में सफेद या लाल धब्बे, न भरने वाले घाव या अनजाना खून बहना, लगातार सूजन या आवाज में

**जागरूकता की कमी के कारण मौखिक कैंसर के ६५% मामले देर से पता चलते हैं, हर महीने सिर्फ दो मिनट की जांच कैंसर का समय रहते निदान करने में मदद कर सकता हैं**

बदलाव जैसे चेतावनी संकेतों को पहचानने की सलाह दे रहे हैं।

इस पहल के तहत अस्पतालों में आने वाले मरीजों को भी स्व-परीक्षण के लिए प्रेरित किया जाएगा, जहां प्रतीक्षा कक्षों में रणनीतिक स्थानों पर शीशे लगाए जाएंगे।

अभियान के शुभारंभ के अवसर पर मेडिकल एवं हेमाटो ऑन्कोलॉजी निदेशक डॉ. हर्षवर्धन अत्रेय, मेडिकल एवं हेमोटो ऑन्कोलॉजी निदेशक डॉ. अभिषेक कुमार सिंह और मेडिकल स्टाफ मौजूद थे। मेडिकल एवं हेमाटो ऑन्कोलॉजी निदेशक डॉ. हर्षवर्धन अत्रेय ने कहॉ की, भारत में लाखों कैंसर रोगी हैं। समय पर निदान न होने के कारण मरीजों की मृत्यू हो रही हैं। जीवनशैली में बदलाव, तंबाकू और शराब का सेवन, प्रदूषण और गलत खानपान भी कैंसर के मामलों को बढ़ा रहे हैं। रोकथाम के लिए जरूरी है नियमित जांच, शुरूआती पहचान, तंबाकू छोड़ना, स्वस्थ आहार, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना और शराब की मात्रा कम करना। जनजागरूकता और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी कैंसर का बोझ घटाने में अहम हैं। भारत को हेड एंड नेक कैंसर की राजधानी कहा जाता है। क्योंकी, भारत में हर साल दोन लाख से ज्यादा लोग हेड एंड नेक कैंसर के शिकार होते हैं, जो दुनिया में




सबसे ज्यादा है। जीवनशैली में बदलाव, तंबाकू और शराब का सेवन, प्रदूषण और गलत खानपान भी कैंसर के मामलों को बढ़ा रहे हैं। हर साल लगभग 2 लाख नए मरीज सिर और गर्दन के कैंसर से ग्रसित होते हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक है। 2022 में, सिर्फ होंठ और मुंह के कैंसर के 1 लाख से ज्यादा मामले सामने आए थे। यदि बाकी हेड एंड नेक कैंसर के उप-स्थलों को जोड़ें, तो यह कुल पुरुष कैंसर के 20-25% मामलों के बराबर हो जाएगा। दुर्भाग्यवश भारत में 60-70% मरीजों का कैंसर तीसरे या चौथे स्टेज में पता चलता हैं।

डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने कहॉ की, ह्लसिर और गर्दन का कैंसर भारत में सबसे आम कैंसर है, जिसमें मुँह, गले, नाक और स्वरयंत्र का कैंसर शामिल है। मुँह का कैंसर सबसे तेजी से बढ़ रहा है। मुख्य वजह यह है कि लोग लक्षणों से अनजान हैं और स्वयं की जांच नहीं करते। जहां ब्रेस्ट कैंसर को लेकर जागरूकता काफी बढ़ी है, वहीं मुँह के कैंसर के मामले में यह गंभीरता अभी भी नहीं देखी जाती। लगभग 65% मरीज देर से डॉक्टर के पास जाते हैं, जिससे इलाज में देरी होती है और जीवित रहने की संभावना कम हो जाती है। यह अभियान दो मिनट की मासिक सेल्फ-चेक की अहमियत को दर्शाता है। शीघ्र निदान से इलाज तेज, प्रभावी और सफल होने की संभावना अधिक होती है।

**कैसे करें दो मिनट की जांचः**

देखेंः शीशे में मुँह के अंदर सफेद या लाल धब्बे, दो हफ्तों से न भरने वाले छाले, खून बहना या दाँत ढीले होना देखें। महसूस करेंः जबड़े या गर्दन में कोई गांठ, सूजन, आवाज में बदलाव या निगलते समय कान में दर्द जैसे लक्षण महसूस करें।

कार्रवाई करेंः यदि कोई लक्षण नजर आएं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। समय पर जांच से इलाज संभव है।

देश में मुँह के कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए, जल्दी जांच और रोकथाम अत्यंत आवश्यक है। ओरल विजुअल इंस्पेक्शन स्वयं द्वारा मुँह की जांच, बायोप्सी और हिस्टोपैथोलॉजिकल जांच के माध्यम से कैंसर का जल्द पता लगाया जा सकता है। इसके साथ ही इलाज की प्रक्रिया में जल्दी पैलिएटिव केयर को शामिल करना भी जरूरी है, जिसमें दर्द प्रबंधन, पोषण सहायता, मानसिक परामर्श, बोलने और निगलने में मदद शामिल है। मरीज की जीवन गुणवत्ता बेहतर होती है और वे इलाज के दौरान सही निर्णय ले पाते हैं।

मुँह का कैंसर देर से पता चलने पर गंभीर हो जाता है और ठीक करना मुश्किल होता है। इसके कारण बोलने, निगलने और सांस लेने में कठिनाई हो सकती है और कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल सकता है।"दो मिनट की कार्रवाई" अभियान मुँह के कैंसर का समय पर पता लगाने में मदद करेगा।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर किसान सम्मेलन का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुलहक)।** टोल प्लाजा, यमुना एक्सप्रेसवे पर "किसान सम्मान एवं प्रोत्साहन दिवस" पर किसान सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड (JIL) के कृषि विभाग द्वारा दिनांक 15 मई 2024 को कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (उरफ) के अंतर्गत "किसान सम्मान एवं प्रोत्साहन दिवस" के उपलक्ष्य में एक किसान सम्मेलन का आयोजन जेवर टोल प्लाजा पर किया गया। यह सम्मेलन यमुना एक्सप्रेसवे के आसपास के गांवों के किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों से अवगत कराने एवं

**किसानों को मल्टी-लेयर फार्मिंग, जैविक खेती, एवं पॉलीहाउस की स्थापना जैसे आधुनिक कृषि तरीकों तथा सरकार द्वारा उपलब्ध विभिन्न कृषि अनुदानों की विस्तृत जानकारी दी।**

उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में रमेश गेरा (मुख्य सलाहकार, कृषि विभाग, खक्छ) ने किसानों को मल्टी-लेयर फार्मिंग, जैविक खेती, एवं पॉलीहाउस की स्थापना जैसे आधुनिक कृषि तरीकों तथा सरकार द्वारा उपलब्ध विभिन्न कृषि अनुदानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन उपायों से किसानों की उत्पादन लागत घटाई जा सकती है तथा आमदनी में वृद्धि संभव है। सम्मेलन में आसपास के गांवों से लगभग 80 से 100 किसानों ने भाग लिया।

इस मौके पर राजेन्द्र सिंह भाटी, महाप्रबंधक (ऑपरेशन्स), यमुना एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट ने किसानों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। साथ ही मल्टीलेयर फार्मिंग, जैविक खेती और सरकारी योजनाओं से संबंधित शैक्षणिक सामग्री भी किसानों के मध्य वितरित की गई।

विशिष्ट अतिथि (कृषि भवन, नोएडा से) अम्बा प्रकाश शर्मा, अपर जिला कृषि अधिकारी सुश्री ऋचा शर्मा उद्यान निरीक्षक, आलोक रंजन सिंह खंड विकास अधिकारी, जेवर यशपाल सिंह, कृषि विकास अधिकारी, जेवर, प्रेम शंकर शर्मा उद्यान निरीक्षक, शरद गौर समाज कल्याण विभाग, जेवर। जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड की ओर से मेजर जनरल संजीव बजाज, मुख्य सलाहकार, JIL, ब्रह्म प्रकाश, एवीपी, मानव संसाधन प्रेम पाल सिंह मुख्य वित्तीय अधिकारी, जे.के. शर्मा वरिष्ठ प्रबंधक यमुना एक्सप्रेसवे, चक्रपाणि शर्मा सीनियर मैनेजर, कृषि शुभम श्रीवास्तव डिप्टी मैनेजर, कृषि श्रीमती मीनाक्षी वर्मा, भारत सिंह राठौर , तुलसीराम गुर्जर, आर.बी. सिंह, विशन शर्मा, अनुज चौधरी, अभिनव सिंह, ने इस सफल आयोजन ने किसानों को आधुनिक कृषि से जोड़ने तथा उनके ज्ञान को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।






# इंटर-हॉल एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2025 में छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने इंटर-हॉल एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते और अनुशासन, समर्पण व खेल भावना का अद्भुत परिचय दिया। अंशु ने 100 मीटर और 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर दोहरी स्वर्ण पदक विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। जैनब तबस्सुम ने डिस्कस थ्रो और शॉट पुट में स्वर्ण पदक जीते, जबकि सुषमा चौधरी ने 800 मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया। दीपिका ने 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता, वहीं वंदना ने उसी स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। अफीफा अली ने लंबी कूद में कांस्य पदक और आलिया ने जैवलिन थ्रो में कांस्य पदक जीता।




उन्होंने कहा कि छात्राओं की यह उपलब्धियाँ उनके समर्पण और खेल शिक्षकों मोहम्मद वसीम अहमद एवं मोहम्मद इमरान खान के मार्गदर्शन में की गई कठोर प्रशिक्षण का परिणाम हैं। प्राचार्या श्रीमती आमना मलिक और उप-प्राचार्या श्रीमती अल्का अग्रवाल ने विजेताओं को बधाई दी और खेल शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्राओं को आगे भी खेलों में भाग लेने और जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को निगरानी में लिया जाना चाहिए : राजनाथ सिंह

**श्रीनगर ।** ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के बाद जवानों का हौसला बढ़ाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह श्रीनगर में जवानों के बीच पहुंचे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बादामी बाग छावनी में गिराए गए पाकिस्तानी गोलीबारी के अवशेषों का निरीक्षण किया। राजनाथ सिंह ने कहा, ... पूरी दुनिया ने देखा है कि कैसे गैर जिम्मेदाराना तरीके से पाकिस्तान द्वारा भारत को अनेक बार एटमी धमकियां दी गईं हैं। आज श्रीनगर की धरती से मैं पूरी दुनिया के सामने यह सवाल उठाना चाहता हूं कि क्या ऐसे गैर जिम्मेदार और धूर्त राष्ट्र के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं? मैं मानता हूं कि पाकिस्तान के एटमी हथियारों को यानि (अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) की निगरानी में लिया जाना चाहिए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, इस विषम परिस्थिति में, आप सबके बीच आकर, आज मैं, बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं हमारे प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में, 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आपने जो कुछ किया, उसने पूरे देश को गर्व से भर दिया है। मैं अभी भले ही आपका रक्षा मंत्री हूं लेकिन उससे पहले तो भारत का नागरिक हूं। रक्षा मंत्री के साथ-साथ, मैं आज, भारत के नागरिक के रूप में भी आपका आभार प्रकट करने आया हूं।



राजनाथ सिंह ने कहा, मैं आपकी उस ऊर्जा को महसूस करने आया हूं, जिसने दुश्मनों को नेस्तनाबूद कर दिया। आपने जिस तरीके से, सीमा के उस पार पाकिस्तान की चौकियों और बंकरों को ध्वस्त किया, दुश्मन उसे कभी भूल नहीं पायेगा। आमतौर पर लोग जोश में होश खो देते हैं। लेकिन आपने, जोश भी रखा, होश भी रखा और सूझबूझ के साथ दुश्मन के ठिकानों को बर्बाद किया है।

रक्षा मंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा चलाई गई, अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी कार्रवाई है। 35-40 वर्षों से भारत सरहद पार से चलाये जा रही आतंकवाद का सामना कर रहा है। आज भारत ने पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं। पहलगाम में आतंकवादी घटना को अंजाम देकर भारत के माथे पर चोट पहुंचाने का काम किया, भारत की सामाजिक एकता को तोड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने भारत के माथे पर वार किया, हमने उनकी छाती पर घाव दिए हैं। पाकिस्तान के जख्मों का इलाज इसी बात में है कि वह भारत विरोधी और आतंकवादी संगठनों को पनाह देना बंद करे, अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ न होने दे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, रही बात पाकिस्तान की, तो वह देश तो, मांगते-मांगते अपनी जहालत से एक ऐसी हालत में आ गया है, कि उसके बारे में यह भी कहा जा सकता है, कि पाकिस्तान जहां खड़ा होता है, वहीं से मांगने वालों की लाइन शुरू होती है।

**जानकारी**

**दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में चार श्रेणियों में क्रमशः 10,000, 20,000, 30,000 और 50,000 रुपये की सहायता दी गई**

# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने दी विभागीय उपलब्धियों की दी जानकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने गुरुवार को अपने मंत्री आवास 11, एन.डी.एम.आर., विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ पर विभागीय उपलब्धियों के संबंध में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि योगी सरकार ओबीसी एवं दिव्यांगजनों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है। मंत्री कश्यप ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत 2475 करोड़ रुपये से लगभग 30 लाख ओबीसी विद्यार्थियों को लाभ मिला, जो 2023-24 की तुलना में 5 लाख अधिक है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में चार श्रेणियों में क्रमशः 10,000, 20,000, 30,000 और 50,000 रुपये की सहायता दी गई। उन्होंने बताया कि शादी अनुदान योजना के अंतर्गत इस वर्ष 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था करते हुए 1 लाख ओबीसी दम्पत्तियों को 20,000 रुपये की राशि दी गई, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 52,553 थी। शादी अनुदान प्राप्त करने वाले ओबीसी व्यक्तियों की आय सीमा को बीपीएल श्रेणी शहरी व ग्रामीण से बढ़ाकर समान रूप से एक लाख की गयी। कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना में 32.92 करोड़ रुपये से 29,769 प्रशिक्षार्थी लाभान्वित हुए, वहीं छात्रावास अनुरक्षण हेतु पहली बार 2 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई। मंत्री ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में नवाचारों की चर्चा करते हुए बताया कि 2024-25 में विभाग का कुल बजट 2789.71 करोड़ रुपये किया गया, जो पिछले वर्ष से 451.08 करोड़ रुपये अधिक है। प्रचार-प्रसार योजना के लिए वर्ष 2025-26 में एक करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।मंत्री ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की उपलब्धियाँ पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दिव्यांग पेंशन योजना में लाभार्थियों की संख्या 2017 में 8.75 लाख से बढ़कर अब 10.83 लाख हो चुकी है। अब पेंशन राशि आधार आधारित भुगतान प्रणाली से दी जा रही है। कुष्ठावस्था पेंशन को 2500 से बढ़ाकर 3000 रुपये किया गया है और 7421 नए लाभार्थियों को जोड़ा गया है। दिव्यांगजन से विवाह करने पर 15,000 से 35,000 रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे 5893 दंपत्तियों को लाभ हुआ है।



# UPSC में दिशा द्विवेदी अर्जुनगंज निवासी का हुआ चयन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** सरस्वती पुरम सरसवां अर्जुनगंज निवासिनी दिशा द्विवेदी पुत्री डॉड महेंद्र द्विवेदी ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में 672 रैंक हासिल कर मोहल्ले एवं जिले का नाम रोशन किया है । दिशा द्विवेदी की प्रारंभिक शिक्षा गोमती नगर के केंद्रीय विद्यालय में तथा इंटरमीडिएट के बाद की शिक्षा नोएडा से 2020 में बीटेक की डिग्री प्राप्त की तत्पश्चात इस की तैयारी शुरू की और 12 से 14 घंटे कड़ी परिश्रम के साथ सफलता हासिल किया। दिशा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिश्रम के साथ-साथ अपने पुरखों (दादा-दादी एवं नाना-नानी) को दिया है।



मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267